

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 86 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 04 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 102 प्रति घंटा कमाई के दावे पर डिलीवरी पार्टनर्स का पलटवार,

नई दिल्ली. जोमैटो डिलीवरी पार्टनर्स की कमाई को लेकर चल रही बहस ने अब नया मोड़ ले लिया है. कंपनी के फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल के 102 प्रति घंटा औसत कमाई के दावे पर डिलीवरी पार्टनर्स की यूनियन ने सीधा पलटवार किया है. यूनियन का कहना है कि कंपनी ग्रॉस इनकम दिखाकर असली तस्वीर छुपा रही है, जबकि खर्च घटाने के बाद पार्टनर्स की कमाई काफी कम रह जाती है. तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन के मुताबिक 102 प्रति घंटा की जो कमाई बताई जा रही है, वह सिर्फ ग्रॉस फिगर है.

अगर कोई डिलीवरी पार्टनर महीने में करीब 260 घंटे काम करता है और उसमें से फ्यूल और मेंटेनेंस का खर्च निकाला जाए, तो नेट कमाई करीब 81 प्रति घंटा ही बचती है. यूनियन का दावा है कि इस इनकम में न तो सोशल सिक्योरिटी है, न पेड लीव और न ही एक्सीडेंट कवर जैसी बुनियादी सुरक्षा. यूनियन ने टिप्स को लेकर भी सवाल उठाए हैं.

# वाराणसी में आस्था की डुबकी

## सर्द हवाओं और हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार

**समाज जागरण**

पवित्र माघ महीने की शुरूआत शनिवार से हो गई है। पौष पूर्णिमा और माघ मेले की शुरूआत के साथ ही श्रद्धालु भारी संख्या में पवित्र नदियों में स्नान करने पहुंच रहे हैं। कड़कड़ाती सर्दी में भी सुबह से ही वाराणसी और हरिद्वार में श्रद्धालु अपने पितृ पक्ष की शांति के लिए घाटों पर पूजा-पाठ भी कर रहे हैं।

**वाराणसी में सर्दी, कोहरा और हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालु घाटों पर स्नान और पितरों के अनुष्ठान कर रहे हैं**

वाराणसी में आज सुबह से मौसम कई रंग दिखा रहा है। सर्द हवा के साथ कोहरे और हल्की बूंदों की वजह से सर्दी का सितम बढ़ गया है, लेकिन इससे श्रद्धालुओं की आस्था पर कमी देखने को नहीं मिल रही है। 11 डिग्री के तापमान और हल्की बारिश में भी घाटों पर भक्त स्नान कर रहे हैं और अपने पितरों की शांति के लिए विशेष अनुष्ठान भी करा रहे हैं।



***भक्तों की संख्या मौसम खराब होने के बावजूद बनी रही; प्रशासन ने चेंजिंग रूम, अलाव और कैम्प की व्यवस्था कर लोगों की सुविधा सुनिश्चित की***

एक श्रद्धालु ने बताया कि मौसम सुबह से ही खराब है, लेकिन फिर भी भक्तों की संख्या में कमी नहीं है। प्रशासन की तरफ से भी कैम्प लगाए गए हैं और कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम और जगह-जगह अलाव की व्यवस्था भी की गई है।

**पौष पूर्णिमा के पवित्र स्नान में श्रद्धालु गंगा और भोलेनाथ की कृपा हेतु घाटों पर इंतजार कर रहे हैं**

एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि आज पौष पूर्णिमा का पवित्र स्नान है। मान्यता के अनुसार, यह पवित्र स्नान कई वर्षों में एक बार होता है। गंगा में स्नान करने से माता गंगा की कृपा प्राप्त होती है और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद हमारे साथ बना रहता है। स्नान के लिए घाटों पर लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

**हरिद्वार में पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालु उत्साहपूर्वक गंगा स्नान, पूजा और दान कर आस्था प्रकट कर रहे हैं**

हरिद्वार में भी आस्था का सैलाब देखा जा रहा है। सुबह से ही भक्त देश के अलग-अलग राज्यों से गंगा नदी में स्नान करने पहुंच रहे हैं। घाटों पर विशेष पूजा-पाठ और दान-दक्षिणा भी की जा रही है। हरिद्वार का मौसम भी श्रद्धालुओं की आस्था पर भारी नहीं पड़ा है, बल्कि श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ ठंडे पानी में हर-हर महादेव का नाम लेकर डुबकी लगा रहे हैं। पौष पूर्णिमा को आध्यात्म की दृष्टि से शुभ दिन माना जाता है। माना जाता है कि आज के दिन किया गया दान सौ गुना होकर वापस मिलता है।

## प्रयागराज में माघ मेला-2026 का भव्य शुभारंभ, स्नान पर्व में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

प्रयागराज में शुक्रवार को माघ मेला-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। संगम तट की ओर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर लोगों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। पहले ही दिन मेले क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया।

**माघ मेला 3 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, पौष पूर्णिमा स्नान पर्व शांतिपूर्ण रहा, प्रशासन की व्यापक तैयारियां प्रभावी दिखीं**

माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि तक चलेगा। इस दौरान कई प्रमुख स्नान पर्व और धार्मिक आयोजन होंगे। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां की थीं, जिनका असर जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दिया।

**माघ मेले में अभूतपूर्व सुरक्षा, 400 एआई सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और एटीएस सहित बहुस्तरीय तैनाती**

मेले की सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व बताई जा रही है। पूरे मेला क्षेत्र में 400 से अधिक एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके जरिए हर गतिविधि पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से भी भीड़ और यातायात की लगातार निगरानी की जा रही है। जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के गोताखोरों को संगम और आसपास के घाटों पर तैनात किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए एटीएस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की भी तैनाती की गई है। मेला क्षेत्र को कई सेक्टरों में बांटकर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

एसीपी अजय पाल शर्मा ने बताया कि पहले स्नान पर्व पर ड्रोन, एआई-इनेबल्ड कैमरे और सुरक्षा-ट्रैफिक टीमें तैनात हैं, और क्षेत्र की सतत निगरानी जारी है

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा ने बताया कि माघ मेला 2026 के पहले बड़े स्नान पर्व को लेकर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, आज माघ मेला 2026 का पहला बड़ा स्नान पर्व है। इसे देखते हुए इलाके की निगरानी के लिए ड्रोन, एआई-इनेबल्ड कैमरे और एआई-आधारित सिस्टम लगाए गए हैं, जिनके जरिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारी ट्रैफिक और सुरक्षा टीमें जमीन पर मौजूद हैं ताकि सब कुछ सुचारू रूप से चलता रहे।

**पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, भीड़ और आपदा प्रबंधन में तैनात टीमें श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं**

उन्होंने आगे बताया कि सभी पुलिसकर्मियों को एक महीने से अधिक समय तक विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ी तमाम तरह की ट्रेनिंग पहले ही पूरी कर ली गई थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर जगह हमारी टीमें तैनात हैं और सभी श्रद्धालु सुगमता के साथ स्नान कर वापस जा रहे हैं।(इनपुट-आईएएनएस)

# छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई में 14 माओवादी ढेर

**समाज जागरण**

इस साल के सबसे बड़े 'नक्सल विरोधी' ऑपरेशनों में से एक में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर इलाके के सुकमा और बीजापुर जिलों में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 से ज्यादा माओवादियों को मार गिराया।

सुकमा के घने जंगलों में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लंबी, जबरदस्त गोलीबारी हुई, जिसमें 14 माओवादी ढेर हो गए

सुकमा जिले के किस्ताराम इलाके के घने जंगलों में मुख्य मुठभेड़ हुई, जहां सुरक्षाकर्मियों की जॉइंट टीमें इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद दोनों तरफ से कई घंटों तक जबरदस्त गोलीबारी हुई।

**सुकमा-बीजापुर मुठभेड़ में 14 से अधिक माओवादी मारे गए, जिनमें प्रमुख नक्सली कमांडर भी शामिल**

सुकमा और बीजापुर पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ में कई माओवादी मारे गए। शुरूआती रिपोर्ट्स के अनुसार, सुकमा और बीजापुर में मरने वालों की संख्या 14 से ज्यादा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए ज्यादातर माओवादी दरभा वैली कमेटी (डीवीसीएम) कैडर के थे, जो एक प्रमुख माओवादी संगठन है। खास बात यह है कि कोंटा के एडिशनल एसपी आकाश गिरपुंजे की हत्या में कथित तौर पर शामिल नक्सली कमांडर भी मारे गए लोगों में शामिल था, जिससे संगठन को बड़ा झटका लगा है।



**सुकमा मुठभेड़ में बरामद हथियार और विस्फोटक; ऑपरेशन जारी है, और मृतकों की सटीक संख्या सुरक्षा बलों के लौटने के बाद ही पता चलेगी**

मौके से बरामद हथियारों में एक एके-47 और एक इंसास राइफल के साथ-साथ अन्य गोला-बारूद और विस्फोटक शामिल हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है; टीमें इलाके की तलाशी ले रही हैं। मृतकों की सटीक संख्या और पहचान तब होगी जब सुरक्षा बल घने जंगल वाले इलाकों से वापस लौटेंगे। नक्सल विरोधी ऑपरेशन की चल रही और बहुत संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए अधिकारियों ने मुख्य जानकारी, जिसमें गोलीबारी की सही जगह या तैनात सुरक्षा बलों की संख्या शामिल है, का खुलासा न करने का फैसला किया है।

**सुरक्षा कारणों से सुकमा ऑपरेशन की जानकारी सीमित; माओवादी पहचान और नतीजे मिशन समाप्ति के बाद सार्वजनिक होंगे**

पत्रकारों से बात करते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है और अभी भी जारी है। जमीन पर हमारे जवानों की सुरक्षा के लिए, हम इस समय ऑपरेशन की खास जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं।अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मारे गए माओवादियों की पहचान, जब्त हथियारों की जानकारी और नतीजे के बारे में पूरी जानकारी तभी सार्वजनिक की जाएगी, जब मिशन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और इलाके को सुरक्षित घोषित कर दिया जाएगा।

**काउंटर-ऑपरेशंस और विकास से उग्रवाद घटा, प्रभावित जिले कम; मूल कारण अभी भी समाधान के लिए चुनौती बने हैं**

लगातार काउंटर-ऑपरेशंस, आत्मसमर्पण और विकास पहलों के कारण उग्रवाद में काफी कमी आई है। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और झारखंड में प्रभावित जिले घटकर 20 से भी कम हो गए हैं। सरकार का लक्ष्य सुरक्षा कैंप, इंफ्रास्ट्रक्चर और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए 31 मार्च तक वामपंथी उग्रवाद को खत्म करना है। हाल के सालों में कई माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है या उन्हें मार गिराया गया है, जिससे उनका ढांचा कमजोर हुआ है। हालांकि, आदिवासी विस्थापन और असमानता जैसे मूल कारण अभी भी मौजूद हैं, जो लंबे समय के समाधान पर सवाल उठाते हैं।(इनपुट-आईएएनएस)

## मीरपुर में प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के विरोध में ग्रामीणों का विधायक आवास पर हंगामा, सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



लोनी, 3 जनवरीः ब्लॉक क्षेत्र में स्थित गांव मीरपुर में प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को इसके विरोध में आसपास गाँवों के ग्रामीणों ने एक बार फिर उसका कटु विरोध किया। सैकड़ों का ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर के आवास पर पहुँचा। आक्रोशित किसानों ने डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने के विरोध विरोध में वहा जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन विधायक नंदकिशोर गुर्जर को सौंपा।

लोगों ने विधायक के सामने अपनी टीस उजाकर करते हुए कहा कि नगर निगम लोनी नगर पालिका के कूड़े के साथ मीरपुर गांव में डंपिंग ग्राउंड बनाने की योजना चला रहा है। इसका लगातार विरोध करने के बाजूद वह क्षेत्रीय ग्रामीणों की भावनाओं को समझने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। मजबूरी वश आज ग्रामीणों ने वहां जारी निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वह किसी भी कीमत पर गांव में डंपिंग ग्राउंड नहीं बनने देंगे. ग्रामीणों में इस हद तक विरोध था कि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि "मर जाएँगे मगर गांव में डंपिंग ग्राउंड नहीं बनने देंगे। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों यह भी चेतावनी दी है कि यदि डंपिंग ग्राउंड निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई तो वह किसी भी भाजपा नेता को गाँव में घुसने नहीं देंगे।

विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी और परियोजना पर रोक लगाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## अब हिंदू पुलिस अधिकारी को जिंदा जलाया, थाने में कट्टरपंथी ने चीख-चीखकर कबूला गुनाह

ढाकाः बांग्लादेश में हिंदुओं पर अटैक थम नहीं रहे हैं. यूनुस राज में कट्टरपंथियों का सारा डर खत्म हो गया है. कोई कानून, कोई सरकार का खौफ नहीं बचा है. इस देश में चल रहे हिंदुओं के नरसंहार में एक नया नाम जुड़ गया है. इस बार हिंदू पुलिस अधिकारी को जिंदा जलाए जाने की खबर आ रही है. उसकी हत्या की खबर तो किसी ने रिपोर्ट तक नहीं की, ये भयानक खबर तब सामने आई जब हत्यारे ने खुद थाने में पुलिस के सामने पाप कबूल किया. हत्यारे ने पुलिस को बताया कि उसने सब-इंस्पेक्टर संतोष को जलाकर मार दिया था.



2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों में शामिल एक छात्र नेता ने एक हिंदू पुलिस अधिकारी की हत्या का दावा किया है. स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के नेता महदी हसन को एक पुलिस थाने में यह कहते हुए देखा गया कि 'हमने सब-इंस्पेक्टर संतोष को आग लगा दी'.

# भारत भी आसिम मुनीर और उनकी बेगम को उठा ले...पूर्व डीजीपी




**समाज जागरण**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने कमांडोज भेजकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके घर से उठवा लिया, इससे पूरी दुनिया सन्न है. इसी बीच जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य ने कह बैठ कि अमेरिका ने एक नई लकीर खींच दी है. भारत को भी अब संकोच छोड़ना चाहिए और पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर और उनकी बेगम को उठा लेना चाहिए. एसपी वैद ने एक्स पर मादुरो की गिरफ्तारी को एक मिसाल बताते हुए लिखा कि अब भारत के पास भी ऐसा करने का रास्ता खुल गया है. उन्होंने सीधे तौर पर OperationSindoor2 की वकालत की है. एसपी वैद ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'ट्रंप ने भारत के लिए आसिम मुनीर और उनकी पत्नी को निकालने के लिए OperationSindoor2 लॉन्च करने की एक नजीर पेश कर दी है. यह कदम पाकिस्तान के लोगों को उनसे (मुनीर) और उनके उन क्रूर अत्याचारों से बचाएगा, जो बलूचिस्तान, पीओके और खैबर पख्तूनख्वा में देखे जा रहे हैं.' सोशल मीडिया में उनकी इस पोस्ट को जमकर वायरल किया जा रहा है. लोग कह रहे, अच्छा मौका है...

**मादुरो की गिरफ्तारी को नजीर क्यों बताया?**

*डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में जो किया, वह पारंपरिक युद्ध नहीं था. उन्होंने अपनी स्पेशल फोर्सेज भेजीं, राष्ट्रपति भवन या उनके ठिकाने में घुसकर राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया और अमेरिका ले आए. एसपी वैद इसी मॉडल की बात कर रहे हैं. उनका तर्क है कि अगर अमेरिका बिना युद्ध की घोषणा किए किसी देश के प्रमुख को गिरफ्तार कर सकता है, तो भारत क्यों नहीं? पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के सबूत जगजाहिर हैं. संप्रभुता का बहाना अब नहीं चलेगा, क्योंकि अमेरिका ने दिखा दिया है कि अपराधियों के लिए कोई सीमा नहीं होती.*

## प्रियंका गांधी वाड्रा असम कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्लीः कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को तेज करते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को असम कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी ने चुनावी राज्यों के लिए स्क्रीनिंग कमेटियों की घोषणा की है, जिससे उम्मीदवार चयन प्रक्रिया को अधिक संगठित और पारदर्शी बनाया जा सके। स्क्रीनिंग कमेटी का मुख्य दायित्व संभावित उम्मीदवारों के नामों की समीक्षा करना, उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि, संगठन में योगदान, जनसंपर्क और चुनाव जीतने की क्षमता का आकलन करना होता है।

# लव जिहाद रोकने की शुरुआत घर-परिवार से करें, भोपाल में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

भोपाल. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि लव जिहाद जैसी घटनाओं की रोकथाम के प्रयास सबसे पहले घर और परिवार से शुरू होने चाहिए. किसी भी समाज की मजबूती का आधार परिवार होता है और यदि परिवार में संवाद कमजोर होगा, तो बाहरी प्रभाव बच्चों को आसानी से प्रभावित कर सकते हैं. उन्होंने राजधानी में आयोजित स्त्री शक्ति संवाद और सामाजिक सद्भाव बैठक में लव जिहाद, सामाजिक एकता और हिंदू समाज की संरचना को लेकर व्यापक विचार रखे. भागवत ने स्पष्ट किया कि समाज को केवल कानून से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और सद्भावना से जोड़ा जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं हमारी संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी हैं. उनके अनुसार समाज का चरित्र महिलाओं के संस्कारों और सुरक्षा से तय होता है, इसलिए परिवार की भूमिका सबसे अहम है.




संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. भागवत ने हिंदू समाज की विविधता और एकता को एक साथ समझाने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था हिंदू समाज के भीतर है और जब तक समाज संगठित है, तब तक उसकी पहचान बनी रहती है. उन्होंने शरीर के अंगों का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे हर अंग अपना कार्य करता है, वैसे ही समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना चाहिए. कमजोर को मजबूत बनाना ही समाज का स्वभाव है. उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो विविधताओं के बावजूद एकता को स्वीकार करता है. यह विचार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है, जिसे आज के समय में समझना जरूरी है.

# दिल्ली हवाई अड्डे की घटना से आगे

## बढ़ता यात्री असंतोष और भारत की विमानन प्रणाली पर दबाव

भारत का विमानन क्षेत्र पहले से कहीं अधिक लोगों को यात्रा करा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है. दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के ड्यूटी से बाहर पायलट द्वारा एक यात्री पर कथित हमले की घटना को किसी व्यक्ति के खराब आचरण का एक अलग मामला मानकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इसे विमानन



प्रणाली में बढ़ते परिचालन और मानव पर दबाव के संकेत के रूप में देखना बेहतर होगा। वर्ष 2021 से पिछले साल अक्टूबर तक, 36,500 से अधिक यात्री शिकायतें दर्ज की गईं। हालांकि कर्मचारियों के व्यवहार से जुड़ी घटनाएं बहुत कम हैं, लेकिन वे अक्सर उड़ान में व्यवधान, देरी या रद्द होने और कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने जैसी स्थितियों में सामने आती हैं। भारत का विमानन क्षेत्र पहले से कहीं अधिक लोगों को यात्रा करा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

नागर विमानन महानिदेशालय के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि ट्रैफिक की तुलना में यात्रियों की शिकायतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, यहां तक कि उन महीनों में भी जब यात्रियों की संख्या कम होती है, ऐसी शिकायतें आती हैं। उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2025 में यात्री शिकायत दर प्रति 10,000 पर 1.1 थी, जबकि मई में यह 0.68 थी। इससे पता चलता है कि असंतोष अब केवल भीड़ या चरम मांग का परिणाम नहीं है। बल्कि, यह बताता है कि व्यवधान होने पर उसका प्रबंधन कैसे किया जाता है।

उड़ान में व्यवधान, धन वापसी और सामान को लेकर ही ज्यादातर शिकायतें होती हैं। मौसमी दबाव से इस प्रणाली की कमियां सबसे स्पष्ट रूप उजागर हो जाती हैं। मॉनसून और सर्दियों के महीनों में खराब मौसम के कारण उड़ानें रद्द होने की संख्या बढ़ जाती है, लेकिन आमतौर पर आकस्मिक देरी या पहले हुए व्यवधानों के कारण आगे होने वाली देरी से ही यात्रियों को गुजरना पड़ता है।

औपचारिक रूप से तो 'कर्मचारी व्यवहार' के रूप में वगीर्कृत शिकायतें कुल शिकायतों का एक छोटा हिस्सा हैं, लेकिन व्यवधान के समय में अक्सर ये बढ़ जाती हैं। पायलट, केबिन क्रू और ग्राउंड स्टाफ सहित फ्रंटलाइन स्टाफ पर समय का अत्यधिक दबाव होता है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और उनके पास सीमित आजादी होती है। वे अक्सर प्रणालीगत विफलता और यात्रियों के गुस्से के बीच अंतिम कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। हाल के वर्षों में अधिकांश श्रेणियों में एयरलाइन रोजगार में वृद्धि के बावजूद यह तनाव बढ़ा है। हालांकि, कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अर्थ यह नहीं है कि काम आसान हो गया है।

यात्रियों की अधिक संख्या, सख्त कार्यक्रम और उत्पादकता की मांग का मतलब है कि अधिक लोगों को एक ऐसी प्रणाली से गुजरना पड़ रहा है, जिससे गड़बड़ी होने पर सुधार की गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। हाल के नियामकीय परिवर्तन भी इस विरोधाभास को रेखांकित करते हैं। फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस (एफडीटीएल) के नए नियमों में पायलटों और केबिन क्रू के लिए अधिक उदार ड्यूटी रोस्टर और विश्राम अवधि अनिवार्य हैं।

सुरक्षा में सुधार और थकान को कम करने के लिए डिजाइन किए गए ये नियम आवश्यक और लंबे समय से प्रतीक्षित हैं। लेकिन इनके लागू होने से पहले ही यह उजागर हो गया है कि एयरलाइन संचालन कितना नाजुक हो गया है। उड़ानों को रद्द करना पड़ रहा है क्योंकि एयरलाइंस शेड्यूल और क्रू की उपलब्धता को समायोजित कर रही हैं। यह इस बात की याद दिलाता है कि निवेश और योजना के बिना सुरक्षा, विश्वसनीयता और क्षमता को एक साथ अधिकतम स्तर तक नहीं बढ़ाया जा सकता।

इसके अलावा, उड़ान रद्द होने, उसमें देरी होने और बोर्डिंग न हो पाने की स्थिति में एयरलाइंस को यात्रियों को सुविधाएं और हजार्ना देना होता है, जिसमें काफी लागत आती है। उदाहरण के लिए, अकेले अक्टूबर में ही सभी घरेलू एयरलाइंस ने मिलकर सुविधा व हजार्ने पर लगभग 2.51 करोड़ रुपये खर्च किए।

शिकायतों के लगभग पूर्ण निपटान की दर केवल एक पहलू को ही बताती है। शिकायत के निपटान का मतलब यह नहीं है कि उसके कारणों को ठीक कर दिया गया है। हजार्ना तात्कालिक आक्रोश को शांत करता है, लेकिन इससे व्यवस्थागत कमजोरियों को दूर करने में कुछ खास मदद नहीं मिलती। जैसे-जैसे भारत का विमानन बाजार बढ़ता जा रहा है, एयरलाइंस को अनुभव प्रबंधन पर भी ध्यान देना चाहिए। इसका मतलब है सेवा की गुणवत्ता, काम करने की स्थिति और मजबूत परिचालन क्षमता को मूलभूत आधारभूत संरचना के रूप में मानना।

**@ राकेश अचल**

# भारत में भौगोलिक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत सामरिक आर्थिक विकास की ओर अग्रसर।

भारत विश्व के उन विशिष्ट राष्ट्रों में है जहाँ भौगोलिक विविधता एक ओर गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है तो दूसरी ओर वही विविधता उसकी सामरिक और आर्थिक शक्ति का आधार भी बनती है, उत्तर में हिमालय की दुर्गम और हिमाच्छादित पर्वतमालाएँ प्राकृतिक सुरक्षा कवच प्रदान करती हैं परंतु साथ ही सीमावर्ती अवसंरचना, परिवहन और संचार के लिए कठिनाइयाँ उत्पन्न करती हैं, दक्षिण में फैला विशाल हिंद महासागर भारत को एक प्रमुख समुद्री शक्ति बनाता है लेकिन समुद्री सुरक्षा, तटीय आपदाएँ और अंतरराष्ट्रीय नौवहन की जिम्मेदारियाँ भी बढ़ाता है, पश्चिम का थार मरुस्थल जल संकट, सीमित कृषि और जीवन की कठोर परिस्थितियों की चुनौती देता है तो पूर्व का गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान अत्यधिक जनसंख्या घनत्व, बाढ़ और भूमि क्षरण जैसी समस्याओं से जूझता है, इसके बावजूद भारत ने इन भौगोलिक विषमताओं को रणनीतिक अवसरों में परिवर्तित करते हुए निरंतर प्रगति की है, लगभग 7516 किलोमीटर लंबी तटरेखा ने भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में निर्णायक भूमिका दी है जहाँ वैश्विक व्यापार का बड़ा भाग संचालित होता है और भारतीय नौसेना ने अरब सागर, बंगाल की खाड़ी तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है, हिमालयी क्षेत्रों में अटल सुरंग, सीमावर्ती सड़कों और ऑल-वेदर परियोजनाओं ने सामरिक गतिशीलता के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी गति दी है, भौगोलिक स्थिति के कारण भारत मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका को जोड़ने वाला स्वाभाविक सेतु बनता है और इसी



कारण अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा तथा भारत-मध्य पूर्वझ्यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी पहलें भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका को सुदृढ़ करती हैं, आर्थिक दृष्टि से भारत की यात्रा आसान नहीं रही है क्योंकि विशाल जनसंख्या, गरीबी, बेरोजगारी, क्षेत्रीय असमानता, अविकसित अवसंरचना, ऊर्जा सुरक्षा, आयात पर निर्भरता और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ लंबे समय तक विकास में बाधक रहीं, स्वतंत्रता के बाद के दशकों में सीमित संसाधन और धीमी औद्योगिक गति भारत की आर्थिक क्षमताओं को सीमित करती थी, परंतु समय के साथ नीतिगत सुधारों, उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी, कृषि पर निर्भर अर्थव्यवस्था ने सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों की ओर विस्तार किया, खनिज संसाधनों की उपलब्धता ने इस्पात, ऊर्जा और निर्माण उद्योग को आधार दिया तो उपजाऊ मैदानों और विविध जलवायु ने भारत को विश्व के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देशों में स्थापित किया, आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की, सड़क, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार ने आंतरिक बाजार को सुदृढ़ किया और निवेश को आकर्षित किया, जनसंख्या का आकार लंबे समय तक दबाव माना गया लेकिन युवा जनसंख्या ने श्रम शक्ति, उपभोक्ता बाजार और नवाचार की क्षमता को बढ़ाया, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, महामारी, आपूर्ति श्रृंखला बाधाएँ और भू-राजनीतिक तनाव भी भारत के लिए बड़ी परीक्षा रहे हैं, फिर भी भारत ने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन जैसी नीतियों के माध्यम से औद्योगिक आत्मविश्वास को मजबूत किया, इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक संपन्न शक्ति के रूप में उभर रहा है, यह उपलब्धि केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, सुधार और अनुकूलन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है, विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना इस बात का संकेत है कि भारत ने अपनी भौगोलिक विविधता और आर्थिक चुनौतियों के बीच संतुलन साध लिया है, सामरिक दृष्टि से पर्वतीय सीमाएँ, रेगिस्तानी क्षेत्र और समुद्री विस्तार तीनों ही अलग-अलग सैन्य रणनीतियों की मांग करते हैं और भारतीय सशस्त्र बलों ने इन परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण, तकनीक और तैनाती विकसित की है, सियाचिन जैसे अत्यधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में भारतीय सेना की उपस्थिति और हिंद महासागर में ब्लू वॉटर नेवी की अवधारणा भारत को एक संतुलित और जिम्मेदार शक्ति बनाती है, साथ ही आपदा प्रबंधन, उपग्रह आधारित चेतावनी प्रणाली और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया है, समग्र रूप से देखा जाए तो भारत की भौगोलिक विविधता उसके लिए चुनौती भी है और शक्ति भी, आर्थिक कठिनाइयों और संरचनात्मक समस्याओं के बावजूद भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना इस बात का प्रमाण है कि दूरदर्शी नीति, लोकतांत्रिक संस्थाएँ, मानव संसाधन और सामूहिक प्रयास किसी भी राष्ट्र को वैश्विक मंच पर सशक्त बना सकते हैं, भारत की यह यात्रा दर्शाती है कि विविधता यदि समावेशी सोच और सुदृढ़ रणनीति से जुड़ जाए तो वह बाधा नहीं बल्कि उन्नति का स्थायी आधार बन जाती है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# अमेरिका, वेनेजुएला और हम

अमेरिका ने अपनी ताकत दिखाई है। 'ऑपरेशन सदर्न स्पियर' के तहत एक जोरदार बड़े हमले में, अमेरिकी सेना ने कराकास पर धावा बोला, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया और उन्हें वहाँ से ले उड़े।

दुनिया को शायद यह पसंद न आए, लेकिन यह एक कड़वी सच्चाई को साबित करता है। आज के युग में, बिना परमाणु हथियारों के कोई वास्तविक सैन्य प्रतिरोध नहीं होता। वेनेजुएला इसलिए ढह गया क्योंकि कमजोरी, विदेशी आक्रमण और संप्रभुता के उल्लंघन को न्योता देती है।

जून 2025 में 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' में अमेरिकी बी-2 लड़ाकू विमानों ने ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु संयंत्रों को पूरी तरह तबाह कर दिया था।



तेहरान ने गुस्सा तो बहुत दिखाया, लेकिन जवाबी कार्रवाई मामूली रही।

**भारत इस बात को बखूबी समझता है।**
साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद, हमने पाकिस्तान के भीतर घुसकर जैश-ए-मोहम्मद पर हमला किया और एक साफ संदेश दिया: अगर हमें छेड़ोगे, तो भारी कीमत चुकानी होगी। परमाणु हथियारों ने पूर्ण युद्ध को तो रोका, लेकिन हमने फिर भी प्रहार किया।

इसके बाद मई 2025 का 'ऑपरेशन सिंदूर' देखिए: जब पाकिस्तान समर्थित जिहादियों ने पहलगाम में 26 मासूम हिंदू पर्यटकों की उनकी आस्था के कारण हत्या कर दी, तो भारत ने सटीक मिसाइल हमले शुरू किए और पीओके और पाकिस्तान में स्थित नौ आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद कर दिया। यह सधी हुई आक्रामकता थी। न गिड़गिड़ाना, न घबराना और न बड़ा युद्ध। यह भी संभव हुआ था हमारे परमाणु कवच की वजह से।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का बुनियादी नियम यही है।**

परमाणु हथियार किसी देश के अस्तित्व पर खतरा नहीं आने देते। जिनके पास परमाणु हथियार नहीं होते, वहाँ रातों-रात सत्ता पलट दी जाती है या वे जमीन गँवा देते हैं।

**यूक्रेन का उदाहरण ही ले लीजिए।**
विश्लेषक मानते हैं कि 1990 के दशक में यूक्रेन ने बुडापेस्ट समझौते में अपने परमाणु हथियार छोड़कर सबसे बड़ी गलती की थी। पश्चिमी ताकतों के कागजी वादों के बदले अपनी सुरक्षा दाँव पर लगाने का नतीजा पहले क्रीमिया खोने और फिर 2022 में पूर्ण युद्ध के रूप में सामने आया। यह गलती हमें कभी नहीं करनी है।

हमें धरती, जल, और आकाश में अपने परमाणु ट्रायड के आधुनिकीकरण में तेजी लानी है, उसे और मजबूत बनाना है। पाकिस्तान की 'आतंक फैक्ट्री' और चीन की 'सलामी-स्लाइसिंग' रणनीति के खिलाफ केवल अजेय सैन्य शक्ति ही शांति सुनिश्चित कर सकती है।

साफ बात है: या तो मजबूत परमाणु प्रतिरोध बनाकर कर रखो, या संप्रभुता खोने के लिए तैयार रहो।

## अमूल्य हैं स्त्री धन...!

स्त्री को चल संपत्ति के रूप में
जाने लगा है आँका,
विवाह आर्थिक सौदेबाजी का
माध्यम बना खाका।
ससुराल पक्ष ने केवल सुख-
सुविधा को ही तलाशा,
एक रंगीन टीवी, मोटरसाइकिल
नगद मूल्य आशा।
उपहारों और सामाजिक अपेक्षाओं
की लेते हैं आड़,
विधिक परिभाषाओं से फिसल रहीं
बनें 'तिल-ताड़'।
यह मात्र आपराधिक घटनाएँ नहीं,
हिंसा का द्योतक,
भारतीय समाज की 'पितृसत्तात्मक'
संरचना घातक।
विवाह को उपभोक्तावाद ने नैतिक
दिशाहीन में ढेला,
स्त्री देह,श्रम व उत्तराधिकार पे न
हो वर्चस्व का मेला।
विवाह में स्त्री की समानता के भाव
को चिन्हित करों,
स्त्री धन अमूल्य हैं-माँ, बहन, बेटी
सम्मान ध्यान धरों।
(संदर्भ-सुप्रीम कोर्ट की नवविवाहिता की मृत्यु पर टिप्पणी)

**संजय एम तराणेकर**

# *गोपालदास 'नीरज' : गीतों में धड़कता जीवन, शब्दों में बहता समय*

## *आधुनिक हिंदी गीत-कविता के अमर हस्ताक्षर*

हिंदी साहित्य और गीत-कविता की दुनिया में गोपालदास 'नीरज' का नाम केवल एक कवि का नहीं, बल्कि एक पूरे युग की संवेदना का प्रतिनिधि है। उन्होंने कविता को मंच से जन-जन तक पहुँचाया, गीत को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का माध्यम बनाया। नीरज की रचनाएँ प्रेम, करुणा, विद्रोह, आशा और मानवीय गरिमा–इन सबका ऐसा समन्वय हैं, जो समय की सीमाओं से परे जाकर आज भी उतनी ही प्रासंगिक प्रतीत होती हैं।

गोपालदास 'नीरज' का जन्म 4 जनवरी 1925 को उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में हुआ। बचपन से ही जीवन की कठिनाइयों ने उन्हें परिपक्व बना दिया। सीमित संसाधनों और पारिवारिक संघर्षों के बीच शिक्षा ग्रहण करते हुए उन्होंने साहित्य को अपना सहचर बनाया। यही संघर्ष आगे चलकर उनकी कविता की आत्मा बना–जहाँ दर्द शिकायत नहीं, बल्कि संवेदना में बदल जाता है।नीरज ने औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ आत्मानुशासन और व्यापक अध्ययन से अपने व्यक्तित्व को निखारा। वे कुछ समय तक अध्यापन से भी जुड़े रहे, परंतु मंचीय काव्य-पाठ और रचनात्मक स्वतंत्रता ने उन्हें पूर्णतः साहित्य की ओर खींच लिया।

नीरज की सबसे बड़ी विशेषता उनकी भाषा की सहजता है। वे कठिन बिंबों या दुरूह प्रतीकों के सहारे नहीं चलते; उनकी कविता सीधे हृदय से संवाद करती है। यही कारण है कि उनकी पंक्तियाँ आम पाठक को भी अपनी लगती हैं और विद्वानों को भी आकर्षित करती हैं।
उनके गीतों में–
प्रेम भावुकता नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी बनकर आता है।
पीड़ा विलाप नहीं, बल्कि सृजनात्मक ऊर्जा में ढलती है।
जीवन निराशा नहीं, बल्कि संभावनाओं का उत्सव बनता है।नीरज की कविताओं में एक शांत विद्रोह है–जो व्यवस्था से टकराता नहीं, बल्कि उसे आईना दिखाता है।

गीत-कविता और फि ल्मी संसार है। गोपालदास ह्यनीरजह्न को व्यापक लोकप्रियता फि ल्मी गीतों के माध्यम से मिली। हिंदी सिनेमा को उन्होंने ऐसे गीत दिए, जो कथानक से आगे बढ़कर जनमानस में बस गए।

उनके लिखे गीतों में काव्यात्मक गरिमा बनी रही–भले ही माध्यम सिनेमा रहा हो। यही संतुलन उन्हें विशिष्ट बनाता है। नीरज के गीतों ने यह साबित किया कि लोकप्रियता और साहित्यिक गुणवत्ता परस्पर विरोधी नहीं हैं।

नीरज मंच के कवि थे–परंतु शोर के नहीं, संवेदना के।




उनका पाठ संयमित, आत्मीय और प्रभावशाली होता था। वे श्रोताओं को उत्तेजित नहीं करते, बल्कि भीतर तक उतार देते। उनकी आवाज में ठहराव और शब्दों में आत्मविश्वास–दोनों मिलकर कविता को अनुभव में बदल देते थे।
सम्मान और मान्यता
साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान को व्यापक सम्मान मिला। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया। किंतु नीरज की वास्तविक उपलब्धि पुरस्कारों से अधिक वह प्रेम है, जो उन्हें पाठकों और श्रोताओं से मिला।

नीरज की कविता किसी एक विचारधारा में बंधी नहीं रही। वे मानवतावादी थे। उनके लिए मनुष्य, उसकी पीड़ा और उसकी आशा–सबसे ऊपर थे। वे कहते थे कि कविता का उद्देश्य मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाना है। यही दर्शन उनकी रचनाओं में बार-बार उभरता है।

19 जुलाई 2018 को गोपालदास ह्यनीरजह्न का निधन हुआ, परंतु उनके शब्द आज भी जीवित हैं। वे हर उस व्यक्ति के साथ हैं, जिसने प्रेम किया है, टूटा है, फिर भी उम्मीद नहीं छोड़ी। नीरज की कविताएँ समय के साथ पुरानी नहीं होतीं–वे समय को अपने भीतर समेट लेती हैं।

गोपालदास 'नीरज' हिंदी साहित्य के उन दुर्लभ कवियों में हैं, जिन्होंने कविता को जीवन से जोड़ा और जीवन को कविता में ढाला। उनकी रचनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि शब्द केवल कहने के लिए नहीं होते–वे संभालने, समझने और संवारने के लिए भी होते हैं।
नीरज का काव्य आज भी हमें यही सिखाता है–कि जीवन चाहे जितना कठिन हो, गीत की एक पंक्ति उसे सहने योग्य बना सकती है।

**वरुण कुमार**
**कवि और लेखक**
**तुलसी भवन बिष्टुपुर**

# न्याय की आग: तस्वीर जली तो दहक गई, किताब जली तो ठंडी रही

जब भीम की तस्वीर जली, तो कानून ने तुरंत माचिस सूंघ ली।
धुआँ उठा, सायरन बजे, धाराएँ लगीं और जेल के दरवाजे खुल गए।
न्याय ने साबित कर दिया कि वह अब भी चौकन्ना है–कम से कम तब, जब मामला साफ दिखाई देता हो।
लेकिन सवाल यह है कि

जब मनुस्मृति जली,
तो क्या आग ठंडी थी?
या फिर कानून की आँखों पर बंधी पट्टी अचानक मोटी हो गई?

यहाँ तस्वीर जलाना अपराध बन गया,
वहाँ किताब जलाना "विचार" कहलाया।
यहाँ भावनाएँ आहत हुईं,
वहाँ इतिहास का हवाला दे दिया गया।
कानून की किताब में सब बराबर लिखे हैं,
लेकिन व्यवहार में लगता है–
कुछ अपराध तुरंत दिख जाते हैं,
और कुछ बहस के धुएँ में खो जाते हैं।

न्याय की तराजू भी अजीब है–
एक पल में भारी हो जाती है,
दूसरे पल में संतुलन साधने लगती है।
कहीं सजा उदाहरण बन जाती है,
तो कहीं चुप्पी ही फैसला बन जाती है।

यह व्यंग्य किसी अपराध का बचाव नहीं करता,
सिर्फ.एक सवाल रखता है–
अगर कानून सच में अंधा है,
तो उसे यह भी नहीं दिखना चाहिए
कि किसकी तस्वीर जली
और किसकी किताब।

क्योंकि
**न्याय का सम्मान डर से नहीं,**
**समानता से होता है।**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सरकारी विभाग और वहां की भ्रष्टाचारी गतिविधियां

**समाज जागरण**

लोनी 3 जनवरीः सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने के समय-समय पर दावे किए जाते रहे हैं. इसके अंतर्गत देश के चारों स्तंभों से जुड़े, राष्ट्रहित की मानसिकता वाले कुछ लोग रिश्वतखोरी पर लगाम लगाने के पक्षधर भी है. मगर उनकी गिनती शून्य के समान हैं. नतीजन सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा हैं. इसका मुख्य कारण सख्त कानून का अभाव कहां जाएगा। भ्रष्टाचार के इसी मुद्दे को लेकर जब इस प्रतिनिधि ने कुछ बुद्धिजीवी संभ्रांत नागरिकों से बातचीत की तो उनका मत कुछ इस प्रकार थाः-







समाजसेवी पवन सैन का कहना है कि अगर सरकार सख्त कानून व्यवस्था अपनाये, तो रिश्वतखोरी पर नकेल लगाई जा सकती है। कानून कठोर होने से सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों में भय उत्पन्न होगा और वह रिश्वत लेने के ऐसे कृत्य से दूर रहेंगे। इसके अलावा रिश्वत देने वाले के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्पष्ट कहना है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी भी विभाग का क्यों ना हो, यदि रिश्वत लेते पकड़ा जाता है, उसे तुरंत बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कहीं ना कहीं आए दिन सरकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार के मामले में पकड़े जा रहे हैं, लेकिन कड़ी कानून व्यवस्था के अभाव में वह बच जाते हैं और इस तरह भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। दरअसल आमतौर पर रिश्वत लेने वाले कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया जाता है और फिर कुछ समय बाद उसकी पुनर्नियुक्ति हो जाती है। यही कारण है कि भ्रष्टाचारी सोच के ऐसे कर्मचाररियो में कोई डर भय नहीं हैं। यदि रिश्वत लेने पर सीधे बर्खास्तगी का कानून बन जाए तो सरकारी कर्मचारियों की भ्रष्टाचारी मानसिकता पर अंकुश लगेगा, क्योंकि उनमें नौकरी चले जाने का भय रहेगा।




अपनी ईमानदार छवि के धनी पार्षद अंकुश जैन ने कहा कि इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि आज के समय हर नागरिक किसी भी क्षेत्र में यही चाहता है उनका काम तुरंत हो, इसके लिए वह रिश्वत का सहारा लेता है. नतीजन भ्रष्टाचार का यह कारोबार खूब फल-फूल रहा है। जबतक हमारी यह सोच नहीं बदलेगी कि अपने किसी भी काम के लिए रिश्वत नहीं देनी (उसकी कोई जरूरत नहीं) है, तबतक इस हानिकारक परंपरा को रोक पाना असंभव है।




उपरोक्त के अलावा अन्य पहलू पर गौर करें तो कुछ कानूनी चुनौतियां भी है. लगातार प्रयास के बावजूद भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई में कानूनी और औपचारिक अड़चन आड़े आ जाती हैं। जिसमें सबूतों की कमी, भ्रष्टाचार विरोधी कानूनी नियमों की अपर्याप्तता, आमजन में जागरूकता की कमी, समाजिक मानसिकता, अधिकारों का दुरुपयोग, प्रक्रियाओं का जटिल होने आदि के अलावा इस रिश्वतखोरी कोढ़ जैसी बीमारी का इलाज न होने का सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचारी गतिविधियों को सामान्य मानना शामिल है। मेरा अपना मत है कि यदि देश की कुल आबादी के 50 प्रतिशत नागरिकों ने भी इस भ्रष्टाचार रूपी दानव के विरुद्ध संगठित सोच बना ली तो इस पर काबू पाने में अधिक समय नहीं लगेगा।

## मिशन शक्ति-5 के तहत महिला सुरक्षा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

नोएडाः MissionShakti5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने सार्वजनिक स्थानों एवं बस स्टैंडों पर महिलाओं और बालिकाओं से सीधे संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दी।

महिला सुरक्षा टीम ने #Women-Empowerment को केंद्र में रखते हुए महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की जानकारी दी और उनसे बचाव के उपाय बताए। इस दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया गया और भरोसा दिलाया गया कि पुलिस और प्रशासन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है। अभियान में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। टीम ने बताया कि किस प्रकार अनजान लिंक, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया फ्रॉड से सावधान रहकर स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि शामिल हैं।

# जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण**

लोनी, 3 दिसंबरः ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक जिला बदर अभियुक्त राशिद पुत्र सुलेमान, निवासी खुशहाल पार्क को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय की अभियुक्त राशिद को मा० अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेश अनुसार मुकदमा संख्या 273/2025, धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत दिनांक 13 नवम्बर 2025 से 06 माह के लिए जिला बदर किया गया था। आदेशों का उल्लंघन करने पर उसके विरुद्ध थाना ट्रोनिका सिटी में धारा 10 उ.प्र. गुण्डा अधिनियम के तहत नया मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस के मुताबिक उसके विरुद्ध आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस पुस्तक के दौरान पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि जिला बदर होने के बावजूद वह अपने परिजनों से मिलने के उद्देश्य से छिपकर ट्रोनिका सिटी पहुंचा था, मगर इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार राशिद पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। ट्रोनिका सिटी थाने के अतिरिक्त उसके खिलाफ चोरी का सामान बरामद होने, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने, अंकुर विहार व शालीमार गार्डन थानों में चोरी एवं स्नैचिंग से जुड़े कुल 5 मुकदमे पंजीकृत हैं. जबकि अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के प्रयास जारी है।

# टीएमयू नर्सिंग कॉलेजेज की उंची छलांग, बेटियां करेंगी मैक्स ज्वॉइन

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के नर्सिंग कॉलेजेज की एएनएम छात्राओं के लिए नया साल खुशियों का पैगाम लेकर आया है। टीएमयू के टीएमसीओएन और टीपीसीओएन की 19 छात्राएं मैक्स हैल्थकेयर में बतौर होम केयर नर्स कार्यभार संभालेंगी। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी कहती हैं, यह उपलब्धि हमारी गुणवत्तापूर्ण, करियर-केंद्रित शिक्षा के संग-संग सघन व्यावहारिक प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यूपी की




इन छात्राओं को जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। ये छात्राएं जनवरी के अंत तक कार्यभार संभालेंगी। चयनित इन छात्राओं में गुंजन, पिंकी, मानसी प्रिया, रश्मि सागर, गरिमा गिरी, साक्षी, अंशु शर्मा, प्रीति, सुनीता शर्मा, स्वाति, रीशु, पूनम, काजल चौहान, बबीता कश्यप, सोना, दीक्षा, मनीषा, कुमारी काजल, रौनक आदि शामिल हैं। मैक्स हैल्थकेयर की ओर से इस ड्राइव में नर्सिंग कॉलेजेज के प्लेसमेंट कोर्डिनेटर्स और टीएमयू सीआरसी की संयुक्त मेहनत रंग लाई है। मैक्स हैल्थकेयर, साकेत की ओर से ऑफिसर्स- श्रीमती अंकिता सैमुअल, श्री अतुल चौहान, श्री अनुराग शुक्ला की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने जताया भाजपा पर विश्वास

**समाज जागरण**

लोनी, 3 जनवरीः लोनी नगरपालिका के वार्ड 24 में शनिवार को भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंवर डॉ. सौलत पाशा ने की। इस दौरान समाज के सैकड़ों कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करी। इस मौके पर कमरुद्दीन अंसारी को बलराम नगर मंडल मंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा के रूप में नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ, सबका विकास" संकल्प के साथ बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यक समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समाज भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा और पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा कार्यक्रम के इस मौके पर बलराम नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल प्रधान, गयासुद्दीन, डॉ. मुजीब, नसीम प्रधान, उस्मान खान, हामिद खान व वकील खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दालमंडी सड़क चौड़ीकरण व भूमि अधिग्रहण के कार्यों में लाएं तेजीः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में कानून व्यवस्था और विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**सीवरेज-पेयजल के लिए नगर निगम तथा जलनिगम कार्यप्रणाली में करें उचित सुधारः मुख्यमंत्री**

**सड़कों पर अनावश्यक जाम रोकें, वेडिंग जोन बनाकर रिक्शे तथा ठेले को करें व्यवस्थितः सीएम योगी**

**काशी की वैश्विक छवि को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहें सभी विभाग**

**अवैध कब्जे करने वाले माफिया, पेशेवर गुंडे, चेन स्नेचरों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाईः सीएम**

वाराणसी, 3 जनवरीः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को काशी पहुंचे। उन्होंने यहाँ सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दालमंडी सड़क चौड़ीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्रता से किए जाने और सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे संबंधित न्यायालयों में लंबित मामलों की उचित पैरवी कर शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

### नाविकों से संवाद पर भी रहा सीएम का जोर

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ बचाव से सम्बन्धित कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनके सुझावों को भी प्रस्तावों में शामिल करें। मुख्यमंत्री ने वरुणा नदी पुनरोद्धार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नाविकों से लगातार संवाद बढ़ाये जाने पर जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाट श्रद्धालुओं के लिए है, वहां किसी भी तरह का धरना प्रदर्शन तथा अराजकता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी हर कार्य की मॉनिटरिंग करें तथा किसी भी स्तर पर यदि बाधा होती है तो उसका अविलंब निस्तारण कराएं, ताकि अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सीवरेज तथा पेयजल हेतु नगर निगम तथा जलनिगम अपनी कार्यप्रणाली पर गंभीरता से नजर रखें और सुनिश्चित करें कि नागरिकों को हर हाल में शुद्ध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित हो। सड़कों पर अनावश्यक जाम रोकने हेतु वेडिंग जोन बनाकर रिक्शे तथा ठेले को व्यवस्थित करें तथा उपयुक्त स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाकर अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड को वहां व्यवस्थित करें।

### रैनबसेरों में हो कंबल समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत पर्याप्त रैन बसेरे संचालित हों। वहां पर्याप्त मात्रा में कंबल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। उन्होंने नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण को नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कराए जाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम तथा अन्य कार्यदायी संस्थाएं अपनी विकास परियोजनाओं को जनप्रतिनिधियों से भी अवलोकित कराएं। माघ मेले को लेकर विशेष तैयारियों समेत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। राजस्व वादों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो। पुलिस, होमगाड्र्स समेत अन्य बलों को अपनी कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटकों एवं आमजन के प्रति उनका व्यवहार सहयोगी हो। जनपद में हुक्का बार समेत अन्य अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए। सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। मॉल के पार्किंग क्षेत्र का उपयोग पार्किंग हेतु होना सुनिश्चित हो।

### साइबर थाना व हेल्पडेस्क को करें सक्रिय

मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर थाना तथा हेल्पडेस्क को सक्रिय करें, जिससे साइबर अपराधों पर अंकुश लगे।थानावार अवैध कब्जे करने वाले माफिया, पेशेवर गुंडे, चेन स्नेचरों को पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। माघ मेले तथा आगामी पर्वो को देखते हुए समुचित तैयारी रखें। सभी विभाग काशी की वैश्विक छवि को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहें।

डीएम ने विकास व पुलिस आयुक्त ने कानून व्यवस्था कि दी जानकारी जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद में निमार्णाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी रखी। उन्होंने बताया कि 2014 से 2025 तक 35155 करोड़ के कुल 486 प्रोजेक्ट्स पूरे किए गए हैं। वर्तमान में 17915 करोड़ के कुल 128 प्रोजेक्ट्स गतिमान हैं, जिसमें सड़क व पुल के 24 प्रोजेक्ट्स 5812 करोड़ शामिल हैं। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था, गौतस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध समेत यातायात व्यवस्था की जानकारी दी।

बैठक में स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, टी राम, डॉ अवधेश सिंह, डॉ सुनील पटेल के साथ ही प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

# काशी में आज होगा वॉलीबॉल 'महाकुंभ' का उद्घाटन

*-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 बजे करेंगे वर्चुअली उद्घाटन, 11 जनवरी तक चलेगा मुकाबला*

*-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टेडियम में उपस्थित हो खिलाड़ियों का बढ़ाएंगे उत्साह*

*उद्घाटन साराह में उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठके भी रहेंगे मौजूदे*

*चैम्पियनशिप में स्विट्जरलैंड से अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के आब्जर्वर भी रहेंगे मौजूद`*

**समाज जागरण**

वाराणसी, 3 जनवरी। 72 वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन 4 जनवरी को काशी के सिगरा स्टेडियम में होगा। वाराणसी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 12 बजे करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टेडियम में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में यह प्रतियोगिता 11 जनवरी तक चलेगी। इसमें देश भर से 58 टीमें (पुरुष एवं महिला ) भाग ले रही है । चैम्पियनशिप में स्विट्जरलैंड से अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के आब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे`।

उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के सचिव सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पहली बार सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप हो रही है। इसमें 30 पुरुष और 28 महिला टीमें भाग लेंगीं। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि रेलवे के अलावा सेना के तीनों अंगों (जल,थल, नभ ) को मिलाकर बनी टीम भी प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता 11 जनवरी को समाप्त होगी। उन्होंने जानकारीदी कि उत्तर प्रदेश में कई वर्षो (1984 ) के बाद ये चैंपियनशिप होनी जा रहा है। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों के लिए ये चैम्पियनशिप बहुत बड़ा आयोजन है। इसमें से सेलेक्ट किये हुए खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष और वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी ने बताया कि साई और खेल विभाग उत्तर प्रदेश के बीच सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेण्टर ऑफ एक्ससिलेन्स के बीच एमओयू होना है। आयोजन समिति की ओर से खेल का शुभांकर (नंदी और डॉलफिन ) भी जारी किया जा चूका है

72 वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देश भर के लगभग 1044 से अधिक` खिलाड़ी भाग लेंगे,जिसमें 540 पुरुष खिलाड़ी और 504 महिला खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस उद्घाटन समारोह में सभी खेलो के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ही पद्मश्री सम्मान से सम्मानित और गणमान्य लोगो को भी आमंत्रित किया गया है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष और महापौर अशोक तिवारी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि काशी को 'स्पोर्ट्स टूरिज्म हब' के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि काशी की यह मेजबानी आने वाले वर्षों में और बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# चौबीस घंटे डिजिटल निगरानी से सुरक्षित बाल गृह और महिला शरणालय

**स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर से पूरे प्रदेश की संस्थाओं पर रियल-टाइम नजर**

**पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षा का नया मॉडल बना उत्तर प्रदेश**

लखनऊ, 3 जनवरीः योगी आदित्यनाथ सरकार में महिला और बाल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर के बाल गृहों और महिला शरणालयों की 247 सीसीटीवी निगरानी के लिए अत्याधुनिक स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर (SDMC) के संचालन को और अधिक प्रभावी और तकनीक सक्षम बनाया गया है। लखनऊ में यह सेंटर अप्रैल 2025 से महिला कल्याण निगम, बंगला बाजार स्थित भवन में निरंतर कार्यरत है और पूरे प्रदेश की संस्थागत व्यवस्थाओं पर चौबीसों घंटे नजर रख रहा है। यह पहल केवल निगरानी तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा, देख-रेख और अधिकारों की रक्षा की दिशा में सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को जमीन पर उतारने का ठोस उदाहरण है। तकनीक के सहारे पारदर्शिता और जवाबदेही को संस्थागत ढांचे का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है।

### विकेन्द्रीकृत निगरानी की व्यवस्था

प्रदेश में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 60 बाल गृहों और 10 महिला शरणालयों, यानी कुल 70 संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इन कैमरों के माध्यम से न केवल गतिविधियों की निगरानी हो रही है, बल्कि हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता भी परखी जा रही है। निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए मंडल और जिला स्तर पर भी मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। 17 मंडलों के सापेक्ष 15 मंडलीय कार्यालयों में और 31 जनपदों के सापेक्ष 28 जनपदीय कार्यालयों में मॉनिटरिंग डिस्प्ले लगाए जा चुके हैं। शेष 2 मंडल (चित्रकूट, अयोध्या) और 3 जनपद (चित्रकूट, अयोध्या, सहारनपुर) में यह कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसे एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे मंडल और जिला स्तर के अधिकारी भी संस्थाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष और त्वरित अवलोकन कर सकेंगे।

### मुख्यालय से प्रदेशभर की सीधी निगरानी

मुख्यालय स्थित एसडीएमसी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 6 प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है, जो 3 शिफ्टों में 247 कार्य करते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी समय निगरानी व्यवस्था बाधित न हो। एसडीएमसी द्वारा नियमित रूप से इन बिंदुओं पर विशेष निगरानी की जाती है।

- संस्थाओं में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की वास्तविक स्थिति
- समस्त स्टाफ की उपस्थिति और ड्यूटी के प्रति उनकी नियमितता
- बच्चों के प्रति स्टाफ का व्यवहार, संवेदनशीलता और अनुशासन
- किचन में स्वच्छता, भोजन की तैयारी और गंदगी की संभावनाएं
- ड्यूटी के समय सुरक्षा गार्ड की सतर्कता, जागरूकता और निर्धारित स्थान पर उपस्थिति
- संस्था में निवासरत बच्चों की समुचित देख-रेख, सुरक्षा, रहन-सहन और सुव्यवस्थित वातावरण

## अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई

एसडीएमसी के माध्यम से यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या मानकों के उल्लंघन की स्थिति सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना दी जाती है। इससे समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है और जवाबदेही तय की जा रही है। महिला कल्याण विभाग की यह पहल उत्तर प्रदेश को महिला और बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक नई मिसाल बना रही है। तकनीक, संवेदनशीलता और सख्त निगरानी का यह मॉडल न केवल सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि प्रदेश में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। यह व्यवस्था आने वाले समय में सुशासन और मानवीय प्रशासन की पहचान बनने की पूरी क्षमता रखती है।

# सेक्टर-113 पुलिस ने वाहन चोरों को धर दबोचा, चोरी की कार और चाबी बरामद

**समाज जागरण**

नोएडाः थाना सेक्टर-113 पुलिस ने शातिर तरीके से वाहन चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की कार और कार की चाबी भी बरामद की है। इस सफलता से नोएडा में वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

पुलिस कमिश्नरेट नोएडा के अनुसार, थाना सेक्टर-113 की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ शातिर चोर शहर में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने गोपनीय जांच और त्वरित अभियान के माध्यम से तीनों अभियुक्तों को पकड़ लिया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई कार और उसकी चाबी बरामद की गई, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि आरोपियों ने पूर्व नियोजन और शातिर तरीके से वाहन चुराने की कोशिश की थी।



पुलिस ने बताया कि मामले की सख्त जांच जारी है और जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि अभियुक्त अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल तो नहीं थे।

थाना सेक्टर-113 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों को सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

इस कार्रवाई की जानकारी डीसीपी नोएडा ने भी साझा की और कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे त्वरित और प्रभावी अभियान से न केवल अपराधियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि शहर में सुरक्षा और विश्वास की भावना भी बढ़ेगी।

# सेक्टर-126 पुलिस ने हत्या का 24 घंटे में किया खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडाः थाना सेक्टर-126 पुलिस ने एक हत्या की घटना का केवल 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण किया है। इस कार्रवाई में हत्या करने वाले दो अभियुक्त और शव को छिपाने में मदद करने वाला एक अन्य आरोपी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और शव छिपाने में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया।



नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, मृतक की हत्या की सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-126 की टीम ने तुरंत गहन जांच और तकनीकी जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल, CCTV फुटेज और गवाहों की मदद से तीनों अभियुक्तों तक पहुँच बनाई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी हत्या के बाद शव को छिपाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन टीम की तत्परता और कुशल जांच के कारण शव बरामद किया गया। बरामद मोबाइल और एटीएम कार्ड से हत्या के पीछे की मंशा और आर्थिक लाभ के मकसद का भी पता चला है। डीसीपी नोएडा ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-126 की टीम ने प्रभावी और तेज कार्रवाई करते हुए अपराधियों को कानून के हाथों में सौंपा।

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की त्वरित कार्रवाई से अपराधियों में भय उत्पन्न होगा और नोएडा में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

यह मामला पुलिस की तत्परता, योजना और कार्यकुशलता का बेहतरीन उदाहरण माना जा रहा है, जिसमें केवल 24 घंटे में अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रसर किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा

**समाज जागरण**

संभल। भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा शनिवार को ग्राम - मवई डोल में जिला महामंत्री इस्माइल खां के नेतृत्व में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया! बैठक की अध्यक्षता सेवक सैनी एवं संचालन निर्देश कुमार उर्फ मोनू ने किया।
बैठक को संबोधित हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जन जागरण अभियान किसान, मजदूर एवं और मजलूमों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ! संगठन विस्तार को लेकर की जाने वाली बैठकें आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की एकजुटता और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं। जब तक किसान एकजुट नहीं होंगे, उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से नहीं पहुंचेगी। बैठक के मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर नए किसानों को संगठन से जोड़ना और उन्हें संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में बताना है। साथ ही किसानों की स्थानीय स्तर पर खाद, बीज, बिजली आपूर्ति और आवारा पशुओं जैसी समस्याओं पर विचार-विमर्श कर मजबूती से समस्याओं का समाधान कराना है भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ जनपद स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के कारण जनता को शत प्रतिशत नहीं मिल पा रहा है ! कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए अशरफ तुर्की को जिला सचिव (अ. मो.) संभल, मुशाहिद अली को ग्राम संगठन मंत्री, रईस अहमद को ग्राम महासचिव, मोज्जम अली को ग्राम महासचिव ग्राम सचिव, कय्यूम अली को युवा ब्लॉक सचिव असमोली, यूनुस अली को नगर सचिव संभल नियुक्त किया गया।
बैठक में जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला संगठन मंत्री चौ. ऋषिपाल सिंह, जिला महामंत्री (अ. मो.) इस्माइल खां, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार उर्फ मोनू, ब्लॉक महासचिव संभल डॉ. धीरेन्द्र त्यागी, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, युवा तहसीलप्रभारी राजीव कुमार, अशरफ तुर्की, अरकान प्रधान, मो. हसन, मुस्कुरान अली, यूसुफ अली, इकरार अली, अनीश अहमद, हाजी इब्राहिम, मुनाजिर अली, कय्यूम तुर्की, हाजी ताहिर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड के पावन पाठ से सभी पापों का नाश होता है- डॉ दुर्गा टंडन

**समाज जागरण**




चन्दौसी। नववर्ष के पावन उपलक्ष्य में आराध्या वुमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एक शाम माँ के नामह्न भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कागजी मोहल्ला स्थित पंजाबी सभा मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसके उपरांत माता रानी के सुमधुर भजनों ने उपस्थित भक्तजनों को भावविभोर कर दिया।
भजनों की मधुर धुनों पर भक्तजन झूमते हुए दिखाई दिए और सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन स्व. निशा टंडन की स्मृति के उपलक्ष्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही।समिति की सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने अपने वक्तव्य में कहा कि सुंदरकांड के पावन पाठ से सभी पापों का नाश होता है श्रीराम का जीवन मयार्दा, करुणा और कर्तव्यबोध का अनुपम उदाहरण है। सुंदरकांड केवल एक काव्य नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और आत्मबल का माध्यम है। इसके पाठ से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन की कठिनाइयों से संघर्ष करने की शक्ति प्राप्त होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य नववर्ष के अवसर पर मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना तथा सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।समिति अध्यक्ष पूनम अरोरा ने कहा इस पावन माध्यम से हम नववर्ष में समाज में सद्भाव, संस्कार और मातृशक्ति के सम्मान का संदेश देना चाहते हैं।
अंत में माँ के चरणों में मंगलकामनाओं के साथ प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, डॉ दुर्गा टंडन, बुदिश छावड़ा, सचिन मग्गो, शिवानी चौधरी,दीपक शर्मा,आशु खुराना, सुमन सपड़ा, मीनू आहूजा ,योगिता कोहली, अभिषेक गुप्ता,आकाश आहुजा आदि समिति के सदस्य एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

# ब्रह्म बाजार स्थित डाक घर का स्थानांतरण होने पर जताया रोष

**समाज जागरण**

चन्दौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने ब्रह्म बाजार स्थित डाक घर का स्थानांतरण घंटा घर वाले डाक घर में किए जाने का विरोध किया।



नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृव में व्यापार के पदाधिकारी ब्रह्म बाजार स्थित घंटा घर पहुंचे जहां डाक घर को बंद किया जा रहा था जिससे व्यापारियों में आक्रोश पनप गया और विरोध दर्ज कराया। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि आज भी मध्य वर्गीय लोगों को डाक घर लाइफ लाइन का कार्य करता है आधार कार्ड संशोधन से ले कर अनेक कार्य डाक खाने में किए जाते है मुख्य डाक घर में भीड़ होने के कारण अन्य डाक घर में आम व्यक्ति को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है आधुनिकता के जमाने में डाक घर बंद करना एक सामाजिक स्तर पर घटिया मानसिकता दर्शाता है। वर्षों पुराना डाक घर बिना किसी कारण बंद कर देना आम व्यक्ति के सहूलियत के खिलाफ है। सबसे बड़ी बात डाक घर बहा स्थांतरण किया जा रहा है जो पहले से ही जर्जर हालत में बिल्डिंग है। व्यापार मंडल भ्रम बाजार स्थित डाक घर के स्थानांतरण का विरोध करता है।इस दौरान प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता तुषार क्रिस्टल निशांत शर्मा सौरभ गुप्ता रितिक वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# आज मैच का फाइनल मुकाबला सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व एफ आर इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच खेला जाएगा।

**समाज जागरण**



चंदौसी। चन्दौसी इंटर कॉलेज,चन्दौसी के मैदान पर खेले जा रहे स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता जी की स्मृति में होने वाले सी आई सी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण के तीसरे दिन दो सेमि फाइनल मुकाबले खेले गए। मैच का प्रारम्भ राष्ट्रीय अनुसूचित जाती आयोग के पूर्व कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा क्रिकेट खेलकर किया गया। इससे पूर्व सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया, ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला सेमी फाइनल मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच हुआ।चन्दौसी इंटर कॉलेज ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी की ओर निर्धारित 12 ओवर में 99 रन पर आ आउट हो गयी।जिनमें करन ने 35,बॉबी ने 15 व हर्षित ने 12 रनों का योगदान दिया।नरौली की ओर से अयान ने 4,अशीम ने 3,तथा जुबेर व नैतिक ने 1,1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने आई नरौली की टीम ने 11 वें ओवर में 3 विकेट खोकर 100 रन बना कर मैच जीत लिया और फाइनल में जगह बनाई। नरौली की तरफ से पीयूष ने 53 व रवि ने 22 रन बनाए।चन्दौसी इंटर कॉलेज की ओर से मुकेश व हर्षित ने 1,1 विकेट लिया। इस मैच में पीयूष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।इन्हें वरिष्ठ एम्पायर राजू बनर्जी द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई। दूसरा सेमीफाइनल एफ आर इंटर कॉलेज व सिल्वर स्टोन कॉलेज के बीच खेला गया।इस मैच में टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एफ आर इंटर कॉलेज की टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट पर 157 रन बनाए।एफ आर की ओर से मलिक ने 63,रेहान ने 50,तथा उरूज व अली ने 12, 12 रन अर्जित किये।सिल्वर स्टोन की ओर से रेहान व दीपेश ने 2, 2 विकेट लिए।158 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वर स्टोन की टीम 12 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन ही बना सकी । सिल्वर स्टोन की ओर से रेहान ने 35,अनुज ने 11 व दीपेश तथा कुणाल ने 9, 9 रन बनाए।एफ आर की ओर से मलिक ने 3,अरकान ने 2, तथा उवैद व रेहान ने 1, 1 विकेट लिया।इस प्रकार एफ आर इंटर कॉलेज ने मैच 38 रनों से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में मलिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।इन्हें सी डी ओ सम्भल के स्टेनो सुनील कुमार द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। मैचों में एम्पायर के रूप में राजू बनर्जी,शशांक वार्ष्णेय व बंटी राणा रहे। स्कोरिंग गौरव,दीपेंद्र,करन व बॉबी ने तथा कमेंट्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी व नरेंद्र कुमार ने की। टूनामेंट रेफरी व टीम कोच के रूप में अश्वनी शर्मा, टीम मैनेजर के रुप में चंद्रकांत रहे। नरौली के कोच चन्द्र प्रकाश,एफ आरके प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन जी व सिल्वर स्टोन के कोच जगजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इस दौरान मैचों के दौरान ,राशिद खान, चन्दौसी इंटर कॉलेज का समस्त स्टाफ मनोज कुमार गुप्ता, हरिओम शर्मा, अजय गुप्ता, प्रभुनाथ राम,संजीव वार्ष्णेय, राजकुमार, संजय रस्तौगी, भगवानदास, सुमित कुमार,विजेंद्र सिंह, डब्बू, व राजकुमारी के अतिरिक्त शहर के अनेक गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक रहे।
मैचों के अंत में चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।
आज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व एफ आर इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच साढ़े 10 बजे से खेला जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद दो शातिर चोर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली।

## धनारी पुलिस ने पकड़ा अंतरजनपदीय गिरोह, भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद।

**समाज जागरण**



संभल। थाना धनारी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धनारी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार देर रात मझौला मार्ग पर पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दूसरे साथी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से भारी मात्रा में चोरी के इनवर्टर, बैटरे, गैस सिलेंडर व अवैध असलहे बरामद हुए हैं।चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में टीम मझौला रेलवे क्रॉसिंग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर बदमाश पल्सर,मोटरसाइकिल से मझौला की और आ रहे हैं। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का इशारा किया,तो बदमाशों ने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह गिर पड़ा।पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहिद पुत्र मुन्ने खाँ निवासी इस्लामनगर, जिला, बदायूं व शिवम उर्फ शूजल ,निवासी चंदौसी, जिला,सम्भल के रूप में हुई है। घायल राहिद को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने एक अन्य साथी अदनान का नाम भी बताया है, जो फिलहाल फरार है।नकबजनी की कई घटनाओं का खुलासा पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने नगला चतुर्भानपुर, पीपलवाड़ा, भकरौली इंटर कॉलेज व किशनपुर सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखा गया चोरी का सामान बरामद किया। 05 बड़े बैटरे और 02 इनवर्टर। 03 गैस सिलेंडर (इण्डेन)। 02 एलईडी टीवी और 01सीसीटीवी एनवीआर।
भारी मात्रा में पीतल के घरेलू बर्तन। 01 तमंचा 315 बोर, खोखा व कारतूस। 3700 नकदी व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल।मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं। मुख्य अभियुक्त राहिद पर विभिन्न जिलों में 17 और शिवम पर 5 मुकदमे दर्ज हैं। फरार अभियुक्त अदनान की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम की इस कामयाबी की सराहना की गई है।

# सुलह समझौता केंद्र बहजोई में पति-पत्नी के मध्य हुए विवादों को सुलझाया गया

**समाज जागरण**

बहजोई। जनपद संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को



सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया। जहां कुल 52 पत्रावलीयो को सुनकर 27 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 06 परिवार को मिलाया गया 16 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 06 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# हजरत अली की विलादत पर अकीदतमन्दों ने किया नज़्र ए मौलाये कायनात का आयोजन

**समाज जागरण**

संभल। हजरत अली मौला ए कायनात की विलादत पर जगह जगह नियाज नज़्र एवं महफिले आयोजित की गई। जिक्र अली बुलन्द करते हुए तर्बरूक का वितरण किया गया।



नगर के मौहल्ला नाला पर तंजीम हुसैन वारसी के निवास पर हर साल की तरह इस साल भी हजरत अली मौला ए कायनाज की विलादत के मुबारक मौके पर नज़्र ए मौला ए कायनात का आयोजन किया गया। इस दौरान नात ख्वां ने जिक्रे एहलेबैत ब्यान किया और विशेषकर हजरत अली की सेवाओं पर प्रकाश डाला। अंत मे नज़्र पेश करते हुए अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ की गई। सैकड़ों हाथ दुआ के लिए उठे। तंजीम वारसी, मुन्तजिम बरसी, तौकीर वारसी, साकिब वारसी, अकरम पहलवान, चौधरी शरफ अली, इबलेहसन वारसी, बिलाल, हासिर, सलीम खान, नईम खान, सलाउद्दीन, चुन्नू खान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि किसानों के'फार्मर रजिस्ट्री' बनाने के कार्य में अपेक्षक तेजी लाए यदि किसी को कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो तो प्रयुक्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का प्रमाणिक डाटा तैयार किया जाता है जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पारदर्शी एवं सुगमता के साथ पहुँचाया जाता है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बनने से किसानों को पीएम-किसान, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं के लिए बार-बार दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होती।
डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए कि खरीफ और रबी फसलों के सटीक आंकड़ों के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे को पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत फसलों की वास्तविक स्थिति, बोए गए रकबे एवं फसल प्रकार का डिजिटल माध्यम से सर्वे किया जाता है, जिससे नीति निर्माण एवं योजना क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किस खेत में कौन सी फसल बोई गई है, ताकि आपदा के समय मुआवजे और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सही लाभार्थी को मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सर्वे कार्य में लापरवाही प्रकाश में आने पर सर्वे कार्य में लगे सर्वेक्षकों और तहसील स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डेटा एंट्री में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए वास्तविक समय में निगरानी करते रहें।
उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल सर्वे से कृषि क्षेत्र में एक "डिजिटल इकोसिस्टम" को इस प्रकार तैयार करें जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ घनश्याम वर्मा सहित सभी उप जिलाधिकारी मौजूद थे।

# वैश्य समाज ने विधायक डॉक्टर नीरज बोरा का नगर आगमन पर किया स्वागत

**समाज जागरण मुस्कान खान**







जनता बिजनौर नजीबाबाद। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के माननीय ऊजार्वान प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ नीरज बोरा व उनके पुत्र वतसल बोरा, भाजपा नेता डॉ विवेक तोमर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से प्रातः 11:00 बजे नजीबाबाद पहुंचे। जहां अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट के नेतृत्व में भारी संख्या में वैश्य समाज, व्यापारियों और महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा फूल माला, अंग वस्त्र एवं राम दरबार भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। जिसके पश्चात विधायक डॉक्टर नीरज बोरा जी सिद्धबली मंदिर कोटद्वार पहुंचे जहां उन्होंने पवन पुत्र हनुमान जी को नमन कर आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नजीबाबाद लौटते वक्त जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, विधायक डॉ नीरज बोरा जी को नजीबाबाद क्षेत्र के पौराणिक मोरध्वज मंदिर पर लेकर गए। जहां डॉक्टर नीरज बोरा ने भगवान आशुतोष का पंचामृत से स्नान कराया। आरती उपरांत मंदिर के पुजारी द्वारा सभी को प्रसाद वितरण किया गया। अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने माननीय विधायक जी को बताया कि यह स्वयंभू शिवलिंग पश्चिम उत्तर प्रदेश का सबसे विशाल स्वयंभू शिवलिंग है और राजा मोरध्वज की कथा भी बताई। सांय 4:30 बजे विधायक डॉ नीरज बोरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से वापस लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, पलक अग्रवाल, अंकित, ऋषभ, अमित चौहान, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सागर, आकाश, रोहित, विशाल आदि रहे।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में साप्ताहिक बंदी के दिन किए निर्धारित

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा 8 के साथ पठित नियमावली के नियम-6 में प्रदत्तश अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद बिजनौर में स्थित नियोजनों के साप्ताहिक बन्दी के सम्बन्ध में जनहित को दृष्टि में रखते हुए अपवादों को छोडकर वर्ष 2026 के लिये जनपद के विभिन्न स्थानों के लिए साप्ताहिक बन्दी दिवस स्वीकृत किया गया है।
उन्होंने बताया कि क्षेत्र नगर पालिका व नगर पंचायत में आवर्त प्रतिष्ठान/समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बिजनौर के लिये बुद्दवार साप्ताहिक बन्दी व फोटो कॉपी करने वाली दुकानों के लिए रविवार साप्ताहिक बन्दी दिन घोषित किया जाता है। चांदपुर, नजीबाबाद के लिए बृहस्पतिवार, किरतपुर, स्योहारा, मण्डावर, बढापुर व अफजलगढ के लिए शुक्रवार है।
उन्होंने बताया कि झालू, हल्दौर, साहनपुर, शेरकोट व नूरपुर तथा नगीना के लिए सोमवार है। नगीना के हैण्डीक्राफ्ट उद्योग के लिए शुक्रवार है। नहटौर व सहस्पुर के लिए मंगलवार तथा धामपुर के लिए बुद्दवार है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में विद्युत शक्ति का उपयोग करने वाली ईकाइयां मंगलवार को बंद रहेंगी।

# शिवलिंग-नंदी खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर धामपुर थाना क्षेत्र में नए साल के मौके पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने गांव सरकड़ा चकराजमल में मंदिर के बाहर स्थापित शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को खंडित करने के आरोप में विदित राजपूत को गिरफ्तार किया है।यह घटना शनिवार सुबह सामने आई। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह मंदिर परिसर में शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त पाया। इस घटना से गांव में तनाव फैल गया और लोगों में आक्रोश देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और जांच तेज की। सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी विदित राजपूत इसी गांव का निवासी है। उसने बीती रात नशे की हालत में इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।घटना के बाद हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील भी की। ग्रामीणों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

# जंगली हाथियों के झुंड ने फसल को तहस नहस किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना जंगली हाथियों के झुंड ने तैयार खड़ी गन्ने की फसल वे सरसों और गेहूं की करीब 70 बीघा फसल को तहस नहस कर दिया,, वन विभाग की टीम को हाथियों के सामने भाग कर जान बचानी पड़ी` हाथियों के झूडं से किसानों में भारी आक्रोश फैला है विकासखंड कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खत्री वाला के किसानों राकेश कुमार पुत्र मुंशी राम सोनू कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह अमित कुमार पुत्र खूब सिंह कुंवर पाल सिंह पुत्र गोविंद बुद्ध सिंह पुत्र कृपाल सिंह अशोक कुमार गंगाराम मोनू कुमार खूब सिंह सुभाष चंद्र आदि के 35 बीघा तैयार खड़ी गन्ने की फसल विश्व का गेहूं की फसल और 10 बीघा लाई सरसों की फसल को जंगली हाथियों के झुंड ने पैरों से रोंद रोदं कर बुरी तरह तहस-नहस कर डाला, किसानों का कहना है कि उनके लाखों रुपए के गाने गेहूं और सरसों की फसल हाथियों ने बर्बाद कर डाली है ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के झुंड में छोटे बड़े करीब डेढ़ दर्जन है जिसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची हुई फसल खेतों का जायजा ले रहे थे कभी -कभी हाथियों का झुंड वहां आ गया और वन विभाग की टीम के पीछे दौड़ा जिसको देखकर वन विभाग की टीम ने भाग कर अपनी जान बचाई ग्रामीण ने बताया कि ग्राम के कृषक बार-बार वन विभाग की टीम को सूचना देकर जंगली हाथियों को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं लेकिन वन विभाग की टीम अब जाते हुए कतरा रही है ग्रामीणों ने जिला स्तरीय अधिकारियों से फसल को बर्बाद कर रहे जंगली हाथियों को पकड़वाया जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अधिकारी कृषकों का कोई भी सहयोग करने को तैयार नहीं है ग्रामीणों का कहना है कि पास के ग्राम रहमापुर, बेनीपुर, कोपा, दोदराजपुर, आदि ग्रामों के जंगलों में भी हाथी देखे जा रहे हैं यदि वन विभाग जिला प्रशासन ने जंगली हाथियों को नहीं पकड़ पाया तो उपरोक्त शिक्षकों की शेष बची लाखों रुपए की फसल को भी रोंद रोदं कर बर्बाद कर देंगे उपरोक्त ग्रामों के कृषको ने तहसील प्रशासन से जंगली हाथियों द्वारा बर्बाद किए गए फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है

# कड़कड़ाती ठंड मे छठे दिन भी भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना जारी रहा

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन का छठे दिन भी धरना जारी रहा किसान अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर डटे रहे नगर अध्यक्ष रंधावा सिंह के संचालन और अध्यक्षता महेंद्र सिंह जी की रही वक्ताओं ने कहा जब तक किसानो कि भूमि का सीमांकन नहीं होता और किसानो पर जो मुकदमे वन विभाग के द्वारा लीखे गये है जब किसानों के मुकदमे वापस नहीं होते तब तक धरना जारी रहेगा जो किसानो कि फसले क्षतिग्रस्त की गयी है उसका मुआवजा दिलाया जाए किसानो की जमीन की पेमाईश करा कर उसकी पक्की हदबन्दी कराई जाये पंचायत को संबोधित करने वाले वक्ता मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह, नगर अध्यक्ष रंधावा सिंह भजेन्दर सिंह, ज्ञानसिंह, गजेन्द्र सिंह, युसूफ नीटू बलराम सिंह राजकुमार आदि मौजूद रहे



# कम दहेज पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण चौसाना।**
क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर कम दहेज के कारण मारपीट, नशीला पदार्थ पिलाकर प्रताड़ना, तन्हा कपड़ों में घर से निकालने और बिना तलाक दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। झिंझाना थाना क्षेत्र के ओदरी निवासी नसरीन पुत्री हारून की शादी 12 दिसंबर 2022 को आलमपुर थाना गंगौह निवासी दानिश पुत्र इरफान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी में मायके पक्ष ने सोने-चांदी के गहने, फर्नीचर, बर्तन और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद दिए थे। कुछ समय बाद ही पति व ससुराल पक्ष कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगा। जनवरी 2025 में उसके साथ मारपीट कर उसे तन्हा कपड़ों में घर से निकाल दिया गया और दो लाख रुपये नकद व बुलेट बाइक की मांग की गई। पंचायत और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद वह ससुराल लौटी, लेकिन 1015 दिन बाद फिर जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर मारपीट की गई। आरोप है कि सास व रिश्तेदारों ने दोबारा पीटकर उसे घर से बाहर कर दिया। पीड़िता ने बताया कि 6 अक्तूबर 2025 को पति ने फोन कर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने की बात कही और न रखने, न तलाक देने की धमकी दी। इसके बाद उसने थाने में तहरीर दी।थानाध्यक्ष झिंझाना विरेन्द्र कसाना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति दानिश, ससुर इरफान, सास हसीना, ननद अमरीन, बाल्लो उर्फ इकबाल, मुशीर्दा, साहिना, खुशीर्दा और मुबारिक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गुरुद्वारा साहिब सुंदर नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व

**समाज जागरण चौसाना,**

गुरुद्वारा साहिब सुंदर नगर में सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस पावन अवसर पर 6 जनवरी को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्व के उपलक्ष्य में 4 जनवरी, रविवार को गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया जाएगा, जो 6 जनवरी तक निरंतर चलेगा। 6 जनवरी को विधिवत रूप से अखंड पाठ साहिब का भोग संपन्न होगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरबाज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाश पर्व के दिन गुरुद्वारा साहिब परिसर में बने नए दीवान हाल में भव्य दीवान सजाया जाएगा। नए दीवान हाल की सेवा को पूर्ण करने के लिए पिछले दो दिनों से लगातार महिलाएं और युवा नौजवान साथी तन, मन और धन से सेवा में जुटे हुए हैं। संगत द्वारा की जा रही यह सेवा गुरु घर के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण को दशार्ती है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध रागी और संत महापुरुष भी संगत को गुरु की महिमा का गुणगान कर निहाल करेंगे। कार्यक्रम में बाबा जोगा सिंह जी (गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, तरावड़ी), बाबा अमर सिंह जी (गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब, बडोली) तथा बाबा गुलाब सिंह जी (गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी, नूर महल चौक, करनाल) विशेष रूप से भाग लेंगे। 4 जनवरी से 6 जनवरी तक गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ निरंतर चलेगा तथा गुरु का लंगर भी अटूट रूप से संगत के लिए चलता रहेगा।

प्रकाश पर्व के दिन भारी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने क्षेत्र की समस्त संगत से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाएं और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो शातिर गिरफ्तार

## भारी मात्रा में बने-अधबने तमंचे, कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण बरामद

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**



जनपद में अवैध हथियारों के निर्माण व तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना झिंझाना पुलिस, कोतवाली शामली एवं एसओजी टीम शामली को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बावरियां कॉलोनी, चौकी अहमदगढ़ क्षेत्र में संचालित अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में बने-अधबने तमंचे, कारतूस तथा शस्त्र निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। शनिवार को कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना,एसओजी शामली पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर क्षेत्र के गांव अहमदगढ़ क्षेत्र में छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने मौके से सन्नी पुत्र महिपाल निवासी गांव सलफा थाना कांधला, रामकुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी गांव लिसाड़ कोतवाली शामली को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 21 पूर्ण बने तमंचे व कारतूस, 19 अधबने तमंचे, विभिन्न बोर की नालें, लकड़ी के गुटके, स्प्रिंग, ट्रिगर के हिस्से तथा बड़ी संख्या में हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इनमें ग्राइंडर मशीन, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन, हथौड़ी, छेनी, रेती, आरी ब्लेड, प्लास, पेचकस सहित अन्य सामान शामिल है।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे पंचायत चुनाव को प्रभावित करने की नीयत से धातु के पुर्जों को जोड़कर अवैध तमंचे तैयार कर उनकी सप्लाई करते थे। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में बने हुए व अदबने तमंचे व उपकरण बरामद किए हैं।अवैध हथियारों के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# होटल संचालक से लूट का पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया खुलासा, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के दिल्ली बस अड्डे के समीप होटल संचालक के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। कार्रवाई के दौरान गांव पंजोखरा अंडरपास के पास पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटे गए 5 हजार रुपये, मोबाइल फोन, 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। कस्बा निवासी अनिल सैनी ने बताया कि वह दिल्ली रोड पर सैनी शुद्ध भोजनालय के नाम से होटल संचालित करता है। शनिवार तड़के करीब चार बजे वह होटल में सो रहा था। होटल का एक दरवाजा बंद था, जबकि दूसरा आधा खुला हुआ था। इसी का फायदा उठाकर दो बदमाश अंदर घुस आए और उसकी जेब से छह हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल होटल संचालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने मेडिकल



परीक्षण कराने के बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी थीं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बदमाश को पकड़ लिया पुलिस के अनुसार बाथरूम करने के बहाने बदमाश ने उतारकर गांव पंजोखरा अंडरपास के निकट बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अक्षित पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम ताजपुर सिभंलखा बताया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि इस घटना में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की जयंती पर सम्मान समारोह

**समाज जागरण कांधला,।**

मंदिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) द्वारा स्वर्गीय बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की जयंती के अवसर पर बार एसोसिएशन कैराना के सहयोग से बार भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2024 से आरंभ की गई बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट स्मृति अधिवक्ता लेखन सम्मान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए पुस्तक ॥जीवन एक खोज है॥ के लेखक अधिवक्ता सुशील कुमार एडवोकेट का चयन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलन तथा बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने स्व. बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए उनकी स्मृति में प्रारंभ की गई लेखन सम्मान योजना की सराहना की।मुख्य अतिथि राजकुमार चौहान एवं मंचासीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने वर्ष 2025 के लिए चयनित अधिवक्ता लेखक सुशील कुमार एडवोकेट को फूलमाला, शॉल, स्मृति चिन्ह तथा 1100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने पर अधिवक्ता सुशील कुमार ने अपनी रचना को मिले सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया।बार एसोसिएशन कैराना के महासचिव राजकुमार चौहान एडवोकेट द्वारा सर्वसम्मति से बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की तस्वीर को बार एसोसिएशन कैराना के पुस्तकालय में लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं ट्रस्ट की ओर से मुख्य अतिथि को श्रीराम दरबार सीता चौक कांधला की तस्वीर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन मेहरबान कुरैशी एडवोकेट ने किया।

अंत में ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट एवं महासचिव डॉ. शिखा कौशिक ने सभी उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा सभी को कैलेंडर, योजना संबंधी पत्रक एवं मिष्ठान वितरित किया गया।कार्यक्रम में ब्रह्मपाल सिंह चौहान, शैलेन्द्र चौधरी, ईशपाल सिंह, इंतजार अहमद, प्रदीप जैन, रियासत अली, खड़क सिंह, प्रमोद राणा, सर्वेज जंग, अंकित कुमार, शगुन मित्तल, शक्ति सिंघल, नीरज चौहान सहित सैकड़ों अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# गंगोह बस स्टैंड के पास विवाहिता का फंदे से लटका शव मिला, मायके वालों पर हत्या का लगाया आरोप

**समाज जागरण चौसाना।**

गंगोह बस स्टैंड के निकट देर रात्रि एक 25 वर्षीय विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए गए। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर षड्यंत्र के तहत फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है। घटना चौसाना चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गंगोह बस स्टैंड के पास की है। यहां 25 वर्षीय मधु पत्नी कमल का शव घर के भीतर फांसी के फंदे पर लटका मिला। बताया गया कि रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे पति कमल घर पहुंचा तो मधु को फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। इसके बाद ससुरालियों ने पुलिस और मृतका के मायके पक्ष को घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल को कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इसी दौरान रात्रि करीब तीन बजे मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मृतका के भाई सोनू पुत्र धर्मपाल निवासी मोहल्ला सैदमीर, झिंझाना ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि बहन मधु को दहेज के लिए लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और ससुरालियों ने आपसी षड्यंत्र रचकर उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी। तहरीर में पति कमल, ससुर गुलाब सैनी, सास और देवर को नामजद किया गया है।
विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही उसके पिता धर्मपाल की हालत बिगड़ गई और उन्हें हार्ट अटैक आ गया। परिजनों ने उन्हें तत्काल झिंझाना के आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मौके पर तहसीलदार ललिता चौधरी, सीओ कैराना हेमंत कुमार और प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना पुलिस बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों से जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गढ़ी हसनपुर में मां शाकुम्भरी जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया, मुख्य अतिथि मनीष चौहान का हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण चौसाना,**

चौसाना क्षेत्र के गांव गढ़ी हसनपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में मां शाकुम्भरी जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंजता रहा और जयकारों से क्षेत्र का माहौल धार्मिक हो गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य मनीष चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर ग्रामीणों और मंदिर समिति की ओर से फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में संदीप कुमार ( टिल्लू), पूर्व प्रधान यशवीर सिंह, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह, पूर्व प्रधान दशहरा रामपाल सिंह, वर्तमान प्रधान जेहरा नीरज खटाना, प्रधान दुधला चौधरी यशवीर दहड़ा, विपिन मित्तल, अरविंद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंडित कन्हैया कुमार ने विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया। मंदिर समिति अध्यक्ष सचिन चौधरी, समिति सदस्यों, पूर्व अध्यक्ष मनीष चौहान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष निविश चौधरी ने हवन में पूणार्हुति अर्पित की। इसके उपरांत माता के भवन पर जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटा गया, माता को भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा मनीष चौहान एवं निविश चौधरी को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मंदिर की ओर आने वाले मार्ग पर पानी की समस्या से अतिथियों को अवगत कराया, जिस पर मुख्य अतिथि मनीष चौहान ने शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सहयोग और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और कार्यक्रम के सफल आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह और भक्ति की भावना और प्रबल हुई।

# 2023 मे शादी के बाद बेटी ने लिया था जन्म

**समाज जागरण**
चौसाना। मधु की कमल से शादी के बाद जीवन हंसी खुशी बीत रहा था। मधु को कमल से एक बेटी भी हुई थी। लेकिन आरोप है कि पति की नशे की आदत से मधु परेशान रहती थी और रोकटोक के कारण विवाद होता रहता था और आपस में मारपीट हर रोज हुआ करती थी ।

# शुगर मिल की टरबाईन अचानक फटी, मची अफरा तफरी

## :आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और टरबाईन में तकनीकी खराबी के कारण ब्लास्ट हुआ

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग) रात्रि त्रिवेणी ग्रुप के अपर दोआब शुगर मिल की टरबाईन अचानक फट जाने से एक बडा हादसा होने से बाल बाल बच गया। तेज आवाज के साथ कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई और मिल में कार्य कर रहे कर्मचारी भाग खडे हुए। हादसे के बाद सवेरे 10 बजे तक मिल का पेराई कार्य बाधित रहा। पिछले कुछ दिनों से अपर दोआब शुगर मिल की टराबाईन बार बार खराब हो रही है, जिसको लेकर मिल का पेराई कार्य भी बीच बीच में बाधित हो रहा है। गत शुक्रवार देर रात्रि भी शुगर मिल की टरबाईन अचानक चलते चलते बंद हो गई और तेज आवाज के साथ फट गई। टरबाईन के फटने की आवाज इतनी तेज थी कि पूरा शहर मिल दहल गया और कर्मचारियों में भगदड मच गई। मिल के अंदर कार्य कर रहे कर्मचारी भी भाग खडे गए और बाहर आकर खडे हो गए। सूचना पाकर मिल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाकर देखा गया कि टरबाईन में तकनीकी खराबी के कारण ब्लास्ट हुआ है। टरबाईन फटने के बाद मिल का पेराई कार्य बाधित हो गया और रातभर पेराई कार्य नही चल रहा। दूसरी ओर शहर में गन्ना के वाहनों का जाम न लगे इसके लिए मिल अधिकारियों ने रात्रि में ही गन्ना किसानों से शुगर मिल में गन्ना न लेकर आने की अपील की। किसानों के गन्ना वाहनों को शहर के बाहर रोका गया और गन्ना क्रय केन्द्रों पर किसानों का गन्ना लिया गया। शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक दीपक राणा ने बताया कि टरबाईन फटने के कारण पेराई कार्य बाधित हुआ था, लेकिन सवेरे 10 बजे अतिरिक्त जनरेटर लगाकर मिल का पेराई कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जिससे कि किसानों को परेशानी का सामना न करना पडे।

# गैंगस्टर फिरोज खान का नया वीडियो वायरल, जौनपुर रेप केस को बताया फर्जी

**समाज जागरण झिंझाना।**

एक तरफ जहां पुलिस कस्बे के हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर फिरोज खान पर शिकंजा कसने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर फिरोज खान लगातार एक के बाद एक वीडियो वायरल कर सुर्खियों में बना हुआ है। शनिवार की सुबह भी सोशल मीडिया पर उसका एक और वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उसने वर्ष 2024 में जौनपुर में दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे को पूरी तरह फर्जी बताया है। वायरल वीडियो में फिरोज खान ने जौनपुर के एक पुलिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने कहा कि उक्त अधिकारी ने उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया। फिरोज का दावा है कि अदालत ने तथ्यों और सबूतों के आधार पर उसे निर्दोष माना है। उसने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित पुलिस अधिकारी उस पर दबाव बना रहा था ताकि एक अन्य मुकदमे में दर्ज दोषियों को बचाया जा सके। फिरोज खान का कहना है कि जब उसने इस दबाव के आगे झुकने से इनकार किया तो बदले की भावना से उस पर जौनपुर में एक महिला के साथ दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया गया। उसने वीडियो में यह भी दावा किया कि जिस समय दुष्कर्म की घटना बताई जा रही है,
उस दौरान महिला की लोकेशन दिल्ली में थी, जिससे मामला पूरी तरह मनगढ़ंत साबित होता है। वीडियो के सामने आने के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और पति की दूसरी शादी का लगाया आरोप

**समाज जागरण झिंझाना।**

विवाहिता ने ससुरालियों पर लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना दिए जाने, मारपीट कर घर से बाहर निकाला। पीड़िता ने पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और दूसरी शादी करने के गंभीर आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार की देर शाम क्षेत्र के गांव ओदरी निवासी महिला नसरीन पुत्री हारुन पत्नी दानिश ने बताया कि उसका विवाह 12 दिसंबर 2022 को ग्राम आलमपुर, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर निवासी युवक दानिश पुत्र इरफान से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में पीड़िता के माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य से बढ़कर दहेज दिया, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, फर्नीचर, बर्तन सहित करीब 1.50 लाख रुपये नकद शामिल थे। प्रारंभिक कुछ दिनों तक ससुराल पक्ष का व्यवहार ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति, सास, ननद व अन्य रिश्तेदारों द्वारा दहेज कम होने का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि जनवरी 2025 में उसे बुरी तरह मारपीट कर नन्हे कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने साफ कहा कि जब तक मायके से 2 लाख रुपये नकद और बुलेट मोटरसाइकिल नहीं लाई जाएगी, तब तक उसे वापस नहीं रखा जाएगा। इसके बाद पीड़िता मायके पहुंची और पूरी घटना परिजनों को बताई।

मामले में पंचायत भी हुई, जिसमें समझौते के बाद पीड़िता को दोबारा ससुराल भेजा गया, लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर से उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे जबरन नशीला पदार्थ पिलाकर पीटा गया और दोबारा दहेज की मांग दोहराई गई। विरोध करने पर सास ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर फिर से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि 06 अक्टूबर 2025 को उसके पति का फोन आया, जिसमें उसने बिना उसकी सहमति और बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर लेने की बात कही और कहा कि अब उसे उसकी कोई जरूरत नहीं है। पति द्वारा जान से मारने व जीवन बर्बाद करने की धमकी भी दी गई। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया महिला की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गृह क्लेश से परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के कैराना मार्ग निवासी एक 24 वर्षीय विवाहिता ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।शनिवार को कैराना मार्ग निवासी 24 वर्षीय महिला ने अपने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसे तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अस्पताल में महिला के बयान दर्ज किए और मामले की जानकारी जुटाई। चिकित्सकों का कहना है कि महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है, इसलिए उसे बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होटल संचालक पर चाकू से हमला कर लूट, एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के दिल्ली रोड स्थित बुढ़ाना बस स्टैंड के समीप एक होटल में दो बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए होटल संचालक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।कस्बा निवासी अनिल सैनी ने बताया कि वह दिल्ली रोड पर सैनी शुद्ध भोजनालय के नाम से होटल संचालित करता है। शनिवार तड़के करीब चार बजे वह होटल में सो रहा था। इस दौरान एक दरवाजा बंद था, जबकि दूसरा आधा खुला हुआ था। इसी का फायदा उठाकर दो बदमाश होटल में घुस आए और उसकी जेब से छह हजार रुपये नगद व मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने




घायल होटल संचालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्दी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा करते हुए जेल भेजा जाएगा।

# किसान के साथ मारपीट, फायर का प्रयास

**समाज जागरण**
कैराना। खाद लेने गए एक किसान के साथ मारपीट व फायरिंग के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जंधेड़ी निवासी साबिर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने भाई सद्दाम के साथ ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा पावटीकलां स्थित सोसाइटी से खाद लेने गया था। जहां सद्दाम लाइन में लगा था। आरोप है कि तभी फरमान और उसका पुत्र बिलाल निवासी पावटीकलां तथा अनस, समरयाब, दानिश और फारूक निवासी जंधेड़ी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए सद्दाम के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। बिलाल ने अपनी अंटी से तमंचा निकालकर सद्दाम पर फायर करने का प्रयास किया, लेकिन गोली नहीं चल सकी। वहीं, मारपीट में सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल व तहसील परिसर से दो बाइक चोरी

**समाज जागरण**
कैराना। क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी होने के मामले सामने आए हैं। ऊंचागांव निवासी राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया था। अस्पताल परिसर में खड़ी की गई उसकी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। दूसरे मामले में थाना कांधला क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी अनीस ने बताया कि 26 दिसंबर दोपहर करीब दो बजे वह उपजिलाधिकारी कार्यालय गया था। तहसील परिसर में खड़ी उसकी बाइक भी अज्ञात चोर ले उड़े। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवती को ले जाने का आरोप

**समाज जागरण**
कैराना। युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि हरियाणा के जनपद करनाल अंतर्गत थाना घरौंडा के गांव मुंडीगढ़ी निवासी उस्मान उसकी बेटी से फोन पर बातचीत करता था। गुरुवार रात आरोपी उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि आरोपी घर में रखे 20 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला आलकलां निवासी नफीस ने बताया कि 31 दिसंबर की शाम करीब छह बजे उसका 15 वर्षीय भतीजा साद गली में जल रहे अलाव पर हाथ सेक रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही फरमान और आसिफ वहां पहुंचे और उसे थप्पड़ मारकर भगा दिया। कुछ देर बाद फरमान, आसिफ, साजिद तथा उनके पिता इमरान उसके घर में घुस आए और साद के साथ मारपीट की। बचाव में पहुंचे वह और उसके दूसरे भतीजे अनस के साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# अटल आवासीय विद्यालय कौन्दू में कक्षा छह और नौ प्रवेश शुरू

## निर्माण श्रमिकों अनाथ बच्चों को मिलेगा निःशुल्क आवासीय शिक्षा का अवसर प्रवेश परीक्षा फरवरी में आवेदन इकतीस जनवरी तक आमंत्रित



**समाज जागरण बागपत।**
उ०प्र० भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम-कौन्दू, तहसील सिकन्द्राबाद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह विद्यालय निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 के दौरान अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना ( सामान्य) के पात्र बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त बागपत गोविन्द यादव ने बताया कि विद्यालय में कक्षा-06 के लिए कुल 160 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिनमें 80 बालक एवं 80 बालिकाएं शामिल हैं। वहीं कक्षा-09 के लिए 65 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 34 बालक और 31 बालिकाएं प्रवेश पा सकेंगी। आवेदन प्रक्रिया 1 जनवरी 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन ऑनलाइन बोर्ड की वेबसाइट व PBOCW.IN अथवा ऑफलाइन जनपद के श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित कार्यालयों से प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। विद्यालय की प्रमुख विशेषताओं में निःशुल्क शिक्षा, भोजन एवं आवास की सुविधा, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक छात्रावास, आधुनिक शैक्षिक संसाधन तथा खेलकूद व सहगामी गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास शामिल है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 22 फरवरी 2026 को जनपद बागपत में आयोजित की जाएगी। कक्षा-06 के लिए मानसिक क्षमता, गणित व भाषा, जबकि कक्षा-09 के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों की परीक्षा होगी। विद्यालय में प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए अभ्यर्थी श्रम कार्यालय तहसील परिसर बागपत या जारी दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# बागपत के समाजसेवी ठाकुरदास मिगलानी जी की रस्म पगड़ी में उमड़ा जनसैलाब




**समाज जागरण बागपत।**
बागपत नगर के सबसे सम्मानित व्यक्तियों में शुमार सुप्रसिद्ध समाज सेवी और व्यापारी नेता व पूर्व सभासद ठाकुरदास मिगलानी जी का 22 दिसम्बर 2025 को 95 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया था। 3 जनवरी 2026 को उनके निज आवास पर हवन के उपरान्त बागपत नगर की जैन धर्मशाला में रस्म पगड़ी का आयोजन किया गया। रस्म पगड़ी में पहले भजन गायकों द्वारा प्रभु का गुणगान किया गया। उसके बाद उनके पुत्र को पगड़ी बॉंधी गयी और उसके उपरान्त बागपत नगर सहित दूर-दराज क्षेत्रों के हजारों लोगों ने श्री ठाकुरदास मिगलानी जी को श्रद्धां जली अर्पित की। सुप्रसिद्ध समाज सेवी और व्यापारी नेता नन्द लाल डोगरा ने विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त शोक संदेशो को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर अनेकों वक्ताओं ने श्री ठाकुरदास मिगलानी जी के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर उनके पुत्र - सुभाष मिगलानी, सुधीर मिगलानी, पौत्र - दीपक, हर्ष, निखिल, अमन, पड़पौत्र - तनिष, कार्तिक, ओम, विना यक, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, बागपत श्री यमुना इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य हरी शंकर वशिष्ठ, सुप्रसिद्ध समाजसेवी मास्टर राकेश मोहन गर्ग, ब्रजमोहन गौतम, धर्मसिंह विकल, राजेन्द्र शर्मा, मोंटी चौहान सभासद, संजय रूहेला सभासद, विक्की चौधरी, असद खान, मुनीर, अनुज जैन, विजय कौशिक, अशोक गुलयानी, वीना खुराना, आशीष खुराना, मंगली, निरंजन सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# पुस्तकें मस्तिष्क को आलोकित करती हैं, समाज की अंतरात्मा को आकार देती हैं एवं बौद्धिक रूप से एक प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण करती हैं, असम पुस्तक मेले में सबार्नंद सोनोवाल

## केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने असम पुस्तक मेले का भ्रमण किया, युवा पाठकों को पढ़ने की संस्कृति के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया सोनोवाल ने डॉ. भूपेन हजारिका और जुबीन गर्ग पर आधारित पुस्तकों सहित कई पुस्तकें खरीदीं

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्लू), सबार्नंद सोनोवाल ने आज गुवाहाटी के खानापारा में असम पुस्तक मेले का दौरा किया। उन्होंने पुस्तक मेलों को "ज्ञान का तीर्थ स्थल" बताया, जो बौद्धिक विकास और एक विचारशील समाज का पोषण करते हैं। मेले में आगंतुकों और प्रकाशकों को संबोधित करते हुए सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, ह्लपुस्तकें मस्तिष्क को आलोकित करती हैं, विचारों को शुद्ध करती हैं और पीढ़ियों तक समाज को समृद्ध करती हैं। साहित्य का सामूहिक स्वरूप समाज की अंत रात्मा, रचनात्मकता और कल्पना को दशार्ता है और एक बौद्धिक रूप से प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

युवा पीढ़ी से पढ़ने की आदत डालने का आग्रह करते हुए सोनोवाल ने आगे कहा, पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया हर कदम लोगों की बौद्धिक उन्नति की ओर एक ठोस कदम है। सोनोवाल ने कहा कि मेले में पाठकों की उत्साही उपस्थिति इस बात की पुष्टि करती है कि असम एक समाज के रूप में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पुस्तकें वे उपहार हैं जिन्हें बार-बार खोला जा सकता है,
और हर बार वे नई अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। उन्होंने असम के उन सांस्कृतिक और साहित्यिक नायकों की स्थायी विरासत को याद किया, जिन्होंने अपने शब्दों और विचारों के माध्यम से असमिया लोगों की पहचान को आकार दिया और असम की आवाज को दुनिया तक पहुँचाया। दार्शनिक फ्रांसिस बेकन के इस कथन का उद्धरण देते हुए कि "अध्ययन मनुष्य को पूर्ण बनाता है", सोनोवाल ने गहन अध्ययन के स्थान पर सतही डिजिटल उपभोग को अपनाने के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा, "हम सोशल मीडिया फीड का कितना भी उपभोग क्यों न कर लें, लेकिन केवल पुस्तकें ही हमें पूर्ण कर सकती हैं। केवल पठन-पाठन ही हमें गहराई, कल्पनाशीलता और आलोचनात्मक सोच प्रदान कर सकता है।" साथ ही, सोनोवाल ने स्वीकार किया कि तकनीक ने पढ़ने की आदतों को बदल दिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि ई-बुक्स, ऑडियोबुक्स और डिजिटल लाइब्रेरी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पारंपरिक पठन के पूरक हो सकते हैं और ज्ञान को अधिक सुलभ बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि असली चुनौती पढ़ने को फिर से आनंददायक बनाना है, विशेष रूप से युवाओं के लिए।

सोनोवाल ने पुस्तकालयों, विशेष रूप से छोटे शहरों के पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और असमिया साहित्य को समकालीन व पाठक-अनुकूल प्रारूपों में अधिक सुलभ बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने उस मौन द्वंद के बारे में बात की जिसका सामना कई युवा आधुनिक सफलता की आकांक्षाओं और अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव के बीच करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रगति अपनी भाषाई और सांस्कृतिक जड़ों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। अपने भ्रमण के दौरान, मंत्री ने प्रकाशकों और पाठकों के साथ बातचीत की और कई पुस्तकें खरीदीं, जिनमें बनलता प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रो. भवानी पेगु की 'मृतो ईश्वर' के साथ-साथ अनुराधा शर्मा पुजारी की 'भारत रत्न भूपेन हजारिका', हरेन गोगोई की 'बोधिद्रुम - 2', देबजीत भुइयां की 'मायाबिनी रातिर बुकुत – जुबीन र जिवन आरु गान' और बाबुल कुमार बरुआ की 'मुर जेल जात्रार काहिनी' शामिल थीं।

इन पुस्तकों की खरीद ने पढ़ने के प्रति उनके विश्वास और उत्साह तथा असमिया साहित्य को बढ़ावा देने की उनकी उत्सुकता को रेखांकित किया।

# आईआईएमसी की 60 साल की शैक्षणिक विरासत में नया अध्याय, पहली बार पीएच.डी. पाठ्यक्रम की शुरूआत

## आईआईएमसी ने मीडिया और जनसंचार में अपने पहले पीएच.डी. पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया और स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अनुसंधान को सशक्त बनाने के लिए आईआईएमसी ने डॉक्टरेट कार्यक्रम की शुरूआत की

भारतीय जनसंचार संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) ने 1 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से अपने पीएच.डी. पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया, जो संस्थान की 60 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। पूर्णकालिक और अंश कालिक दोनों श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 1 जनवरी 2026 से शुरू हो गई है और यह 30 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। यूजीसी-नेट योग्यता वाले उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। वहीं, यूजीसी-नेट के बिना आवेदन करने वाले अंशकालिक उम्मीदवारों को 15 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा देनी होगी। चयनित उम्मीदवारों की सूची 23 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी और साक्षात्कार 9 मार्च 2026 से शुरू होंगे। प्रवेश की पूरी प्रक्रिया 27 मार्च 2026 तक पूरी कर ली जाएगी और कोर्सवर्क की शुरूआत 1 अप्रैल 2026 से होगी। पीएच.डी. प्रवेश पोर्टल के शुभारंभ पर बोलते हुए, आईआईएमसी की कुलपति डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि इस पीएच.डी. पाठ्यक्रम का उद्देश्य उभरते हुए भारत के लिए अनुसंधान में वास्तविक योगदान देना है। डॉ. पालीवाल गौड़ ने ऐसी अनुसंधान परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो लीक से हटकर हों और व्यापक स्तर पर समाज तथा राष्ट्र के लिए सहायक सिद्ध हों। आई आईएमसी में पीएच.डी. पाठ्यक्रम की शुरूआत के प्रतीक के रूप में, कुलपति ने नई दिल्ली परिसर में "ज्ञान वृक्ष" (नॉलेज ट्री) के रूप में 'कोविदार' का एक पौधा रोपा। आई आईएमसी के पीएच.डी. पाठ्यक्रम की परिकल्पना एक मजबूत शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने
इंटर डिसिप्लिनरी स्कॉलरशिप को प्रोत्साहित करने

# सपा मासिक बैठक में सावित्रीबाई फुले के विचारों को किया गया नमन

## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने किया वैचारिक आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में संगठन की मासिक बैठक भी संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की जबकि संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका ही नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति की प्रखर प्रतीक थीं। उन्होंने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया जब समाज में इसकी कल्पना तक नहीं की जाती थी। उन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव



रखी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को हथियार बनाकर शोषित व वंचित समाज को जागरूक करने का काम किया। उनका जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वालों के लिए आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। समाजवादी पार्टी उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और बराबरी तथा समानता की लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेगी। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों और जनसमस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, डॉ शालिनी राकेश, नगेंद्र सिंह, काला विधूड़ी, सुभाष तोमर, रवि बैसला, डा० जितेंद्र यादव, नदीम अल्वी, वंश प्रधान, शाहरुख, डॉ० सतीश गौड़, जितेंद्र भाटी, जगपाल यादव, अनुज यादव, मोमिना, आकिल राजपूत, इरशाद मलिक, दीपक गुर्जर, विशाल गुर्जर, सुरेंद्र त्यागी, मगन कश्यप सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पानीपत में होप आई केयर क्लीनिक का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण बागपत/चंडीगढ़।**

पानीपत शहर में नेत्र चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ बख्शी गुप्ता आई केयर सेंटर के सहयोग से होप हॉस्पिटल परिसर में होप आई केयर नामक आधुनिक नेत्र क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है। चंडीगढ़ में अपनी एथिकल, अफोर्डेबल और क्वालिटी आई केयर सेवाओं के लिए लोकप्रिय डॉ बख्शी गुप्ता आई केयर सेंटर की सुविधाएं अब पानीपत के नागरिकों को भी उपलब्ध हो गई हैं। इस अवसर पर होप हॉस्पिटल के



संचालक एवं बच्चों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ अजय जगलान की भूमिका को भी विशेष रूप से सराहा गया। उनके नेतृत्व में होप हॉस्पिटल लगातार भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। होप आई केयर क्लिनिक में अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यहां वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कविता काइला ( एमबीबीएस, एमएस - नेत्र रोग) तथा नेत्र विशेषज्ञ एवं फैको सर्जन डॉ नीरज गुप्ता (एमबीबीएस, डीएनबी झ नेत्र रोग, एफआईसीओ) मरीजों का उपचार करेंगे। इस नेत्र केंद्र में आंखों की जांच, उपचार एवं सर्जरी के लिए आधुनिक तकनीक और उन्नत उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। क्लिनिक का उद्देश्य मरीजों को सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। होप आई केयर क्लिनिक, हुडा सेक्टर-18, पानीपत में स्थापित किया गया है। यह लोकेशन जीटी रोड से सीधे जुड़ी हुई है, जिससे शहर के हर हिस्से से यहां पहुंचना आसान है। मॉडल टाउन जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की तुलना में सेक्टर-18 में ट्रैफिक कम रहता है। बेहतर कनेक्टिविटी, शांत वाता वरण और सुगम पहुंच के कारण यह क्लीनिक मरीजों के लिए एक सुविधाजनक विकल्प साबित हो रहा है। होप आई केयर क्लीनिक की ओपीडी सोमवार से शनिवार तक संचालित होगी।

# महलीपुर के आजाद चौहान बने मुंबई फिल्म इंडस्ट्री की पहचान

## --23 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म बॉर्डर-2, गांव में खुशी का माहौल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
विकासखंड क्षेत्र के गांव महलीपुर निवासी युवक आजाद चौहान मुंबई फिल्म जगत में रोल अदाकार के रूप में अपनी पहचान बनाकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। आगामी 23 जनवरी 2026 को उनकी बहु प्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर-2 रिलीज होने जा रही है, जिसे लेकर गांव महलीपुर सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है।गांव महलीपुर निवासी आजाद चौहान 18 फरवरी 2014 को अपने सपनों को साकार करने के लिए मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मुंबई पहुंचने के बाद शुरूआती दिनों में उन्हें कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ा। लंबे समय तक काम न मिलने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार प्रयास करते रहे। धीरे-धीरे उन्हें छोटे-मोटे सीरियल और किरदार मिलने लगे, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और फिल्मी दुनिया में आगे बढ़ने का रास्ता खुला।वर्ष 2019 में आजाद चौहान को पहली बार बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ फिल्म दबंग-3 में काम करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्हें साउथ इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत के साथ फिल्म दरबार में काम करने का मौका मिला। इन फिल्मों के बाद उनके करियर को नई दिशा मिली और उन्हें लगातार फिल्मों के ऑफर मिलने लगे।इसके बाद आजाद चौहान ने अक्षय कुमार के साथ पृथ्वीराज, विद्युत जामवाल के साथ सनक सहित कई अन्य



फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाईं। इसके साथ ही उन्होंने वेब सीरीज छत्रसाल सहित कई चर्चित वेब सीरीज में भी अभिनय कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
अब वर्ष 2026 में 23 जनवरी को उनकी फिल्म बॉर्डर-2 रिलीज होने जा रही है, जिसे लेकर उनके प्रशंसकों और गांववासियों में खासा उत्साह है। आजाद चौहान ने बताया कि वर्ष 2026 में उनकी कई और फिल्में भी रिलीज होने वाली हैं और बहुत जल्द वह साउथ इंडस्ट्री की एक नई फिल्म में भी नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई फिल्म जगत में आने से पहले उनका सपना था कि वह अपने जनपद और गांव का नाम रोशन करें, जो आज साकार हो रहा है। मुंबई में व्यस्त जीवन के बीच उन्हें अपने गांव के पुराने दिन, दोस्त और परिचित परिवारजन अक्सर याद आते रहते हैं और उनसे बातचीत भी होती रहती है। फिल्मों में व्यस्तता के चलते वह अक्सर गांव नहीं आ पाते, लेकिन उन्होंने जल्द ही गांव आकर अपने परिवारजनों और दोस्तों के साथ समय बिताने की इच्छा भी जताई। आजाद चौहान की इस सफलता से गांव महलीपुर के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है कि मेहनत, लगन और संघर्ष से बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं।
गांव महलीपुर निवासी आजाद चौहान की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। साधारण परिवार से निकलकर मुंबई फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना उनकी मेहनत, संघर्ष और मजबूत इरादों को दशार्ता है। ह्वबॉर्डर-2ह्व जैसी बड़ी फिल्म में काम कर आजाद चौहान ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची लगन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि से न सिर्फ गांव और जनपद का नाम रोशन हुआ है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को भी आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की नई प्रेरणा मिली है।

# भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

केंद्रीय मंत्रिमंडल के मेरे सहयोगी, गजेंद्र सिंह शेखावत जी, किरण रिजिजू जी, रामदास अठावले जी, राव इंद्रजीत जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था, उनको निकलना पड़ा और सभी मंत्रिगण के साथी दिल्ली के, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गर्वनर सक्सेना जी, Excellencies, Dip lomatic community के सभी माननीय सदस्य, Buddhist Sch olars, धम्म के अनुयायी, देवियों और सज्जनों। सवा सौ साल के इंतजार के बाद, भारत की विरासत लौटी है, भारत की धरोहर लौटी है। आज से भारतीय जन-मानस, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाएगा, भगवान बुद्ध का आशीर्वाद ले पाएगा। मैं इस शुभ-अवसर पर यहां उपस्थित, सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। इस पावन अवसर पर, बौद्ध परंपरा से जुड़े भिक्षु और धमाचार्य भी हमें आशीर्वाद देने के लिए यहां उपस्थित हैं। मैं आप सभी का वंदन करता हूं। आप सभी की उपस्थिति, इस आयोजन को नई ऊंचाई, नई ऊर्जा दे रही है। 2026 की शुरूआत में ही ये शुभ उत्सव, बहुत प्रेरणादायी है। और मेरे लिए भी सौभाग्य है कि 2026 का मेरा यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, जो भगवान बुद्ध के चरणों से शुरू हो रहा है। मेरी कामना है, भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से, 2026, दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव का नया दौर लेकर के आए।
जिस स्थान पर ये प्रदर्शनी लगी है, वो भी अपने आप में विशेष है। किला राय पिथौरा का ये स्थान, भारत के गौरवशाली इतिहास की यशभूमि है, इस ऐतिहासिक किले के इर्द-गिर्द, लगभग एक हजार साल पहले, उस समय के पूर्व शासकों ने, एक दृढ़ और मजबूत सुरक्षित दीवारों से घिरे नगर की स्थापना की थी। आज उसी ऐतिहासिक नगर परिसर में, हम अपने इतिहास की एक आध्यात्मिक और पुण्य गाथा को जोड़ रहे हैं
यहां आने से पहले मैंने विस्तार से इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी को देखा। भगवान बुद्ध के पवित्र रेलिक्स को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना, ये दोनों ही पड़ाव अपने आप में बहुत बड़ा सबक हैं। सबक ये है कि गुलामी सिर्फ राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती, गुलामी, हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है। भगवान बुद्ध के पवित्र रेलिक्स के साथ भी यही हुआ। गुलामी के कालखंड में इन्हें भारत से छीना गया, और तब से करीब सवा सौ साल तक, ये देश से बाहर ही रहे। जो लोग इन्हें भारत से लेकर गए थे, उनके वंशजों के लिए तो ये सिर्फ निर्जीव Antique पीस ही थे। इसलिए उन्होंने इन पवित्र अवशेषों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने का प्रयास किया, लेकिन भारत के लिए तो, ये पवित्र रेलिक्स हमारे आराध्य का ही एक अंश है, हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है। इसलिए भारत ने तय किया कि हम इनकी सार्वजनिक नीलामी नहीं होने देंगे। और मैं आज गोदरेज समूह का भी आभार व्यक्त करता हूं, उनके सहयोग से भगवान बुद्ध से जुड़े ये पवित्र अवशेष, भगवान बुद्ध की कर्मभूमि, उनकी चिंतनभूमि और उनकी महाबोधि भूमि और उनकी महा-परिनिर्वाण भूमि पर वापस लौटे हैं। भगवान बुद्ध का ज्ञान, उनका दिखाया मार्ग, पूरी मानवता का है और कालातीत है, ये समय में बदला हुआ नहीं है। ये भाव हमने बीते कुछ महीनों में बार-बार अनुभव किया। बीते कुछ महीनों में, भगवान बुद्ध से जुड़े पावन अवशेष जिस भी देश में गए, वहां आस्था और श्रद्धा का ज्वार उमड़ आया। थाईलैंड में अलग-अलग स्थानों में ऐसे ही पावन अवशेष रखे गए थे। महीने भर से भी कम समय में, वहां 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन किए। वियतनाम में जन-भावना इतनी प्रबल थी कि प्रदर्शनी की अवधि बढ़ानी पड़ी। वहां के नौ शहरों में करीब पौने दो करोड़ लोगों ने बुद्ध अवशेषों को नमन किया। मंगोलिया में गंदन मठ के बाहर, हजारों लोग घंटों-घंटों तक प्रतीक्षा करते रहे। कई लोगों ने सिर्फ इसलिए भारतीय प्रतिनिधियों को छूना चाहा, क्योंकि वे बुद्ध की भूमि से आए थे। रूस के काल्मिकिया क्षेत्र में, सिर्फ एक सप्ताह में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र रेलिक्स के दर्शन किए। ये वहां की आधे से भी अधिक आबादी के बराबर है। विभिन्न देशों में, हुए इस आयोजन में, क्या आम जन, क्याhead of the government,, सभी एक समान श्रद्धा से जुड़े। भगवान बुद्ध सबके हैं, भगवान बुद्ध सबको जोड़ते हैं।
मैं खुद को बहुत भाग्यशाली समझता हूं, क्योंकि भगवान बुद्ध का मेरे जीवन में बहुत ही गहरा स्थान रहा है। मेरा जन्म जिस वडनगर में हुआ, वो बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। जिस भूमि पर भगवान बुद्ध ने अपने प्रथम उपदेश दिए, वो सारनाथ आज मेरी कर्मभूमि है। जब मैं सरकार के दायित्वों से दूर था, तब भी मैं एक तीर्थयात्री के रूप में बौद्ध तीर्थस्थलों की यात्रा करता रहता था। प्रधानमंत्री के रूप में तो मुझे दुनियाभर में बौद्ध तीर्थों में जाने का सौभाग्य मिला है। नेपाल के लुम्बिनी में, पवित्र मायादेवी मंदिर में नतमस्तक होना, अपने आप में अद्भुत अनुभव था। जापान में तो-जी मंदिर और किंकाकु-जी में, मैंने महसूस किया कि बुद्ध का संदेश समय की सीमाओं से आगे है। मैं चीन में शीआन की बिग वाइल्ड गूज पैगोडा में, वहां भी गया, जहाँ से बौद्ध ग्रंथ पूरे एशिया में पहुँचे, वहां भारत की भूमिका आज भी स्मरण की जाती है। मैं मंगोलिया के गंदन मठ में गया, तो मैंने देखा कि लोगों की आँखों में बुद्ध की विरासत से कितना जुड़ाव है। श्रीलंका के अनुराधापुरा में जया श्री महाबोधि के दर्शन करना, उस परंपरा से जुड़ने का एहसास था, जिसके बीज सम्राट अशोक, भिक्कू महेंदा और संघमित्रा जी ने बोए थे। थाईलैंड के वाट फो और सिंगापुर के बुद्ध टूथ रेलिक मंदिर की यात्राओं ने, भगवान बुद्ध के संदेशों के प्रभाव को लेकर मेरी समझ को और गहराई दी। मैं जहां-जहां गया, मेरा प्रयास रहा कि मैं भगवान बुद्ध की विरासत का एक प्रतीक वहां के लोगों के बीच में जोड़कर के लौटूं। और इसलिए चीन, जापान, कोरिया, मंगोलिया, मैं जहां भी गया, बोधि वृक्ष के पौधे लेकर के गया था। आप कल्पना कर सकते हैं, जिस हिरोशिमा पर, उस हिरोशिमा शहर को एटम बम ने तबाह कर दिया था, वहां के बॉटनिकल गार्डन में बोधि वृक्ष का होना, मानवता के लिए कितना बड़ा मैसेज बना है। भगवान बुद्ध की हमारी ये साझा विरासत, इस बात का भी प्रमाण है, कि भारत सिर्फ पॉलिटिक्स, डिप्लोमेसी और इकॉनॉमी से ही नहीं जुड़ता, बल्कि हमारा जुड़ाव कहीं गहरा है। हम मन और संवेदनाओं से जुड़े हैं, हम आस्था और आध्यात्म से भी कनेक्टेड हैं। भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। पिपरहवा, वैशाली, देवनी मोरी और नागार्जुन कोंडा से प्राप्त भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेष, बुद्ध के संदेश की जीवित उपस्थिति हैं। भारत ने इन अवशेषों को, साइंस और आध्यात्म, हर रूप में संभाला है, सहेजा है।
भारत का ये भी निरंतर प्रयास रहा है, कि दुनिया में बौद्ध विरासत से जुड़े भी स्थान हों, जो भी स्थान हों, उनके विकास के लिए हम यथासंभव योगदान दे सकें। जब नेपाल में आए भीषण भूकंप ने प्राचीन स्तूपों को नुकसान पहुंचाया, तो भारत ने इसके पुनर्निर्माण में सहयोग दिया। म्यांमार के बागान में आए भूकंप के बाद, हमने 11 से अधिक पगोडाओं का संरक्षण किया। ऐसे अनेक उदाहरण हैं। भारत में भी बौद्ध परंपरा से जुड़े स्थानों और अवशेषों की खोज, और उनके संरक्षण का काम निरंतर चल रहा है। जैसा मैंने आपको पहले कहा, मेरा जन्मस्थान गुजरात का वडनगर, बौद्ध परंपरा का एक बहुत बड़ा केंद्र रहा है। मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वहां बौद्ध परंपरा से जुड़े हजारों अवशेष मिले थे। आज हमारी सरकार इनके संरक्षण पर भी बल दे रही है, और आज की पीढ़ी को इनसे जोड़ भी रही है। वहां एक शानदार एक्सपीरिएंशल म्यूजियम भी बनाया गया है, जो करीब 2500 वर्ष के इतिहास का अनुभव देता है। अभी कुछ महीने पहले ही, जम्मू-कश्मीर के बारामूला में बौद्ध काल की प्रमुख बुद्धिस्ट साइट का पता चला है। अब इसके संरक्षण का काम तेज किया जा रहा है। पिछले 10-11 वर्षों में भारत ने बौद्ध स्थलों को आधुनिकता से जोड़ने का भी प्रयास किया है। बोधगया में कन्वेंशन सेंटर और मेडिटेशन व एक्सपीरियंस सेंटर बनाया गया है। सारनाथ में धमेख स्तूप पर लाइट एंड साउंड शो और बुद्ध थीम पार्क का निर्माण किया गया है। श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर में, आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया गया है। तेलंगाना के नालगोंडा में एक Digital Experience Centre बनाया गया है। सांची, नागार्जुन सागर, अमरावती, इन सभी जगहों पर तीर्थयात्रियों के लिए नई सुविधाएं विकसित की गई हैं। आज देश में एक बौद्ध सर्किट बनाया जा रहा है, ताकि भारत के सभी बौद्ध तीर्थ स्थलों की आपस में बेहतर कनेक्टिविटी हो, और दुनियाभर के तीर्थयात्रियों को आस्था और आध्यात्म का एक बेहतरीन अनुभव मिल सके। हमारा प्रयास है कि बौद्ध विरासत, सहज रूप से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन, वैशाख और आषाढ़ पूर्णिमा जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के पीछे यही सोच है। आप सभी जानते हैं, कि भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएं मूल रूप से पाली भाषा में हैं। हमारा प्रयास है कि पाली भाषा सामान्य जन तक पहुंचे। इसके लिए पाली को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया गया है। इससे धम्म को, उसके मूल भाव को समझना और समझाना और अधिक आसान हो जाएगा। इससे बौद्ध परंपरा से जुड़ी रिसर्च को भी बल मिलेगा।

भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन ने सीमाओं और भौगोलिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर, दुनिया को एक नई राह दिखाई है। भवतु सब्ब मंगलम्] रक्खन्तु सब्ब देवता, सब्ब बुद्धा नुभावेन"सदा सुत्ति भवन्तु ते। इसमें पूरे विश्व के कल्याण की ही तो कामना है। भगवान बुद्ध ने पूरी मानवता को अतिवाद से बचाने का प्रयास करते हुए, अपने अनुयायियों से कहा- " अत्त दीपो भव भिक्खवे! परीक्ष्य भिक्षवो ग्राह्यम्, मद्वचो न तु गौरवात।" अर्थात भिक्खुओं, अपना दीपक स्वयं बनो।

# पहली महिला शिक्षका सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर किया नमन



**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय महाविद्यालय कालांवाली सिरसा में इतिहास विषय परिषद द्वारा भारत की पहली महिला शिक्षका सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य दिलराज सिंह की अध्यक्षता में तथा इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम लाल बलजोत के संयोजन से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य दिलराज सिंह द्वारा नारी मुक्ति की प्रणेता एवं क्रांतिकारी समाजसेविका सावित्रीबाई फुले को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर राम लाल बलजोत ने सावित्रीबाई फूल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सावित्रीबाई फुले एक महान क्रांतिकारी तथा ज्ञान की देवी थी जिन्होंने भारत में महिलाओं को शिक्षित करने के लिए एक आंदोलन ही नहीं बल्कि नारी शिक्षा में बाधा डालने वालों परंपरागत रूढ़िवादियों डटकर मुकाबला किया। जब वह महिलाओं को शिक्षित करने के लिए घर से बाहर जाती थी तो परंपरागत रूढ़िवादियों द्वारा उस पर गोबर तथा कीचड़ फेंका जाता था इसलिए वह अपने साथ एक अतिरिक्त साड़ी लेकर जाती थी जिसको पहनकर वह स्त्री शिक्षा की अलख को जगाती रहती थी। सावित्रीबाई फुले ने गर्भवती विधवा काशीबाई को अपने आश्रम में आश्रेय देकर जच्चा बच्चा को जीवन दान ही नहीं दिया बल्कि विधवा काशीबाई के नवजात शिशु यशवन्त राय को गोद लेकर उसका अच्छे से पालन पोषण किया तथा पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनाया। जिससे विधवाओं को एक नई जिंदगी जीने की प्रेरणा मिली। सावित्रीबाई फुले के प्रयास से अनेक विधवा आश्रम खोले गए यहां पर विधवाओं को शिक्षित करके सम्मानित जनक जीवन जीने के आत्मनिर्भर बनाया गया । सावित्री बाई ने अपने पति ज्योतिबाराय फुले द्वारा स्थापित सत्यशोधक समाज में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विधवा पुनर्विवाह पर बल दिया। सती प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत, सामाजिक असमानता का जोर धार विरोध तथा स्त्री शिक्षा के लिए बालिका विद्यालय की स्थापना करके महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाई जिससे आज भारत की महिलाए शिक्षा में हर क्षेत्र में आगे आ रही है तथा भारत का नाम रोशन कर रही है।इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रोफेसर जसपाल सिंह, प्रोफेसर जितेन्द्र, प्रोफेसर गीता कुमारी डॉ हरजीत सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कैथल में महात्मा ज्योतिबा फूले चौक का उद्घाटन, सावित्रीबाई फूले की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

कैथलः हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सैनी ने आज कैथल के चंदाना गेट पर नगर परिषद द्वारा निर्मित महात्मा ज्योतिबा फूले चौक का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा का विधिवत अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर श्रीमती सुमन सैनी ने माता सावित्रीबाई फूले की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावित्रीबाई फूले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने न केवल महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया बल्कि समाज के वंचित वर्गों को भी शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका योगदान समाज के पिछड़े और वंचित तबके के उत्थान में आज भी प्रेरणा का स्रोत है।

श्रीमती सुमन सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्रीबाई फूले के आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही समाज सुधार और सामाजिक समानता की सबसे बड़ी कुंजी है। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों को बच्चों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।

महात्मा ज्योतिबा फूले चौक का उद्घाटन नगर परिषद की ओर से समाज और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। समारोह में नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए किए गए प्रयास हमेशा याद रखे जाएंगे और यह चौक युवाओं को प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे फूले परिवार के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# हरियाणा सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध




**समाज जागरण**

चंडीगढ़ः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं को एडवांस तकनीकी कौशल और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उनका उद्देश्य भारत को वैश्विक कौशल विकास में अग्रणी देशों में शामिल करना और भविष्य के लिए एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स तैयार करना है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में देशों की सफलता उनकी कौशल क्षमताओं और तैयार वर्कफोर्स पर निर्भर करती है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है ताकि भारत के युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। हरियाणा में कौशल संपन्न युवाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि विदेश सहयोग विभाग और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से राज्य युवाओं के लिए विदेशों में रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवा तकनीकी दक्षता, उद्यमिता और नवाचार में सक्षम हैं। उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण, वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल विकास और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके न केवल विदेशों में बल्कि भारत में भी रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास न केवल युवाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी योगदान देगा। हरियाणा सरकार निरंतर प्रयासरत है कि युवा हर स्तर पर अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें और वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना सकें।

# हरियाणा की टीमों का चयन 19वीं सर्कल नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 5 जनवरी को

**समाज जागरण**

पानीपतः हरियाणा में 19वीं सर्कल नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) में भाग लेने के लिए राज्य स्तरीय टीमों के चयन हेतु ट्रायल 5 जनवरी 2026 को गांव सुताना (मतलौडा), जिला पानीपत में आयोजित किए जाएंगे।

विकास एवं पंचायत मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने कहा कि चयन में खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीक, कौशल और प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। ट्रायल के दौरान प्रत्येक खिलाड़ी का अलग-अलग मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे केवल योग्यतम प्रतिभागियों का चयन हो।

श्री पंवार ने बताया कि इस बार की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 10 से 12 जनवरी 2026 तक श्री गुरुद्वारा साहिब, बाजपुर (नैनीताल, उत्तराखंड) में आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे तैयारी पूरी करें और ट्रायल में निष्ठा, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लें।

हरियाणा की टीमों का उद्देश्य न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है, बल्कि राज्य की कबड्डी की परंपरा और गौरव को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना भी है। मंत्री ने यह भी कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं में खेल-कौशल, टीम भावना और अनुशासन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ट्रायल और प्रतियोगिता से संबंधित सभी जानकारी हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की वेबसाइट और जिला खेल अधिकारियों के माध्यम से उपलब्ध होगी। मंत्री श्री पंवार ने खिलाड़ियों और कोचों से अपील की कि वे अपने प्रशिक्षण और रणनीति पर विशेष ध्यान दें और हरियाणा का नाम ऊँचा करें।

# हरियाणा में खेल स्टेडियमों का कायाकल्पः 114 करोड़ रुपये जारी

**समाज जागरण**

पंचकूलाः प्रदेश के खेल स्टेडियमों के कायाकल्प और आधुनिकरण के लिए हरियाणा सरकार ने कुल 114 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इस राशि का उपयोग खेल स्टेडियमों की मरम्मत, आवश्यक सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने में किया जाएगा। कई स्थानों पर कार्य पहले ही शुरू हो चुके हैं। पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि खेल अवसंरचना को सशक्त बनाने और प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई भविष्य में ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने का केंद्र बनेगी।

मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि स्टेडियमों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा और उन्हें बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने हेतु डीएससी (डिविजनल स्पोर्ट्स कमेटी) के माध्यम से पहल की जाएगी। इसका उद्देश्य प्रदेश के खिलाड़ियों को एक पेशेवर प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करना और खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाना है।

उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने और उन्हें नई तकनीकों के अनुसार प्रशिक्षित करने के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। स्टेडियमों के कायाकल्प से न केवल खेल का स्तर सुधरेगा, बल्कि स्थानीय खेल आयोजन और प्रतियोगिताओं के लिए भी बेहतर वातावरण तैयार होगा।

# केंद्र और प्रदेश सरकार कुरुक्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की योजनाओं पर कर रही है कामः विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का लक्ष्य लेकर बढ़ेंगे आगे, ब्रह्मसरोवर के क्षेत्र की स्वच्छता का जिम्मा अब नगर परिषद के पास,हुडा के सेक्टरों की निरंतर सफाई के लिए आगामी 7 दिन में एजेंसी को सौंपा जाएगा जिम्मा,इलेक्ट्रिक बस सेवा के बाद शहर में हॉप ऑन हॉप सिटी बस सेवा को भी शुरू करने की योजना,स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नागरिकों को करें जागरूक, टीम को दें पॉजिटिव रिस्पांस,म्हारी सडक एप पर अपलोड करें समस्या, समाधान का मिलेगा फीडबैक,फरवरी में तैयार हो जाएंगे झांसा, ढांड व पिहोवा-पटियाला मार्ग**



**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार कुरुक्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की योजनाओं पर काम कर रही है, ताकि देश के कोने-कोने से लोग यहां पर निरंतर आएं। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र को पर्यटन के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। इसके लिए समाजसेवी धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ आमजन की सोच और सुझाव को भी सुमार किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि कुरुक्षेत्र में देश विदेश से ज्यादा से ज्यादा पर्यटक व श्रद्धालु पहुंचे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित पत्रकार नववर्ष मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पत्रकारों से सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि कहा कि सरकार व जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने पिछले लंबे समय से शहर में अभियान चलाया हुआ है, जिसे आगे भी निरंतर बनाकर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर के क्षेत्र की स्वच्छता का जिम्मा अब नगर परिषद के पास है। पहले इस क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था केडीबी के पास रहती थी। इसी बात को देखते हुए अब सफाई का जिम्मा नगर परिषद को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि हुडा के सेक्टरों की निरंतर सफाई के लिए आगामी 7 दिन में एजेंसी को जिम्मा सौंपा जाएगा। इसके बाद सेक्टरों की सफाई में कोई और अच्छे से हो पाएगी। अब तक हुडा सेक्टरों में नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था को देखा जा रहा था।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शहर में इलेक्ट्रिक बसों को शुरू किया गया है। इसका शेड्यूल व समय सारणी भी जारी कर दी गई है। इस इलेक्ट्रिक बस सेवा के सफल होने के बाद शहर में हॉप ऑन हॉप सिटी बस सेवा को भी शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, ताकि योग्य व्यक्ति इसका लाभ उठा सके।

**स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नागरिकों को करें जागरूक**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जल्द ही स्वच्छ सर्वेक्षण प्रदेश में होने जा रहा है। प्रदेश के अन्य शहरों की तुलना में कुरुक्षेत्र स्वच्छता की दृष्टि से काफी अग्रणी है। प्रदेश व देश में रैंकिंग के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयासों की जरूरत है। इसमें नागरिकों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि जब भी सर्वेक्षण के लिए टीम शहर में आएगी तब टीम द्वारा नागरिकों से फीडबैक लिया जाएगा। इस दौरान मीडिया, दुकानदारों व आमजन से बातचीत की जाएगी। बातचीत के दौरान नागरिकों को टीम के सामने व अन्य एप पर अपना पॉजिटिव रिस्पांस देना होगा। करीब 30 प्रतिशत अंक नागरिकों की फीडबैक पर निर्भर करता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष 2026 में आगामी तीन माह में कुरुक्षेत्र के लोगों का ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पूरा हो जाएगा। इसे प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद नागरिकों को पांच फाटकों से निजात मिलेगी। इसके अलावा सरकार लोगों को बाइपास जैसे प्रोजेक्ट की भी सौगात देगी। इस प्रोजेक्ट पर सकारात्मक रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की तरफ से कई बड़ी योजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं का असर आगामी दो तीन माह में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 का अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 5 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बैठक का भी आयोजन किया जा चुका है।

**म्हारी सडक एप पर अपलोड करें समस्या, समाधान का मिलेगा फीडबैक**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने म्हारी सडक नाम से एक एप को लॉच किया हुआ है। इस एप पर किसी भी सडक की समस्या को फोटो के साथ अपलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही 50 शब्दों में अन्य जानकारी भी डाल सकते हैं। एप पर प्रदेश की सभी सडकों को विभागों के अनुसार मैप किया गया है। उन्होंने कहा कि इस एप पर शिकायत का समाधान करने के बाद रिपोर्ट व फीडबैक दिया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय की समीक्षा टीम शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लेगी।

**फरवरी में तैयार हो जाएंगे झांसा, ढांड व पिहोवा-पटियाला मार्ग**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि फरवरी माह तक कुरुक्षेत्र से झासा और कुरुक्षेत्र से ढांड मार्ग को तैयार किया जाएगा। इसी तरह पिहोवा से पटियाला मार्ग को भी फरवरी में तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समय अधिक सर्दी के कारण मटेरियल ठीक से मिक्स नहीं हो पाता। इसलिए इस काम को कुछ दिनों के बाद शुरू किया जाएगा। इन मार्गों के निर्माण होने के कारण नागरिकों व वाहन चालकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं रहेगी।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने संत कबीर कुटीर में निहंग सिंह संप्रदाय से की मुलाकात



**समाज जागरण**

चंडीगढ़/पंजाबः मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने हाल ही में संत कबीर कुटीर में निहंग सिंह संप्रदाय के प्रमुखों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 25 नवंबर को आयोजित 350वें शहीदी समागम के लिए निहंग सिंहों द्वारा दिया गया साधुवाद स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि निहंग सिंह संप्रदाय ने हमेशा राष्ट्र और समाज की सेवा में निर्भीक भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि 1984 के दंगों में प्रभावित 121 सिख परिवारों के प्रत्येक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी समृद्ध और खुशहाल रहा पंजाब आज कर्ज और नशे जैसी चुनौती से जूझ रहा है, ऐसे समय में निहंग सिंहों का योगदान राष्ट्र निर्माण और सामाजिक न्याय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने निहंग संप्रदाय की वीरता और समाज के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्लजहाँ निहंग सिंह खड़े हुए, वहाँ अधर्म नहीं ठहरा। उनका साहस और समाज के प्रति प्रतिबद्धता हमें प्रेरित करती है।ह्व उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी शहीदी समागम में निहंग सिंहों की भागीदारी युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और प्रबल करेगी।

इस अवसर पर निहंग संप्रदाय के वरिष्ठ सदस्य और समाजसेवी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें पंजाब की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को बनाए रखने के लिए उनके योगदान की सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने वेस्टर्न कमांड मुख्यालय का दौरा कर भारतीय सेना की भूमिका की सराहना की



**समाज जागरण**

चंडीमंदिर, चंडीगढ़ः मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने आज वेस्टर्न कमांड मुख्यालय, चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास और उसकी उच्च परिचालन क्षमताओं का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन ह्यसिंदूरह्ण सहित सेना द्वारा किए गए विभिन्न मानवीय सहायता और राहत अभियानों में वेस्टर्न कमांड की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा देश की सुरक्षा के साथ-साथ संकट की घड़ी में नागरिकों की सहायता में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने सेना के जवानों और सेवानिवृत्त सैनिकों के सशक्तिकरण और युवाओं के कौशल विकास के क्षेत्र में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सेना और राज्य सरकार का सहयोग समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में देशभक्ति और अनुशासन की भावना पैदा करने में भारतीय सेना का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अधिकारियों और सैनिकों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार आवश्यक संसाधन और योजनाओं के माध्यम से सेना और उसके पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने वेस्टर्न कमांड के विभिन्न प्रतिष्ठित परिचालन क्षेत्रों का अवलोकन किया और सैनिकों की उच्च तकनीकी प्रशिक्षण प्रणालियों, रणनीतिक क्षमताओं और मानवीय अभियानों में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना की यह प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की भलाई दोनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री को परिचालन प्रणाली और कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

# 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने किया युवाओं को झंडी दिखाकर रवाना

**समाज जागरण**

पंचकूलाः 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत आयोजित प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने युवा प्रतिनिधिमंडल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे युवाओं के संकल्पों की उड़ान तथा हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने कहा, ह्लकिसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा शक्ति से तय होता है। राष्ट्रीय मंच पर हमारे युवा केवल कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि हरियाणा की आन-बान और शान के रूप में कदम रखेंगे। प्रदेश सरकार ने युवाओं को नीतियों के केंद्र में रखा है और हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें और न केवल कला, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक, तकनीकी और व्यवसायिक क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी जोर दिया कि युवा किसी भी चुनौती से नहीं डरें, बल्कि उसे अवसर में बदलने की क्षमता रखें।

इस कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, युवा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ संवाद कर उनकी योजनाओं और अपेक्षाओं को समझा और उन्हें मार्गदर्शन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा न केवल अपने व्यक्तिगत विकास बल्कि प्रदेश की गौरव गाथा को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार हमेशा युवाओं के सशक्तिकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

कार्यक्रम का समापन युवा प्रतिनिधिमंडल द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के साथ हुआ, जिसमें ऊर्जा और उत्साह के साथ युवाओं ने अपने संकल्पों की उड़ान भरी।

# 7 दिवसीय श्रीमद देवी कथा का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

कालांवाली 3जनवरी 2026 (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 1 फरवरी से 7 फरवरी तक महाजन धर्मशाला, मण्डी कालांवाली में सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु संस्थान विभिन्न मंदिरों से संध्या फेरियों का आयोजन करेगा।इस क्रम की प्रथम संध्या फेरी कल रविवार, 4 जनवरी को खाटू श्याम मंदिर, कालांवाली से निकाली जाएगी। यह फेरी दोपहर 2 बजे मंदिर से प्रारंभ होगी ।संध्या फेरी को श्री प्रदीप जैन (जिला अध्यक्ष आढ़तिया एसोसिएशन, सिरसा), एवं श्री श्याम संकीर्तन मण्डल ट्रस्ट, मण्डी कालावली द्वारा किया जायेगा । संस्थान के प्रवक्ता श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी ज्ञानेशानंद जी ने बताया कि इन फेरियों का उद्देश्य जनमानस को अध्यात्म से जोड़ते हुए विश्व में शांति और सद्भाव का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर आज का समाज भौतिकवाद की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं संस्थान निरंतर आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार हेतु समर्पित है।स्वामी जी ने इस बात पर भी बल दिया कि अध्यात्म केवल वृद्धजनों या संन्यासियों के लिए नहीं, बल्कि यह हर मनुष्य के जीवन में शांति, स्थिरता और आनंद का मार्ग है। उन्होंने कहा कि ह्यशांतिह्ण कोई बाहरी उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारे अंतरात्मा की गहराई में छिपा हुआ खजाना है, जिसे एक सच्चे आध्यात्मिक गुरु के मार्गदर्शन में ही प्राप्त किया जा सकता है।अतः स्वामी ज्ञानेशानंद जी ने सभी श्रद्धालुओं से नम्र निवेदन किया है कि वे रविवार, 4 जनवरी को आयोजित संध्या फेरी में भाग लेकर इस आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा बनें और शिव कथा के पावन संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करें।



# हरियाणा सरकार का फोकसः कौशल प्रशिक्षण से सीधे रोजगार तक युवाओं को सक्षम बनाना

**समाज जागरण**

चंडीगढ़ः हरियाणा सरकार ने युवाओं को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को अपनी शीर्ष प्राथमिकता घोषित किया है। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य के आईटीआई और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों से निकलने वाला हर युवा सम्मानजनक नौकरी पाए, यही कौशल विभाग का मुख्य उद्देश्य है।

मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय स्तर के अधिकारी एक-एक जिले की जिम्मेदारी संभालें, ग्राउंड पर जाकर आईटीआई भवनों की फिटनेस और सुरक्षा का निरीक्षण करें तथा जर्जर भवनों की रिपोर्ट तैयार करें। उनका कहना था कि इस दिशा में कदम बढ़ाने से नए और आधुनिक भवनों का निर्माण संभव हो सकेगा, जो युवाओं के प्रशिक्षण के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएंगे।




मंत्री ने विदेशों में युवाओं के रोजगार अवसरों को बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोजगार मेलों के वास्तविक प्लेसमेंट आंकड़ों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि नीति और योजना प्रभावी ढंग से लागू हो। इसके अलावा उन्होंने युवा सक्षम योजना, गुरु-शिष्य योजना और अन्य फ्लैगशिप स्कीम्स को तय समयसीमा में पूरा करने पर विशेष बल दिया। श्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य में तकनीकी प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ना ही कौशल विकास की सच्ची सफलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने और रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, आईटीआई संस्थानों के प्रबंधक और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंत्री ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य हर युवा को सक्षम और रोजगारोन्मुख बनाना है।

# सेवानिवृत सूबेदार राकेश पांडेय का गांव में हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ दानगंज**

भारतीय सेना में असम में सूबेदार पद पर तैनात रहे ग्राम भवानीपुर निवासी राकेश कुमार पांडे (49) के सेवानिवृत्त होकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। बुधवार को गांव पहुंचते ही ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और देशभक्ति नारों के साथ उनका अभिनंदन किया गया।



ग्रामीणों ने सूबेदार पांडे को कंधों पर उठाकर सम्मानित किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गांव का माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और बच्चे मौजूद रहे। सम्मान समारोह में सूबेदार पांडे ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए युवाओं से अनुशासन और देशसेवा को जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मिठाइयों का वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बड़ा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज बड़ा गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एआरटीओ प्रवक्ता सुधांशु रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लाल रिफ्लेक्टर/स्टिकर लगाना अनिवार्य बताया।



सुधांशु रंजन ने यह भी जानकारी दी कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार द्वारा उसे 25,000 की सहायता राशि दी जाएगी और उस पर किसी भी प्रकार की कानूनी या कागजी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे ने किया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, सोनू, आलोक कुमार दुबे, ट्विंकल, शैलेश कुमार दुबे, रिंकू, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, बबलू, पूर्व प्रधान करमपुर शिव तिवारी, बंटी तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम से ग्रामीणों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी और लोगों ने नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# चकखरावन में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

बड़ागांव (वाराणसी)। सीएफएल बरागांव के तत्वावधान में आज गांव में एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के सम्मानित ग्रामवासी तथा आरोह टीम के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर लोगों को पावर ऑफ कंपाउंडिंग, साइबर सुरक्षा, स्टूडेंट्स के लिए बैंकिंग एसेंशियल्स तथा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

शिविर में बैंक के माध्यम से संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे – प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं



सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में भी ग्रामवासियों को समझाया गया और उनके लाभ बताए गए।

इसके साथ ही लोगों को बचत के महत्व पर जोर देते हुए बताया गया कि नियमित बचत कैसे करें ताकि भविष्य में आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

इस कार्यक्रम में एफसी मनीष सिंह सहित आरोह टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। शिविर से ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता बढ़ी और लोगों ने योजनाओं से जुड़ने में रुचि दिखाई।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । हरहुआ क्षेत्र के हरिहरपुर ग्राम में जन कल्याण सोशल सोसाइटी के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक समानता एवं जागरूकता के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन, महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके साहसिक प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार, प्रमोद पटेल, अनिल कुमार, रतन, बृजेश, गीता, शकुंतला, गितौरी सहित गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात करने और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में जन कल्याण सोशल सोसाइटी द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगकताओं एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# चोलापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई दो गौ-तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ।**

दानगंज, चोलापुर पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना चोलापुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गुरुवार तड़के गौ-तस्करी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 08 राशि जिन्दा गोवंश (बछड़े) तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम क्षेत्र में सक्रिय थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग पिकअप वाहन में गोवंशों को





अवैध रूप से लादकर वध के उद्देश्य से ले जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की।

पुलिस ने आज दिनांक 03 जनवरी 2026 को सुबह करीब 6.45 बजे ग्राम भोहर सोनी ईंट भट्ठे के पास से एक पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में अवैध रूप से लदे 08 जिन्दा गोवंश बरामद किए गए। मौके से पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकित राजभर पुत्र सर्वेश राजभर (उम्र करीब 27 वर्ष) एवं बादल पुत्र विनोद राजभर (उम्र करीब 19 वर्ष), निवासीगण ग्राम काकलपुर, थाना चोलापुर, कमिश्नरेट वाराणसी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चोलापुर में मु0अ0सं0 0507/2025 धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्तों द्वारा गोवंशों को अवैध रूप से वध के लिए ले जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। बरामद गोवंशों को सुरक्षित स्थान पर भेजते हुए पशु चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टाटा ऐस पिकअप वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP 65 CT 7874 है, को भी कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह से अन्य लोग भी जुड़े हैं या नहीं।

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार, उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह, उपनिरीक्षक अभिजीत सिंह, कांस्टेबल अमित सिंह, कांस्टेबल अविनाश शर्मा, कांस्टेबल देवी प्रसाद, कांस्टेबल आदित्य कुमार तथा कांस्टेबल बीर बहादुर राम शामिल रहे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में गौ-तस्करी एवं पशु क्रूरता से जुड़े अपराधों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायत पर दोषी केन्द्र प्रभारियो पर होगी प्राथमिकी: अवधेश सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने कोन विकासखंड अंतर्गत कोन लैम्पस और कचनरवा लैम्पस मे खुले धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया।

कचनरवा मे 4600 कुंटल खरीद पाई गयी ।केन्द्र प्रभारी उदयवीर ने बताया कि डिलीवरी न होने के कारण गोदाम मे जगह नही है।

एडीसीओ ने प्रभारी को निर्देशित किया कि क्रय एजेंसी से संपर्क कर तत्काल डिलीवरी सुनिश्चित करायें।

कोन लैम्पस मे 12:30 बजे तक प्रभारी आशुतोष अनुपस्थित पाए



गए। उनके द्वारा मोबाइल फोन भी नही उठाया जा रहा था।

आस पास के किसानो द्वारा शिकायत की गई कि प्रभारी अक्सर पलायित रहते है तथा बगैर तौल हुए आनलाईन खरीद कर ली जाती है।

एडीसीओ ने बताया कि केन्द्र पर 3500 कुंटल के लक्ष्य के सापेक्ष 6000 से अधिक खरीद की रिपोर्टिंग है तथा डिलीवरी शून्य है। उन्होने किसानो को आश्वस्त किया कि स्थानीय सभी किसानो की धान खरीद सुनिश्चित कराई जाएगी तथा पूर्व मे हुई खरीद के किसानो का सत्यापन भी कराया जाएगा।चूंकि कल हजरत अली जयंती तथा परसो रविवार का अवकाश है अतः सोमवार से पुनः खरीद प्रारंभ होगी।

एडीसीओ ने कहा कि धान खरीद मे पारदर्शिता और नियमबद्धता सबसे जरूरी है ।नियमो से विचलन की स्थिति मे दोषी केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध सुसंगत धाराओ मे प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# कुएं में गिरे व्यक्ति की हुई मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी थाना क्षेत्र के गजेपुर गांव में शुक्रवार की देर रात करीब 12 बजे शराब के नशे युवक ने कुएं में कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय कृष्ण मनोहर गावस्कर उर्फ आलोक के रूप में हुई है। वह देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा था। वह किसी बात को लेकर परेशान दिखाई दे रहे थे। परिजनों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन घर के सामने स्थित पुराने कुएं से आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो, देखा आलोक को कुएं में गिरा हुआ है।सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।वहीं, पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला नशे की हालत में संतुलन बिगड़ने या आत्महत्या का प्रतीत होता है। मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मृतक बिजली विभाग में संविदा पर मीटर लगाने का काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विद्युत उपकेंद्र आयर के औरा फीडर की 03 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 04 जनवरी दिन रविवार को समय सुबह 11.00बजे से दोपहर 02.00 बजे तक 33 / 11 केवी विद्युत उपकेंद्र आयर से निकलने वाले औरा फीडर की विद्युत आपूर्ति प्राथमिक विद्यालय उदयपुर के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन की शिफ्टिंग हेतु बाधित रहेगी।

इस कारण उदयपुर , चंदापुर अटेसुआ, मुर्दहा ,महावीर बाजार की आपूर्त बंद रहेगी। उक्त आशय की जानकारी श्रीपति तिवारी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड आयर ,चिरईगांव ने दी है।

# गाँव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधान, सचिव संसाधनों का करें सदुपयोग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। ग्राम स्वराज की कल्पना तभी साकार होगी जब पंचायतें सशक्त होंगी। गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधान व सचिव उपलब्ध संसाधनों का ससमय सदुपयोग करने की दिशा में तय जिम्मेदारीयों को पूरा करें।

उक्त बातें हरहुआ ब्लाक सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत संचालित दो दिवसीय प्रधान व सचिव प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने सम्बोधन में व्यक्त किया।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत ग्राम पंचायतें स्वयं के आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाते हुए मौजूद संसाधनों जैसे सीएचसी सेंटर पर हर तरह की सेवाएं देने,आर0 आर0 सी0 केंद्र में





एकत्रित कूड़ों की छटाई, बिक्री से आय और 'एस एल डब्लू एम' में क्रय टोटो गाड़ी से कूड़ा उठान और हर परिवार से शुल्क लेने, तालाबों में मत्स्य पालन सहित अन्य स्रोत से आय लेने की जानकारी प्रशिक्षक वीरेंद्र श्री वास्तव व शैलजा देवी ने दिया।

समापन अवसर पर एडीओ पंचायत रवि सिंह ने कहा कि पांच पंचायतों के प्रधान व सचिव मिलकर अपने पंचायत को एक नई पहचान देकर अन्य लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।

प्रशिक्षण में पुआरी कला ,आयर , गोसाईपुर मोहाव, हरहुआ व काजीसराय के प्रधान व सचिव शामिल रहे।

समापन अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष व सचिव जयप्रकाश भारती, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास रविप्रकाश सिंह, सचिव संजय सोनकर ,गौरव विश्वकर्मा , सत्येंद्र कुमार व चंदा सिंह शामिल रहे।

# जेसीआई ने कड़ाके की ठंड में जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को बांटे कंबल

**समाज जागरण संवाददाता: कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जेसीआई लखीमपुर द्वारा जिला चिकित्सालय में जन्मे नवजात शिशुओं को राहत पहुंचाने हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में रात्रिकालीन भ्रमण कर नवजात शिशुओं एवं उनकी माताओं को कंबल वितरित किए।



इस समाजसेवी कार्यक्रम में जेसीआई सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के साथ कार्यक्रम निदेशक ज्योति शर्मा एवं सुमित शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी राजेश पटेल, पूर्वाध्यक्ष राम मोहन गुप्ता, तुषार गर्ग, योगेश जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष शुभम टण्डन, सचिव राहुल अग्रवाल, राहुल माथुर, विश्वास सेठ, अर्चित महेन्द्रा, कुशाग्र अग्रवाल, मीता गर्ग, शोभना गुप्ता, मुक्ति अग्रवाल, पारुल पटेल, श्वेता अग्रवाल, पूजा पूरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में जन्मे 100 से अधिक नवजात शिशु इस पहल से लाभान्वित हुए। संस्था ने बताया कि शीघ्र ही जरूरतमंदों के लिए गर्म जैकेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। संस्था के मीडिया प्रभारी एवं पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जेसीआई ने इस समाजसेवी कार्य के माध्यम से अपने नवीन सत्र का शुभारंभ किया है, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# परिवार परामर्श केन्द्र में सात मामलों में हुआ सुलह, पति-पत्नी हुए विदा

## महिला हेल्पलाइन नंबर व योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

**समाज जागरण : कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। पति-पत्नी एवं पारिवारिक विवादों का आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद मुख्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परामर्श के माध्यम से कई परिवारों के विघटन को रोकने का प्रयास किया गया।



परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम जरवानी, सुश्री क्षमा टंडन, महिला आरक्षी निकिता राठौर एवं मेहा सिंह द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न विवादों पर बैठक कर काउंसलिंग की गई। इस दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की गई।

काउंसलिंग के पश्चात 07 मामलों में पति-पत्नी साथ रहने के लिए सहमत हुए और उन्हें सुलह के साथ विदा किया गया। वहीं 03 मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मनमुटाव होने के कारण उन्हें आपसी विचार-विमर्श के लिए समय दिया गया। इसके अलावा 04 मामले माननीय न्यायालय में लंबित होने के कारण उनमें सुलह संभव नहीं हो सकी।

इस अवसर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं एवं उनके साथ आए परिजनों को महिला हेल्पलाइन नंबरों तथा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# सड़क हादसे में घायल पीड़ितों को निजी अस्पतालों में मिलेगा निशुल्क इलाज

## आईएमए संग सीएमओ ने की अहम बैठक

**समाज जागरण संवाददाता: कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निजी चिकित्सालयों को शासन की योजना से जोड़ने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सड़क हादसों में घायल मरीजों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति यदि हादसे के 24 घंटे के भीतर किसी निजी चिकित्सालय में भर्ती होता है, तो उसे एक सप्ताह तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का उपचार निशुल्क प्रदान किया जाएगा। उपचार की पूरी धनराशि शासन द्वारा संबंधित निजी चिकित्सालय को दी जाएगी, जिससे मरीज एवं उसके परिजनों पर कोई आर्थिक भार न पड़े।



उन्होंने बताया कि इसके साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत ऐसे नागरिकों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को एंबुलेंस या अन्य साधनों से चिकित्सालय पहुंचाते हैं। ऐसे मददगार राहवीरों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए संबंधित चिकित्सालय को राहवीर की जानकारी सुरक्षित रखनी होगी। दोनों योजनाओं में पुलिस वेरिफिकेशन के बाद ही लाभ दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

सीएमओ ने कहा कि सड़क हादसे देश और प्रदेश के लिए एक गंभीर चुनौती बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लगभग 1.6 लाख से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है, जबकि करीब 4.5 लाख लोग घायल होते हैं। उत्तर प्रदेश में भी हर साल 20 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की जाती हैं। निजी अस्पतालों की सहभागिता से घायलों को समय पर इलाज मिल सकेगा और दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाई जा सकेगी।

बैठक में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमितेश द्विवेदी के साथ आईएमए अध्यक्ष डॉ. अखिलेश खरे, डॉ. अखिलेश वर्मा एवं डॉ. मनोज शर्मा उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मी की हार्ट अटैक से मौत, कार्य बहिष्कार कर कर्मियों ने घेरी कोतवाली

**– अधीक्षण अभियंता पर शोषण का आरोप, कार्रवाई की मांग**

**– टीजीटू से अधिक काम लेकर प्रताड़ित करने का आरोप**

**– एसपी व एसडीएम ने जांच कमेटी गठित करने का दिया आश्वासन**

**समाज जागरण संवाददाता: कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। शहर के गढ़ी पावर हाउस में टीजीटू पद पर तैनात बिजली कर्मी की हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक कर्मी रामगोपाल राणा की मौत को लेकर बिजली कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता पर अत्यधिक कार्यभार देने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शनिवार की सुबह बड़ी संख्या में बिजली कर्मी कोतवाली पहुंच गए और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगे। कर्मचारियों का आरोप था कि रात-दिन लगातार काम



लिए जाने और इसके बाद भी प्रताड़ना किए जाने के कारण ही टीजीटू को हार्ट अटैक आया।

बताया गया कि गढ़ी पावर हाउस में तैनात रामगोपाल राणा की शुक्रवार देर रात करीब दो बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित बिजली कर्मियों ने कोतवाली, एसपी कार्यालय और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधीक्षण अभियंता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

मृतक कर्मी के परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इंकार किए जाने के कारण पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एफआईआर दर्ज करने में असमर्थता जताई। इसके बाद शाम के समय एसपी और एसडीएम ने बिजली कर्मियों से वार्ता कर जांच के लिए कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया।

इसके बावजूद बिजली कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की, जबकि संचालन पार्टी महासचिव अंसार महलूद ने किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक एवं कवयित्री थीं। उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गों और दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। वे समाज के सभी वर्गों को शिक्षा देने की प्रबल समर्थक थीं तथा उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों का मुखर विरोध किया।

जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बालिकाओं एवं वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया तथा छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आंदोलन किया। उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर महिला शिक्षा एवं सामाजिक समानता की नींव रखी और आधुनिक नारीवाद का मार्ग प्रशस्त किया।

संगोष्ठी को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष मो. कयूम खां, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा, आनंद पटेल, आकाश गुप्ता, रिजवान उस्मानी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में संजीव वर्मा, आरिफ खान, सुभाष कश्यप, शहनवाज, धर्मेंद्र राजवंशी, रविशंकर वर्मा, रमन मनार, रजनीश वर्मा, रोहित वर्मा, पुष्पराग, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, उमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिंगरौली खनिज विभाग में अवैध वसूली का रेट सिस्टम बेनकाब: पैसों के बदले मिलता है अवैध उत्खनन का लाइसेंस! शिक्षक से लेकर अधिकारी तक शामिल—पूरा विभाग बना वसूली सिंडिकेट

**समाज जागरण**

सिंगरौली। जिले के खनिज विभाग में चल रहे कथित भ्रष्टाचार और अवैध उत्खनन के नेटवर्क का एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। यह कोई मामूली सूची नहीं, बल्कि वह कथित रेट लिस्ट है जिसके आधार पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कथित तौर पर अवैध खनन की खुली अनुमति देते हैं। आरोप है कि तय रकम चढ़ते ही माफिया को संरक्षण मिल जाता है और फिर अवैध उत्खनन बिना किसी डर के जारी रहता है।सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस पूरे खेल में कुछ तथाकथित बाहरी लोग और विभाग के भीतर तैनात कुछ कर्मचारी तक शामिल बताए जा रहे हैं, जो हर महीने खनिज विभाग की चौखट पर अपनी सेटिंग फीस जमा करने पहुँचते हैं।सबसे गंभीर सवाल तब खड़ा हुआ जब यह सामने आया कि शिक्षा विभाग के शिक्षक सुरेंद्र बहादुर सिंह को खनिज विभाग में बैठा दिया गया। आखिर एक शिक्षक का खनिज विभाग से क्या संबंध? आरोप यह भी है कि उनकी नियुक्ति और प्रतिस्थापन का आदेश कथित रूप से बैक डेट में तैयार कराया गया ताकि वह इस नेटवर्क का हिस्सा बने रहें। शासकीय कर्मचारी गजानंद बेगा को हटाकर बाहर कर दिया गया और प्राइवेट कर्मचारी अशोक शर्मा जैसे लोगों को तरजीह दी गई, ताकि वसूली का सिस्टम निर्बाध चलता रहे।यह रकम कथित रूप से उस सेटिंग शुल्क का प्रतीक है, जिसके बाद अवैध उत्खनन का खेल शुरू होता है। मजौना रेत खदान से जुड़े वीडियो और घटनाओं ने पहले ही इस सिस्टम पर सवाल खड़े कर रखे हैं, जहाँ पत्रकार से लेकर कथित संरक्षणदाता तक वसूली के लिए जाते दिखाई दिए। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ ड्राइवर या छोटे कर्मचारी पकड़े जाते हैं, जबकि असली खिलाड़ी बच निकलते हैं—और यही साबित करता है कि पूरी व्यवस्था सेटिंग पर टिकी है।

**अब सवाल यह है–**

क्या सरकार इस संगठित भ्रष्टाचार को देख नहीं रही?
क्या शिक्षा विभाग का शिक्षक खनिज विभाग में बैठकर वसूली नेटवर्क संभालेगा? क्या इस कथित रेट सिस्टम पर कभी सख्त कार्रवाई होगी? अगर नहीं, तो यह मान लेना चाहिए कि खनिज विभाग अब शासन का विभाग नहीं, बल्कि अवैध उत्खनन का आधिकारिक ठेका घर बन चुका है—जहाँ नियम-कानून नहीं, बल्कि पैसा और संरक्षण ही असली कानून है।

# दिनदहाड़े लूट रहा रेत, खुटार चौकी क्षेत्र बना अवैध साम्राज्य, कानून नाम की चीज को जैसे दे दिया गया ताला

**समाज जागरण**
**सिंगरौली (मध्य प्रदेश)।**




कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला खुटार चौकी इलाका आज कानून का नहीं, बल्कि रेत माफिया का गढ़ बन चुका है। ग्राम पिपरा झांपि में अवैध रेत उत्खनन अब किसी चोरी-छिपे होने वाली हरकत का नाम नहीं रहा, बल्कि यह खुला खेल है—दिन के उजाले में, खुलेआम, निर्भय होकर। देखने वाला हर आदमी देख रहा है, बस देखने से इनकार कर रही है तो केवल व्यवस्था। सवाल साफ है—क्या खुटार चौकी कानून लागू करती है या कानून को ठेंगा दिखाने वालों को सुरक्षा कवच देती है?खुटार चौकी प्रभारी शीतला यादव के क्षेत्र में अवैध उत्खनन जिस निर्लज्जता से चल रहा है, उसने यह विश्वास पुख्ता कर दिया है कि या तो प्रशासन इस माफिया गिरोह से डरता है, या फिर इस काले खेल में कहीं न कहीं से मौन सहमति मिली हुई है। जब कभी कागजी कार्रवाई का दिखावा होता है, उसे मुखबिर की सूचना बता दिया जाता है। अब सवाल यह है—जब पूरा क्षेत्र चीख-चीखकर बता रहा है, मीडिया लगातार उजागर कर रहा है, तो फिर यह मुखबिर सिस्टम अचानक बहरा क्यों हो गया?ग्रामीण बताते हैं कि रात होते ही ट्रैक्टरों की कतारें खुलकर कानून का मजाक उड़ाती हुई निकलती हैं। सूत्र बताते हैं कि ₹25,000 महीना एंट्री फीस तय है, जो सीधे खुटार चौकी तक पहुंचने की बात खुद माफिया करते हैं। सीमेंट-सरिया कारोबारियों से भी वसूली। जो पैसे दे, वो वआईपी प्रोटेक्शन पाओ... जो न दे, उसके ट्रैक्टर जब्त, मुकदमे, कार्रवाई। यह कानून नहीं, यह तो सीधा गुंडाराज है। खुटार चौकी क्षेत्र आज अपराधियों के लिए ब्लैक स्पॉट नहीं, बल्कि सेफ जोन घोषित इलाके जैसा महसूस होता है। पुलिस का काम कानून बचाना होता है, लेकिन यहाँ कानून को नंगा करके परेड कराई जा रही है और सिस्टम चुप है—तो क्या इसे मिलीभगत कहा जाए, अक्षमता या फिर जानबूझकर की गई लापरवाही?अब सिंगरौली पुलिस अधीक्षक और मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के सामने सीधी और सख्त मांग है—या तो कानून को बचा लीजिए,<या फिर साफ कह दीजिए कि यहां जंगलराज मान्य है।यदि प्रशासन चाहे तो एक रात की कड़ी कार्रवाई में सच सामने आ सकता है, लेकिन चाहत और हिम्मत होनी चाहिए। अगर इस खबर से किसी की असहजता बढ़ती है, तो बढ़े— क्योंकि कानून से ऊपर न कोई था, न है और न रहेगा। जिम्मेदारी प्रशासन की है और जवाब भी प्रशासन को ही देना होगा।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ के छात्राओं ने किये शैक्षणिक भ्रमण

**समाज जागरण**




अनूपपुर- शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ के छात्राओं ने ओरिएंट पेपर मिल अमलाई का भ्रमण किये, छात्राओं ने अपने शैक्षिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक बनाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया जिससे वन आधारित या लकड़ी आधारित उद्योग के बारे में जानकारी मिली, कागज उद्योग मध्य प्रदेश में ओरिएंट पेपर मिल अमलाई में बनता है, कागज बनाने की प्रक्रिया को जानकर छात्राओं में उत्सुकता हुई ओपीएम के प्रबंधक श्री रवि सिंह जी के अनुमति प्राप्ति के उपरांत सुरक्षा गार्ड्स के सहयोग से विभिन्न प्लांट एवं मशीनों का अवलोकन किया गया अवलोकन पश्चात छात्राओं में जिज्ञासा उत्पन्न हुई औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या के निराकरण के लिए भी पौधारोपण किया गया है तथा अवशिष्ट पदार्थों का निष्पादन कैसे करते हैं,उसको भी समझाया गया सामाजिक विज्ञान विषय के नवाचारी शिक्षक डॉक्टर डी.ए.प्रकाश खाण्डे ने औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होता है। इसके प्रमुख लाभों को समझाया गया 1. व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान को उद्योग में वास्तविक रूप में देखने का अवसर मिलता है। कार्य प्रक्रिया की समझ मशीनों, उपकरणों और उत्पादन प्रक्रियाओं को नजदीक से समझने में मदद मिलती है। 2. कागज उद्योगों और उनमें उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी मिलती है।
3. तकनीकी कौशल का विकास नई तकनीकों, आधुनिक मशीनों और कार्य प्रणालियों से परिचय होता है। 4. अनुशासन और समय प्रबंधन उद्योगों के कार्य नियम, समय पालन और अनुशासन का महत्व समझ में आता है। 5. आत्मविश्वास में वृद्धि उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत करने से संवाद कौशल और आत्मविश्वास बढ़ता है। 6. टीम वर्क की भावना समूह में कार्य करने और सहयोग की आदत विकसित होती है। 7. रुचि और जिज्ञासा में वृद्धि सीखने की रुचि बढ़ती है और नई चीजें जानने की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर चित्रा सोनवानी, श्रीमती के डी सिंह,श्री मनोज कुमार धुर्वे जी, श्री नीरज कुमार सोनी, डॉ० डी.ए. प्रकाश खाण्डे, बेदन सिंह मरावी, विजय सिंह मरावी, कृष्ण कुमार मरावी,रतनेश चंदवंशी एवं छात्राओं ने उत्साह पूर्वक शामिल होकर शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिए

# हरद गांव की हवा में घुल रहा धीमा जहर, मोजर बियर व उद्योगों की राख से बढ़ा प्रदूषण

**सांस लेना हुआ मुश्किल, बच्चों-बुजुर्गों की सेहत पर सीधा असर**

**समाज जागरण**



अनूपपुर। जिले के जैतहरी क्षेत्र में स्थित मोजर बेयर (हिंदुस्तान पावर) और आसपास के औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली राख अब ग्राम पंचायत हरद सहित पूरे इलाके के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। खुले में उड़ती राख ने अनूपपुर, कोतमा और पसान की हवा को प्रदूषित कर दिया है। हालात यह हैं कि लोगों के लिए खुले में सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। सफेद राख, काला भविष्य स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि राख की महीन परत घरों की छतों, खेतों और सड़कों पर जम रही है। हवा के साथ यह राख सीधे फेफड़ों में जा रही है। बच्चों में लगातार खांसी-जुकाम, आंखों में जलन और सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ी हैं, वहीं बुजुर्गों और दमा-एलर्जी के मरीजों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। नियमों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि उद्योग प्रबंधन द्वारा राख का सुरक्षित और वैज्ञानिक निस्तारण नहीं किया जा रहा। खुले डंपिंग यार्ड, पर्याप्त पानी छिड़काव और कवरिंग की व्यवस्था न होने से राख उड़कर आबादी तक पहुंच रही है। पर्यावरणीय मानकों का पालन केवल कागजों तक सीमित बताया जा रहा है। प्रशासन की चुप्पी पर सवाल सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभाग और स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर मौन क्यों हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। विकास चाहिए, विनाश नहीं स्थानीय नागरिकों का साफ कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन स्वास्थ्य और पर्यावरण की कीमत पर विकास स्वीकार्य नहीं। उन्होंने प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से राख के सुरक्षित निस्तारण, प्रदूषण नियंत्रण उपायों की सख्त निगरानी और प्रभावित लोगों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच की मांग की है। क्या जिम्मेदार विभाग समय रहते जागेंगे, या ग्राम पंचायत हरद और आसपास का इलाका यूं ही धीमे जहर की चपेट में रहता रहेगा?

# श्रीधर तिबारी पोस्ट मास्टर पद से हुए सेवानिवृत

**समाज जागरण**

शहडोल।बोडरी डाक विभाग में श्रीधर तिवारी पोस्ट मास्टर के पद पर 35 साल ड्यूटी करते हुए भारतीय डाक विभाग में सकुशल 3 जनवरी को



सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति होने के पश्चात परिवार जनों एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# प्रधानमंत्री ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

आज सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उस अग्रणी समाज सुधारक को स्मरण किया, जिन्होंने सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले समानता, न्याय और करुणा के सिद्धांतों के प्रति पूर्णतः समर्पित थीं। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है, और उन्होंने ज्ञान एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके उल्लेखनीय योगदानों को रेखांकित करते हुए श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंचितों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों की सेवा एवं देखभाल करते हुए किया गया

# व्याख्याता फूलचंद कोल हुए सेवानिवृत (पैतृकग्राम में भी आयोजित हुआ सम्मान समारोह )

**समाज जागरण**



कटनी /शासकीय देवरीहटाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए, व्याख्याता फूलचंद कोल अपने सर्विस काल के 43 वर्ष पूर्ण कर गत दिवस अपने पदांकित विद्यालय देवरीहटाई से सेवानिवृत्त हुए। उनके सेवानिवृत पर उनके अनुकरणीय सेवा सम्मान को यादगार बनाने के लिये उनके पैतृक गृह ग्राम नन्हवा राखुर्द में एक वृहद कार्यक्रम और प्रीति भोज का आयोजन उनके परिजनों द्वारा रखा गया। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं का उल्लेख करते हुए,उपस्थित वक्ताओं में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने जहाँ उन्हें एक आदर्श शिक्षक से नवाजते हुए उनकी सेवाओं को अनुकरणीय बताये।वहीं कई वक्ताओं ने विद्यालय में उनके समयवद्धता, नियमितता और कड़े अनुशासन पर उनकी खुले मन से प्रशंसा करते नजर आये। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती कल्पना मिश्रा द्वारा उनकी कमी विद्यालय को हमेशा महसूस होने की बात सार्वजनिक करते हुए,शाला के प्रति उनके समर्पण की खुलकर सराहना की गयी।विद्यालय में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं के सर्वांगीण विकास में निरंतर जूझने वाले शिक्षक के समर्पण को कभी न भुला पाने की बात कहते हुए, जोबीकला प्राचार्य रामकुमार पटेल द्वारा उनके कार्य करने की शैली को आज के शिक्षकों के लिये प्रेरणास्पद बताया गया। इस अवसर पर उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बात रखने वालों में सर्व श्री अजय मिश्रा,कमलेश सोनी,श्रीमती आशा सिंह, ज्योति, देवेंद्र विश्वकर्मा, हिमांशुदास सहित अनेकों अनेक वक्ताओं द्वारा व्याख्याता श्री कोल की तमाम खूबीओं को उजागर करते हुए उनके विभागीय समर्पण को बालकेंद्रित और बहुआयामी बताया गया।इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक का पूरा परिवार उनके निज निवास आने वाले हर आँगन्तुक का फूलों की वर्षा कर भावविभोर मन से सभी का हार्दिक स्वागत किया गया। अंत में सेवा निवृत शिक्षक श्री कोल द्वारा उनके निज निवास में पहुँच कर उनका मान सम्मान द्विगुणित करने वाले सभी शिक्षक साथीओं के प्रति कृतज्ञता के भाव दशार्ये गये।

# ग्राम पंचायत मजौना में पारदर्शिता का बिगुल, उप सरपंच अनुराग द्विवेदी का शौर्यपूर्ण कदम - RTI से जवाबदेही की जंग छिड़ी

**समाज जागरण**

मजौना (जिला सिंगरौली)। ग्राम पंचायत मजौना में जनहित और सच्चाई की रक्षा के लिए एक साहसिक पहल ने जोर पकड़ लिया है। गांव के उप सरपंच अनुराग द्विवेदी ने पारदर्शिता को हथियार और RTI को ढाल बनाकर उस व्यवस्था को चुनौती दी है, जो जवाबदेही से मुंह मोड़ने की कोशिश करती है। उन्होंने पंचायत के विकास कार्यों, योजनाओं और वित्तीय गतिविधियों के हर पहलू को सार्वजनिक कराने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन दाखिल किया है। RTI के माध्यम से उप सरपंच ने सड़क, नाली, चेक डैम और भवन निर्माण जैसे प्रमुख विकास कार्यों के प्रस्ताव, लागत, भुगतान विवरण, कार्य एजेंसियां, मजदूरों की हाजिरी, सामग्री खरीदी के अभिलेख और केंद्र व राज्य सरकार से मिली अनुदान राशि के उपयोग का पूरा ब्यौरा मांगा है। अनुराग द्विवेदी ने साफ कहा है कि सत्ता जनता की है और जानकारी जनता का अधिकार। पारदर्शिता उनकी कमजोरी नहीं, बल्कि पंचायत की ताकत बने—यही उनकी मुहिम का लक्ष्य है। उनका विश्वास है कि RTI से सच सामने आएगा, भ्रांतियां टूटेंगी और व्यवस्था जवाबदेही के मार्ग पर मजबूती से खड़ी होगी। इस पहल ने गांव में नई ऊर्जा भर दी है। ग्रामीणों के चेहरे पर उम्मीद की चमक है।

उनका मानना है कि यदि समय पर सटीक जानकारी सामने आई, तो पंचायत कार्यों में भरोसा और मजबूत होगा तथा हर तरह की संभावित अनियमितताओं पर ताला लग जाएगा। अब नजरें टिकी हैं—सवाल उठ चुका है, पहल हो चुकी है अब देखना है कि व्यवस्था सच का साथ देती है या चुप्पी ओढ़कर खड़ी रहती है।

# चचाई में स्थित पानी टंकी एवं सिंटेक्स का वर्षों से नहीं हुआ सफाई दूषित पानी पीने को विवश कॉलोनी वासी

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत ग्रह चचाई में पानी टंकियां एवं कॉलोनी क्वार्टर में लगे सिंटेक्स की सफाई वर्षों से नहीं हो पाई है जिसके कारण कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूषित पानी पीने से कई कर्मचारी बीमार भी हो रहे हैं लेकिन प्लांट के शीर्ष अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है कि पावर प्लांट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रहने हेतु आवास की सुविधा उपलब्ध कराई है जहां प्रत्येक क्वार्टर में सिंटेक्स लगाए गए हैं एवं कॉलोनी में पानी टंकी का निर्माण भी कराया गया है। पानी टंकी एवं सिंटेक्स की सफाई के लिए सिविल विभाग द्वारा ठेका भी प्रदान किया जा रहा है लेकिन खबर है कि कई वर्षों से ना ही पानी टंकी की साफ सफाई कराई गई और ना ही सिंटेक्स की। अधिकारी वर्ग तो आरो का पानी पी लेते हैं
लेकिन कर्मचारियों को वही दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। सिविल विभाग के अधिकारियों की निष्क्रि यता के कारण वैसे भी कॉलोनी की सफाई व्यवस्था तो पहले से ही चौपट है और जर्जर हालत के क्वार्टर में रहने को कॉलोनी वासी को मजबूर होना पड़ रहा है। अब तो आलम यह है कि लोगों को दूषित पानी पीने को भी मजबूर होना पड़ रहा है।

# धान खरीदी केंद्र में समय से उठाव नहीं होने के कारण हो रही परेशानी

**समाज जागरण**

राजेंद्रग्राम। अनूपपुर जिले के अंतर्गत राजेंद्रग्राम ब्लॉक में स्थित दर्जनों धान खरीदी केंद्र में समय से धान का उठाव नहीं होने के कारण केंद्र प्रभारी एवं कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि परिवहन की जिम्मेदार एजेंसी द्वारा अपने कार्य के प्रति निष्क्रियता बरती जा रही है। वैसे भी दो से तीन दिनों से मौसम ठीक नहीं है और कभी भी पानी की बूंदे ही पड़ सकती हैं। परिवहन धीमी गति से होने के कारण धान खुले में पड़े रहते हैं और पानी गिरने के कारण खराब भी हो सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि धान खरीदी केंद्र से कांटा कर कर जो धान धार सागर वेयरहाउस पहुंच रहे हैं और वहां धान का वजन कम होने की भी खबर है जबकि धान खरीदी केंद्र के प्रभारी सही तरीके से कॉकर कर वेयरहाउस भेज रहे हैं इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नए वर्ष पर एकादशमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का महासैलाब हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**



अमलाई।नूतन वर्ष 2026 के प्रथम दिवस पर कोयला अंचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थलों एकादश मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर, जगत जननी मातेश्वरी मां भवतारिणी एवं सिद्ध बाबा धाम में आस्था का समागम देखने को मिला गुजरे वर्ष 2025 को विदाई और नववर्ष 2026 के स्वागत में श्रद्धालुओं ने भक्ति,उल्लास और श्रद्धा के साथ नए वर्ष का जश्न मनाया तीनों पावन धार्मिक स्थलों पर ऐसा दृश्य उपस्थित हुआ मानो मेला लगा हो नए वर्ष के पहले ही दिन पवई क्षेत्र ही नहीं,बल्कि आसपास के जिलों से श्रद्धालु इन धार्मिक स्थलों पर पहुंचे कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु सपरिवार प्रातःकाल से ही दर्शन के लिए निकल पड़े एकादश मुखी हनुमान मंदिर हेतु लंबी कतारें लगी रहीं वहीं प्राचीन एवं सिद्ध बाबा धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु एकादश मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा बीते अप्रैल माह 2025 में हुआ और प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले नव वर्ष में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी अमलाई नगर के चचाई रोड, बरगामा रोड, संजय नगर रोड, अमलाई शहडोल रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी प्राकृतिक स्थलों व मंदिरों में भी उत्सव का माहौल नए वर्ष के अवसर पर नगर एवं आसपास के प्राकृतिक मनोरम स्थलों में भी लोगों की भारी भीड़ रही श्रद्धालुओं ने पूरे दिन प्रकृति के सानिध्य में रहकर पिकनिक मनाई और उत्सव का आनंद लिया नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में नए वर्ष की धूम रही खिचड़ी प्रसाद वितरण, ,,सेवा श्रद्धा का संगम,, सेवा भाव की मिसाल में हजारों लोगों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया श्रद्धालुओं ने प्रभु के दरबार में माथा टेककर नए वर्ष में सुख,समृद्धि,शांति एवं मंगल की कामना की। नववर्ष 2026 के पहले ही दिन कोयलांचल की धार्मिक आस्था,अनुशासन और सामूहिक श्रद्धा ने पूरे प्रदेश में एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत जो लंबे समय तक स्मरणीय रहेगी।

# समाज सेवा में तल्लीन सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राजपूत और गर्ग हुए सम्मानित(राज्य शिक्षक संघ कीशानदार पहलअनुकरणीय )

**समाज जागरण**

कटनी/राज्य शिक्षक संघ के द्वारा अभी हाल ही में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक जो,सेवानिवृत्ति के उपरांत भी जरूरतमंदों की सेवा को सेवा धर्म मानकर अपना फर्ज निभा रहे हैं, उन्हें प्रदेश शासन के कर कमलों से सम्मानित कराना उनका मनोवल बढ़ाने जैसा कार्य है। ऐसे शिक्षक जिन्होंने पूरे सर्विसकाल में "पहले कर्तव्य फिर अधिकार" की मूल भावना का सम्मान करते हुए, अपने दायित्वों को निभाने के बाद अपने बचे हुए समय में शिक्षकों, दिव्यांग जनों और जरूरतमंद कर्मचारियों को न्याय दिलाने में व्यय किये हैं, उन्हें राज्य शिक्षक संघ द्वारा चिन्हित कर ससम्मान समाज और शासन के सामने लाकर सम्मानित कराना उक्त संगठन की अनुपम और अनोखी पहल है।गौरतलव है, कि अनेकों अनेक शिक्षक सेवा निवृत होने के बाद, पहले से भी कहीं अधिक लगन,उत्साह और सक्रियता से अपनी प्रभावी ऊर्जा का सदुपयोग समाज हित में कर रहे हैं।उन्हीं में से कर्मचारी हितैषी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठन के प्रांतीय प्रवक्ताऔर दिव्यांग कल्याण संघ के




संयोजक कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत और शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश शंकर गर्ग को संघ द्वारा प्रदेश की नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,नर्मदापुरम के सांसद दर्शन चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिलाकर सम्मानित कराया गया।इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारीयों और राजनैतिक नेताओं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रम्मू साहू, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, डी.पी .सी. प्रेमनारायण तिवारी, संघ के विनीत मिश्रा, विपिन तिवारी, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश हल्द कार ,शैलेन्द्र त्रिपाठी सहित जिले भर के सैंकड़ो उत्कृष्ट और सेवभावी शिक्षक-शिक्षकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 'बदलता भारत मेरा अनुभव' रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'बदलता भारत मेरा अनुभव' अभियान के अंतर्गत चार रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। ये प्रतियोगिताएं मायगॅव के सहयोग से आयोजित की गईं और इनमें देश भर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया था कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत में हुए परिवर्तनों को दशार्ते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव और रचनात्मक विचार साझा करें। इस अभियान में 'विकसित भारत@2047' की परिकल्पना के अनुरूप विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रचनात्मक माध्यमों के द्वारा परिवर्तनकारी शासन और सभी क्षेत्रों में तीव्र विकास के प्रभाव को दशार्या जिससे नागरिकों की आवाज बुलंद हुई और विकसित भारत की ओर राष्ट्र की यात्रा में जनभागीदारी को बल मिला। जमीनी स्तर की भागीदारी से लेकर रचनात्मक प्रदर्शनों तक, इस पहल ने प्रत्येक भारतीय को प्रेरित किया, उन्हें शामिल किया और उनकी आवाज को बुलंद किया। श्रेणीवार विजेताओं की सूची इस प्रकार हैः 1. बदलता भारत मेरा अनुभव - इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कारः इंद्रजीत सुबोध मशंकर द्वितीय पुरस्कारः मंजरी वी महाजन तृतीय पुरस्कारः मिष्टी लोहारे 7 सांत्वना पुरस्कारः मोहम्मद हाज़िम राथर, अनुभवी सिन्हा, आयुष्मान बरमैया, सिद्धार्थ एम., कार्तिक भटनागर, ऐश्वर्या कुमावत,आतिश महापात्र 2. बदलता भारत मेरा अनुभव - यूट्यूब शॉर्ट्स चैलेंज प्रथम पुरस्कारः मंथन रोहित द्वितीय पुरस्कारः जूनियर ट्यूब चैनल तृतीय पुरस्कारः लेखा चेतन कोठारी 7 सांत्वना पुरस्कारः सौमिता दत्ता, हैमंती मेटे, दिनेश चोटिया, दिव्या बिश्नोई, तपेश, सिद्धार्थ एम., दिनेश कुमार 3. लघु एवी चैलेंज - नए भारत की कहानी

## दो लोगो की ठंड लगने से हुई मौत

समाज जागरण

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत अधेड़ सहित दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया,वहीं परिजनों का कहना है कि ठंड लगने से मौत हुई है।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मवईया गांव निवासी स्वर्गीय महावीर का 31 वर्षीय पुत्र दिनेश घर लौटते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए,जहां चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया।इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के काटोहान गांव निवासी स्व वंश गोपाल का 57 वर्षीय पुत्र रणधीर सिंह खेतों में काम करने गया था,तभी शाम को लौटते समय उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई जिस पर परिजन तत्काल सरकारी एंबुलेंस द्वारा उपचार उपचार के लिए सरकारी अस्पताल हरदो ले गए जहां जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने अधेड़ को अमृत घोषित कर दिया,वहीं घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहाँ परीजनो ने मौत का कारण ठंड लगना बताया

## ट्रेन से कटकर कक्षा 11 के छात्र की मौत

समाज जागरण

फतेहपुर जनपद के राधा नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्शपुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय कक्षा 11 के छात्र की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के मकदूमपुर गांव निवासी बाबू सिंह का 17 वर्षीय पुत्र मयंक सिंह जो कि कक्षा 11 का छात्र था,बताते हैं कि शनिवार की शाम गांव वापस आते समय बक्शपुर के समीप नई रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया,घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## 20 वर्षीय युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

समाज जागरण

फतेहपुर जनपद के हथगाम थाना क्षेत्र के सेमरा मानापुर के ग्राम कसराव में शनिवार की सुबह 20 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया,जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार सेमरा मानापुर कासराव ग्राम निवासी आत्माराम की पुत्री काजल को शनिवार को परिवार के ही कुछ लोगों ने उसे डांट डपट दिया इसी बात से क्षुब्द होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया,कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सी एच सी ले गए,जहां चिकित्सीय उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया,जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने युवती की हालत में सुधार बताया।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत आधा दर्जन से ज्यादा लोग हुए घायल

समाज जागरण

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते 24 घंटे के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान किशोर समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए,जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के साई गांव निवासी अनुरुद्ध सिंह भदोरिया का 29 वर्षीय पुत्र कुलदीप सिंह बाइक लेकर सामान लेने जा रहा था,तभी बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुषी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया,इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के नाशेपीर मोहल्ला निवासी रामकिशोर ईरिक्शा चालक है जो की आज सुबह अपने 14 वर्षीय पुत्र अंशु को बैठाकर जा रहा था तभी महर्षि स्कूल के समीप चार पहिया वाहन से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया,जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।उधर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मैहार गांव निवासी रविकांत की पत्नी सोनिका देवी खेत से घर वापस आ रही थी,जब वह गांव के समीप पहुँची तभी ओवर ब्रिज पर तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी,वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास के समीप शनिवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,उधर सूचना पर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां अज्ञात युवक की हालत चिंता जनक बनी हुई है।

## लाइनपार में शराब के नशे में युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा

### छत पर चढ़कर कूदने की धमकी, काफी देर तक पुलिस के हाथ-पैर फूले

समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र के गुरु नगर छारबाग में शराब के नशे में एक युवक ने देर रात जमकर हंगामा किया। पड़ोसियों की शिकायत पर पहुंची पुलिस के सामने युवक ने ऐसा ड्रामा किया कि कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार पप्पू पुत्र मनोज, निवासी गुरु नगर छारबाग थाना लाइनपार, शराब पीकर रात में गाली-गलौच और शोर-शराबा करने लगा। परेशान पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची लाइनपार थाना पुलिस को देखते ही युवक और उग्र हो गया और अचानक छत पर चढ़



गया। छत पर पहुंचकर युवक ने नीचे कूदने की धमकी दी और लटककर पुलिस को डराने लगा। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के हाथ-पैर फूल गए। काफी देर तक युवक पुलिस को परेशान करता रहा, जिससे आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिसकर्मी छत पर चढ़े और समझा-बुझाकर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। पुलिस के अनुसार युवक नशे की हालत में था और किसी प्रकार की गंभीर चोट या नुकसान नहीं हुआ। हालात सामान्य होने पर पुलिस उसे वहीं छोड़कर वापस लौट आई। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने शराब के नशे में होने वाले ऐसे हंगामों पर नाराजगी जताई और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## अझुवा के नदीम ने 3 ओवर में 12 रन दे 5 विकेट चटकाए बने मैंन ऑफ द मैच

समाज जागरण

क्षेत्र के किशनपुर कस्बा स्थित नागा बाबा क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे केपीएल के सातवें संस्करण में शनिवार को हुवे मुकाबले में कौशांबी जनपद की अजुहा ने पहोरा इलेवन को हराया। केपीएल टूनामेंट के दूसरे दिन शनिवार को मुकाबले में अजुहा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 178 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें अजुहा के सुल्तान और अतुल यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुवे 105 रनों की साझेदारी कर अजुहा को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया 179 रन बनाने के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पहोरा की टीम महज 84 रन बना सकी जिस मुकाबले को अजुहा ने 94 रनों से जीत लिया ।
पहोरा की तरफ से उतरे सलामी बल्लेबाज अच्छा खेल नहीं दिखा पाए और पहले ओवर में पवेलियन लौट गए विकाश और छोटू की साझेदारी की बदौलत कुछ देर तक जरूर मेहनत की लेकिन 8 ओवर में पूरी टीम आल आउट हो गई।
केपीएल 7 के मैच में आयोजक समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे । मैंन ऑफ मैच का पुरस्कार बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने दिया।

## सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, राजस्व व पुलिस की संयुक्त कराई

समाज जागरण संवाददाता निगोहा

लखनऊ,मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के रामपुर गांव में शुक्रवार को सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्ती के साथ हटवा दिया। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही शिकायतों के बाद राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान कानूनगो नजमुद्दीन व लेखपाल सीखा यादव की अगुवाई में राजस्व टीम ने गाटा संख्या 338 व 339 की पैमाइश कर सरकारी भूमि को चिन्हित किया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाया गया। पुलिस टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने किया, जिनके साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।प्रशासन के अनुसार उक्त भूमि पर भू-माफिया रितिक मौर्य द्वारा अवैध कब्जा किया गया था, जिसे कार्रवाई के दौरान हटाकर जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। मौके पर समाजसेवी कौशलेंद्र सिंह भी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने की प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की।इस संबंध में एसडीएम मोहन लालगंज पवन पटेल ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।वहीं पुलिस ने चेतावनी दी कि दोबारा कब्जा करने या शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे गांव में सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और भू-माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## पुलिस ने गैंगस्टर का अभियुक्त पकड़ा*

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फि रोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य थाना




लाइनपार ने हमराह के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके बारे में मुखबिर ने बताया था। नया बाँस रेलवे अण्डर पास थाना क्षेत्र लाइनपार से गिरफ्तार किया पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम सत्यप्रकाश पुत्र अमृतलाल बताया है। वह नगला देवहंश थाना डौकी जनपद आगरा का रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रह था।

## फिरोजाबाद में जिला ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्नः जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में समाज की एकजुटता और युवा उत्थान का संकल्प

समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! सामाजिक गलियारों में वैचारिक ऊर्जा का संचार हुआ, जब जिला ब्राह्मण महासभा ( पंजीकृत) की महत्वपूर्ण मासिक बैठक का भव्य आयोजन भगवान परशुराम शिविर, रामलीला मैदान के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी सभा की अध्यक्षता जिला ब्राह्मण महासभा के यशस्वी जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा जी (अधिवक्ता) द्वारा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन की आगामी कार्ययोजना तैयार करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और विप्र समाज के युवाओं के लिए विकास के नए अवसर सृजित करना था।
बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी एकता और सक्रियता में निहित है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संगठन की पहुंच होनी चाहिए ताकि हम सामूहिक रूप से सामाजिक उत्थान के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। विचार-विमर्श के दौरान पंडित प्रीति शर्मा ने अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि हमें अपनी जाति के साथ-साथ अन्य समाजों के प्रति भी उदारता और श्रेष्ठता के आधार पर सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करना आज की प्राथमिक



आवश्यकता है। शिक्षा और बौद्धिक विकास के क्षेत्र में पंडित मुकेश गौड़ ने सुझाव दिया कि ब्राह्मण समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित रूप से 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसी गतिविधियों से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना जगेगी और वे राष्ट्र निर्माण में अपना बेहतर योगदान दे सकेंगे। वहीं, पंडित सीताराम शर्मा ने समाज के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्राह्मण का दृष्टिकोण सदैव व्यापक और समावेशी रहा है। उन्होंने दूसरे समाज के लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और समाज में अटूट एकता स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त करते हुए पंडित श्रीमती कमलेश शर्मा ने संकल्प लिया कि वे समाज सेवा के कार्यों में तन, मन और धन से पूरी तरह समर्पित रहेंगे। इसी क्रम में पंडित प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान ने संगठन की मजबूती को सर्वोपरि बताते हुए युवाओं को एकजुट होने का संदेश दिया। बैठक में समाज की प्रगति के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी आम सहमति बनी। इस बैठक में जिले के प्रमुख गणमान्य विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा (एड.), पंडित संदीप तिवारी, पंडित मिथलेश शर्मा, पंडित सीताराम शर्मा, पंडित राघवेन्द्र कुमार, पंडित डा० राजेन्द्र प्रताप शर्मा, पंडित संजय कुमार पाराशर, पंडित लक्ष्मण प्रसाद तिवारी, पंडित मुकेश गौड़, पंडित अश्वनी शर्मा, पंडित सुनील वशिष्ठ, पंडित दिनेश वशिष्ठ, पंडित प्रशांत वशिष्ठ, पंडित कमलेश शर्मा, पंडित ललिता, पंडित प्रीति शर्मा, पंडित गीता शर्मा, पंडित विमल कुमार शर्मा, पंडित स्नेह शर्मा, पंडित आषी वशिष्ठ, पंडित प्रदीप शर्मा पहलवान और पंडित आशीष दीक्षित उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत दो घायल नहीं थम रही है बाइकों की रफ्तार आए दिन हो रहे हैं हादसे

समाज जागरण

फिरोजाबाद! थाना मक्खनपुर क्षेत्र के जेवड़ा पुल पर शनिवार की दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए सरकारी एंबुलेंस सभी को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद दो लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि दो लोगों का उपचार जारी है थाना मक्खनपुर के गांव बदनपुर करखा निवासी सत्येंद्र पुत्र दीवान सिंह कृष्णा पुत्र कैलाश बाबू और बॉबी पुत्र अखिलेश के साथ बाइक पर सवार होकर मक्खनपुर आ रहे थे तभी जनपद हाथरस के थाना सादाबाद क्षेत्र के गांव गीगना निवासी उमेश पुत्र जोगेंद्र सिंह आ रहा था मक्खनपुर के जेवडा पुल पर दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत



हो गई जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर काफी भीड एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उमेश और बॉबी को मृत घोषित कर दिया जबकि सत्येंद्र और कृष्णा का उपचार जारी है इधर सूचना मिलते ही बॉबी के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया है स्वास्थ्य कर्मियों ने दोनों के शवौ को विच्छेदन गृह में रखवा दिए हैं!

## ट्यूबवैल की कोठरी में हो रहा था जुआ, पुलिस ने मारा छापा

### जुआ खेलते हुए 20 जुआरी दबोचे, पांच वाहन,20 मोबाइल और 2.89 लाख रुपये बरामद पुलिस लाइन से बैन मंगवा कर सभी जुआरिओं को न्यायालय भेजा

समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव ऊबटी के समीप खेत में बने ट्यूबवैल की कोठरी में जुआ का अड्डा चल रहा था। जहां बड़ी संख्या में लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस को जानकारी होते ही ट्यूबवैल को चारों तरफ से खर लिया और जुआ खेल रहे 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से पांच वाहनों और 20



मोबाइलों को भी बरामद किया है। पकड़े गये सभी जुआरियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
सीओ अरुण चौरसिया ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फड़ और जामा तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो लाख 89 हजार 610 रुपये बरामद किये हैं। इसके साथ ही पांच वाहन भी बरामद किये हैं। जिनमें एक मारुति सुजुकी आल्टो रंग सिल्वर, एक स्कार्पियों रंग काला, एक थार कार रंग काला, जबकि दो पहिया जिसमें एक मोटर साइकिल स्पलैण्डर रंग काला, एक मोटर साइकिल राईडर और 20 मोबाइल बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस को सूचना मिली कि आमरी नहर पटरी के पास ग्राम ऊबटी के खेतों में मुन्नालाल निवासी ऊवटी की ट्यूबवैल की कोठरी के अंदर कुछ स्थानीय एवं बाहर के लोग जुआ खेल व खिलवा रहे हैं। पता चला कि सनोज पंडित निवासी नगला जवाहर जुंआ करवाता है ।

जो जल्द ही जुआ खेलकर उस ट्यूबवैल से निकलने वाले हैं । सूचना पर थाना पुलिस टीम ने शुक्रवार रात आठ बजे जुआ खेलते हुए मुन्नालाल की ट्यूबवैल की कोठरी के अंदर से गिरफ्तार कर लिया। जिन लोगों को पकड़ा है उनमें रोहित कुमार व गौरव निवासी झफारा थाना जसराना, दिलीप निवासी आमरी, सौरभ निवासी कटरा बाजार,ओमवीर निवासी स्वामीनगर, कालीचरन निवासी सौरारा थाना नसीरपुर,बन्टू निवासी नगला रढा थाना घिरोर जनपद मैनपुरी, सनोज कुमार निवासी नगला जवाहर,रंजीत निवासी कुतु कपुर थाना नसीरपुर, अनिल निवासी छैछापुर थाना नसीरपुर, वीरपाल सिंह. रामभरत, अखिलेश, प्रदीप, अजय सिंह निवासी नरहौली थाना बाह जनपद आगरा ,अभिषेक निवासी छैछापुर थाना नसीरपुर, शैलेष कुमार निवासी निजामपुर गढ़ूमा, कन्हैया निवासी बोझिया, अतुल निवासी नौशहरा और इश्लेश निवासी जफारा थाना जसराना हैं।

## यह रही गिरफ्तार करने वाली टीम

समाज जागरण

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार,उनि राजीव गौतम,उनि रोहित कुमार,मउनि मधुबाला, राहलु,उनि आदर्श कुमार, उनि जाहिद अली,हेका उदयप्रताप सिंह, हेका सुशील कुमार,का गोविन्द गौतम,का अभिषेक कुमार,हैका दिलीप कुमार और होगा कौशल किशोर शामिल रहे।

## बच्ची का शव आते ही गांव में पसरा सन्नाटा गुस्साये लोगों ने जाम लगाने का किया प्रयास पुलिस ने समझा बूझाकर लोगों को किया शांत

समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद गाजियाबाद के सिकंदरा बाद में फिरोजाबाद के शाहपुर गांव की पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। यह घटना दो दिन पहले हुई, जब बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। आरोप है कि पड़ोस में किराए पर रहने वाले कुछ युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया। बच्ची के पिता सोनू खान ने बताया कि वह गाजियाबाद के सिकंदराबाद की एक कॉलोनी में किराए पर रहकर नौकरी करते हैं। उनकी पांच वर्षीय बेटी दो दिन पहले फील्ड में खेल रही थी। कॉलोनी में किराए पर रह रहे कुछ युवक, जो बिहार के बताए गए हैं, बच्ची को किसी बहाने से तीसरी मंजिल पर ले गए। वहां उन्होंने कमरे में बंद कर बच्ची से दुष्कर्म किया



और फिर उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद आज गांव लाया गया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने लगभग 20 मिनट तक सड़क जाम करने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी टूंडला मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया। सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अपराधियों को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष राकेश गिरी ने बताया कि परिवारजनों को समझा दिया गया है और फिलहाल शांति बनी हुई है। बच्ची का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

## प्रसव के दौरान शिशु की मौत पर परिजन ने किया हंगामा

समाज जागरण

फिरोजाबाद। 100 शैय्या अस्पताल में शुक्रवार सुबह प्रसव के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। प्रसूता के परिजन ने हंगामा किया। आरोप लगाया कि 31 दिसंबर को जब अस्पताल लाए थे तो 14 हजार रुपये की आशा ने मांग की थी। रुपये न देने पर लौटा दिया था। शुक्रवार सुबह फिर से तबीयत बिगड़ने पर 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे की बच्चे की गर्भ में



ही मौत हो गई। मृत बच्ची पैदा हुई। मोहसिन निवासी अजमेरी गेट, आकाशवाणी रोड, रामगढ़ ने बताया कि उसने पत्नी नाजिया को 31 दिसंबर को प्रसव पीड़ा होने पर 100 शैया अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां एक आशा मिली, जिसने 14 हजार रुपये में प्रसव कराने की बात कही। 14 हजार रुपये न होने की बात कहते हुए 4 हजार रुपये देने पर वह राजी हो गया। मगर, पत्नी को भर्ती करने की बजाए लौटा दिया। शुक्रवार सुबह पत्नी को फिर से प्रसव पीड़ा हुई। वापस 100 शैया अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि यहां डॉक्टर व स्टाफ ने गलत इंजेक्शन लगा दिया। इससे मृत बच्ची पैदा हुई। हद तो तब हो गई, जब मृत बच्ची और पत्नी को सौंप दिया और अस्पताल में भर्ती कराने व उपचार देने के दस्तावेज तक देने से मना कर दिया। इसी बात पर हंगामा किया गया। तब जाकर भर्ती किए जाने संबंधी दस्तावेज दिए गए। इंस्पेक्टर थाना उत्तर अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल महिला व उसके पति या परिजन की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## भारत के उपराष्ट्रपति ने वेल्लोर में श्री शक्ति अम्मा के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सच्ची आध्यात्मिकता केवल कर्मकांडीय पूजा में नहीं बल्कि प्रेम, करुणा और साथी मनुष्यों की सेवा में निहित है
उपराष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना भी एक प्रकार की दैवीय सेवा है भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज तमिलनाडु के वेल्लोर जिले के श्रीपुरम में श्री शक्ति अम्मा के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया और श्री शक्ति अम्मा की आध्यात्मिक यात्रा के 50 वर्ष पूरे होने के इस अवसर का हिस्सा बनकर अपार प्रसन्नता व्यक्त की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि श्रीपुरम स्वर्ण मंदिर की पवित्रता और आध्यात्मिक श्रेष्ठता भारत के पूर्व राष्ट्रपतियों डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और श्री राम नाथ कोविंद, और हाल ही में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के दर्शनों से स्पष्ट होती है, जिन्होंने पिछले महीने मंदिर का दौरा किया था।
श्री शक्ति अम्मा की धर्म के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनका मार्गदर्शन आध्यात्मिकता से परे व्यापक सामाजिक सेवा तक फैला हुआ है। उन्होंने श्रीपुरम में किए जा रहे विभिन्न परोपकारी कार्यों की सराहना की, जिनमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था, छात्रों को साइकिल वितरण जैसी दीर्घकालिक पहल और हजारों लोगों को भोजन कराने वाला दैनिक अन्नदान कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने इन पहलों को सच्ची भक्ति भावना से प्रेरित नेक सेवा बताया।
उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि श्रीपुरम परिसर में 50,000 से अधिक वृक्षारोपण किए गए हैं और पास की कैलाशगिरि पहाड़ियों पर कई लाख पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने इसे धरती माता और मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण पहलों को सशक्त बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना भी एक प्रकार की दिव्य सेवा है।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची आध्यात्मिकता केवल कर्मकांडीय पूजा में नहीं बल्कि प्रेम, करुणा और साथी मनुष्यों की सेवा में निहित है। उन्होंने कवि सुब्रमण्य भारती के शब्दों का उदाहरण देते हुए कहा, "प्रेम से बढ़कर कोई तपस्या नहीं है।" उन्होंने कहा कि समाज से प्रेम करना और उसकी सेवा करना ही सर्वोच्च आध्यात्मिक अनुशासन है। उपराष्ट्रपति ने श्री शक्ति अम्मा को वर्तमान युग की एक महान आध्यात्मिक हस्ती बताया जो अपने जीवन और कार्यों से "प्रेम पवित्र है" के सिद्धांत का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं और समाज में धार्मिकता और आध्यात्मिक चेतना को बढावा देती है।

# 5 जनवरी को मनरेगा बचाओ अभियान, विनोद कुशवाहा ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का किया अपील

## केंद्र सरकार रोजगार देने की जगह योजनाओं का नाम बदलने में लगी है : विनोद कुशवाहा

**समाज जागरण**
**संवाददाता हजारीबाग**

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर जी-राम-जी किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में 5 जनवरी 2026 सोमवार से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान की शुरूआत की जाएगी। झारखंड की राजधानी रांची में भी इस अभियान को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं, मजदूरों, किसानों और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना



नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए रोजगार और सम्मान का सबसे बड़ा आधार है। इसके नाम और स्वरूप में बदलाव करना महात्मा गांधी के विचारों और संविधान प्रदत्त अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को सुबह 11:30 बजे रांची के मोरहाबादी बापू वाटिका गांधी प्रतिमा से लोकभवन/राजभवन तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान मनरेगा बचाओ के नारे के साथ केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया जाएगा। प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार आधारित रोजगार देने वाली योजना है। केंद्र सरकार रोजगार देने की जगह योजनाओं का नाम बदलने में लगी है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह आंदोलन केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेंगे।

# ईचागढ़ में अज्ञात वाहन का कहर, दो की मौके पर मौत, 13 वर्षीय बच्चा गंभीर

**समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमटांड़झईचागढ़ केनाल सड़क पर पाटपुर के समीप शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक 13 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर घायल बच्चे को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतकों की पहचान चीतरी गांव निवासी शंकर सिंह (22 वर्ष) एवं रथु सिंह



(55 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शंकर सिंह अपने जीजा रथु सिंह और एक बच्चे के साथ मिलन चौक से अपने घर चीतरी लौट रहे थे, तभी पाटपुर के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल बच्चे का इलाज अस्पताल में जारी है, जबकि दोनों शवों को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेजा जाएगा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

# अवैध खनन रोकने के लिए आरटीओ एवं खनन निरीक्षक द्वारा भागूवाला चेक पोस्ट पर किया गया प्रवर्तन कार्य, 07 वाहनों का किया गया चालान

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी महोदयाके निर्देशों के क्रम में जिले में परिवहन खनन विभाग की टास्क फोर्स टीम द्वारा ओवरलोडिंग अवैध खनन की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के तहत के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम पीटीओ प्रवर्तन एवं खान निरीक्षक व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर द्वारा जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से जांच की गई। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान द्वारा वाहनों की फिटनेस सही न पाए जाने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, बीमा न होने, अवैध पार्किंग आदि में के मामलों में 04 वाहनों का चालान के अलावा उप संभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन द्वारा नंबर प्लेट क्षतिग्रस्त पाए जाने पर तीन वाहनों का ऑनलाइन चालान भी किया गया। उन्होंने बताया कि भागूवाला चेक पोस्ट पर किए गए प्रवर्तन कार्य के दौरान तथा खनन से संबंधित लगभग 30 वाहनों की आईएसटीपी जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए नियमित रूप से जांच की जाएगी।

# ट्रंप का दावा: वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी गिरफ्त में; हवाई हमलों की भी पुष्टि की

**समाज जागरण**

बता दें कि अमेरिका ने शनिवार रात वेनेजुएला के चार शहरों काराकास, मिरांडा, अरागुआ और ला ग्वायरा को निशाना बनाया था, जिसके बाद चारों ओर अफरा-तफरी मच गई थी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी सैन्य बलों ने पकड़ लिया है। यह बात ट्रंप ने तब कही जब काराकास में बड़े पैमाने पर हवाई हमलों के बाद शहर में धमाकों की आवाजें गूंज रही थीं।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका ने वेनेजुएला और उसके नेता के खिलाफ बड़ा हमला सफलतापूर्वक किया है। उन्होंने कहा, ह्लमादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर कर दिया गया है। यह ऑपरेशन अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर किया गया।

ट्रंप ने बताया कि इस विषय पर ज्यादा जानकारी के लिए मार-ए-लागो में सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

### वेनेजुएला के कई शहरों में हुए जोरदार धमाके

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सैन्य बलों ने वेनेजुएला के चार शहरों काराकास, मिरांडा, अरागुआ और ला ग्वायरा को निशाना बनाया। राजधानी काराकास में शनिवार सुबह करीब दो बजे कम से कम सात जोरदार धमाके हुए और हवा में तेज उड़ान भरते विमानों की आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद शहर के कई इलाकों में धुएं के गुबार उठते देखे गए। एक सैन्य अड्डे के हैंगर से धुआं निकलता दिखा, जबकि राजधानी की एक दूसरी जगह पर बिजली गुल हो गई। लोग डर के मारे अलग-अलग मोहल्लों से सड़कों पर निकल आए। दूर से भी काराकास के कई हिस्सों में आग की उठती लहरों को देखा जा सकता था।



सोशल मीडिया पर घूम रहे वीडियो में इमारतों में आग लगी दिख रही है और शहर के ऊपर घना धुआं उठता नजर आ रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि कई मोहल्लों में आग की लपटें और काले धुएं के गुबार दूर से ही साफ दिखाई दे रहे थे।

न्यूज एजेंसी अढ की रिपोर्ट के मुताबिक, 21 साल की ऑफिस कर्मचारी कार्मेन हिडाल्गो उस वक्त दो रिश्तेदारों के साथ एक बर्थडे पार्टी से लौट रही थीं। उनकी आवाज कांप रही थी जब उन्होंने बताया, ह्लपूरी जमीन हिल गई। यह बहुत डरावना था। हमें धमाके सुनाई दिए और विमानों की आवाजें आईं। लगा जैसे हवा हमें धक्का दे रही हो।ह्व

इस हमले के बाद वेनेजुएला की सरकार ने एक बयान भी जारी किया था जिसमें कहा गया कि यह अमेरिका की तरफ से नागरिक और सैन्य ठिकानों पर एक बड़ा हमला था। बयान में सभी सामाजिक और राजनीतिक ताकतों से अपील की गई कि वे एकजुट होकर सड़कों पर निकलें और इस साम्राज्यवादी हमले का विरोध करें। सरकार ने अपने बयान में लिखा, ह्ललोग सड़कों पर उतरें, और इसका जमकर विरोध करें!

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बीते कई महीनों से धमकी दे रहे थे कि वे जल्द ही वेनेजुएला की जमीन पर ठिकानों पर हमले का आदेश दे सकते हैं। अमेरिका ने वेनेजुएला के समुद्री तट से कई सैंक्शन वाली ऑयल टैंकरों को जब्त भी किया है और ट्रंप ने दूसरे टैंकरों पर नाकाबंदी का आदेश दिया, जो देश की अर्थव्यवस्था को और दबाने जैसा लगता है।

इससे पहले अमेरिकी सेना सितंबर की शुरूआत से कैरिबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में नावों पर हमले कर रही है। ट्रंप प्रशासन ने बताया था कि शुक्रवार तक इन नाव हमलों की संख्या 35 थी और कम से कम 115 लोग मारे जा चुके थे।

इन हमलों के साथ दक्षिण अमेरिका के पानी में अमेरिकी फौजों की बड़ी तैनाती हुई, जिसमें नवंबर में देश का सबसे एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर भी आया, जिससे हजारों अतिरिक्त सैनिक जुड़े। यह इस क्षेत्र की कई सालों बाद सबसे बड़ी सैन्य मौजूदगी थी। ट्रंप ने इन नावों पर हो रहे लगातार हमलों को जरूरी कदम बताया है, ताकि अमेरिका में ड्रग्स की सप्लाई रोकी जाए। उन्होंने दावा किया था कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स से एक सशस्त्र संघर्ष में है।

# पदमा में क्रिकेट का महाकुंभ ,प्रयास भारत प्रीमियर लीग 2026 का शुभारंभ

**पंकज कुमार पाठक,**
**दैनिक समाज जागरण**

पदमा -ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पदमा प्रखंड के गरवा गांव स्थित खेल मैदान में प्रयास भारत प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। प्रयास भारत संस्था द्वारा आयोजित इस क्रिकेट टूनामेंट में प्रखंड के विभिन्न गांवों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे क्षेत्र में खेल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं की छिपी हुई खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। संस्था का मानना है कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करता है।

उद्घाटन अवसर पर प्रयास भारत के संस्थापक एवं डीवीसी (DVC) में कार्यरत सीनियर इंजीनियर कुलदीप



मेहता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयास भारत आज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने वाले युवाओं की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, बल्कि जागरूक नागरिकों और संगठनों को भी आगे आकर योगदान देना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि पदमा प्रखंड में प्रयास भारत संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

इस लीग के माध्यम से दूर-दराज के गांवों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है। साथ ही, खेल के बहाने विभिन्न गांवों के बीच आपसी भाईचारा और सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ रहा है। संस्था ने भविष्य में खेल के साथ-साथ शिक्षा और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

फिलहाल टूनामेंट अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। फाइनल मुकाबला अभी शेष है और अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रयास भारत प्रीमियर लीग 2026 का खिताब किस गांव के युवा खिलाड़ियों के नाम होगा।

# हैदराबाद से मजदूर का शव पहुंचा ऊपरघाट मुआवजा की मांग पर एंबुलेंस को रोका

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड क्षेत्र के ऊपरघाट क्षेत्र अंतर्गत पलामू पंचायत के चरकपनिया गांव के महेश कुमार मुर्मू का शव हैदराबाद से गुरुवार को गांव लाया गया. हैदराबाद एसपीआर हुमन कैपिटल सॉल्युशंस कंपनी द्वारा मृतक के परिजन को मुआवजा नहीं देने पर शव लेकर आयी एंबुलेंस को ग्रामीणों ने 36 घंटे तक रोक कर रखा. शुक्रवार को महिला बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी गांव पहुंचीं और कंपनी से बात कर मुआवजा देने को कहा. साथ ही पेक नारायणपुर थाना प्रभारी नीतीश कुमार को कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा. मौके पर झामुमो नेता हेमलाल महतो ,




महेश कुमार , ठाकुर महतो आदि मौजूद थे.

### तीन माह पूर्व युवक गया था काम करने

बाद में कंपनी द्वारा एंबुलेंस का खर्च 50 हजार, शव के दाह संस्कार के लिए 20 हजार रुपये और कुछ मुआवजा परिजनों को दिया गया. इसके बाद एंबुलेंस को छोड़ा गया.

जानकारी के अनुसार महेश कुमार मुर्मू तीन माह पूर्व हैदराबाद के एसपीआर हुमन कैपिटल सॉल्युशंस कंपनी में काम करने गया था. 29 दिसंबर 2025 को उसके कमरे में उसका शव संदिग्ध अवस्था में मिला था. परिजनों ने पेक नारायणपुर थाना में दिये आवेदन कहा गया है कि महेश कुमार मुर्मू की किसी ने हत्या कर फंदे पर झूला दिया था.

# कुकड़ू में दो दिवसीय आंचलिक फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ -कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत चौकेगाड़िया स्थित कुकड़ू फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय आंचलिक फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समाज सेवी खगेन महतो,मंगल सिंह मुण्डा के द्वारा किया गया। मौके पर कुकड़ू प्रखंड प्रमुख प्रतिभा वाला सिंह पातर, समाज



सेवी निरंजन महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत चन्द्र महतो,वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, प्रदीप कुमार साहू,झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो , अजित सिंह मुण्डा,मनोज मछुआ,आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं।

प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज के क्षेत्रों से आई टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, वहीं दर्शकों से मैदान खचाखच भरा रहा।

आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए,द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए,तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 40-40 हजार रुपए दिया जाएगा।

आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार शाम को फाइनल मैच के बाद किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कुकड़ू आंचल फुटबॉल कमेटी एवं स्थानीय खेल प्रेमियों की अहम भूमिका रही। समिति ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को लगातार बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल सके।

# 50 शहरों में हिंसा, खामेनेई की धमकी और ट्रंप की चेतावनी...

**समाज जागरण**

सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने आज पहली बार प्रदर्शन पर खुलकर बोला। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन दंगाइयों को बख्शा नहीं जाएगा

ईरान में पिछले एक हफ्ते से चल रहा विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश की खराब होती अर्थव्यवस्था ने लोगों को सड़कों पर ला दिया है, और इसको लेकर हो रहा विरोध प्रदर्शन इतना बड़ा हो चुका है कि इसमें कम से कम 10 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच 86 साल के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने शनिवार को पहली बार इस पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन दंगाइयों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। तेहरान में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अधिकारियों को लोगों से बात करनी चाहिए, लेकिन जो लोग दंगे फैला रहे हैं, उनके साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्हें उनकी जगह दिखानी पड़ेगी।

बता दें कि बीते कई दिनों से हो रहे ये प्रदर्शन ईरान के लिए नई चुनौती बन गए हैं। इन विरोध प्रदर्शन को 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शन से भी बड़ा बताया जा रहा है, जब 22 साल की अमीनी को हिजाब ठीक से न पहनने पर पुलिस ने हिरासत में लिया था और उनकी मौत हो गई थी। हालांकि, इस बार विरोध पूरे देश में उतनी उग्रता से नहीं फैला नहीं हैं, फिर भी लोगों का गुस्सा साफ दिख रहा है। अर्थव्यवस्था की हालत इतनी खराब है कि रियाल की कीमत लगातार गिर रही है, और लोग रोजमर्रा की चीजों के लिए परेशान हैं।

खामेनेई ने इन प्रदर्शनों के पीछे अमेरिका और इजराइल जैसे विदेशी ताकतों का हाथ बताया



है। उन्होंने बिना कोई सबूत दिए कहा कि दुश्मन देश व्यापारियों और दुकानदारों पीछे लगकर लोगों से इस्लाम, ईरान और इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ नारे लगवा रहे हैं। उनके मुताबिक, ये प्रदर्शनकारी दुश्मन के भड़काए या खरीदे लोग हैं।

### हिंसा का नया दौर: कोम और हरसिन में मौतें

प्रदर्शनों में हिंसा भी बढ़ती जा रही है। शनिवार की रात दो ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने माहौल और गर्म कर दिया। कोम शहर में, जो ईरान के बड़े शिया मदरसों का केंद्र है, एक ग्रेनेड फटने से एक आदमी की मौत हो गई। सरकारी अखबार IRAN के मुताबिक, सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि वो आदमी खुद ग्रेनेड लेकर लोगों पर हमला करने जा रहा था। कोम तेहरान से करीब 130 किलोमीटर दूर है, और वहां की सड़कों पर आग लगने की वीडियो ऑनलाइन घूम रही हैं। दूसरी मौत हरसिन कस्बे में हुई, जो तेहरान से 370 किलोमीटर दूर केरमानशाह प्रांत में है। यहां बसिज फोर्स के एक सदस्य पर बंदूक और चाकू से हमला हुआ, और उसकी मौत हो गई। बसिज ईरान की पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड की वो ब्रांच है जो वॉलंटियर्स से बनी है।

**Also Read: ट्रंप का दावा: वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी गिरफ्त में; हवाई हमलों की भी पुष्टि की**

ये विरोध प्रदर्शन अब देश के 31 में से 22 प्रांतों के लगभग 50 शहरों में फैल चुके हैं, और 100 से ज्यादा जगहों पर लोग सड़कों पर हैं। अमेरिका की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रदर्शनकारी न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर गुस्सा निकाल रहे हैं, बल्कि ईरान की धार्मिक सरकार के खिलाफ भी नारे लगा रहे हैं। रिफॉर्मिस्ट प्रेसिडेंट मसूद पेजेशकियान की सरकार प्रदर्शनकारियों से बात करने की कोशिश कर रही है।

पेजेशकियान ने खुद माना है कि रियाल की गिरावट पर उनका ज्यादा बस नहीं चल रहा, लेकिन वो लोगों की बात सुनना चाहते हैं। जून में इजराइल से हुई जंग के बाद ईरान की अर्थव्यवस्था और बिगड़ी है, जब अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर बम गिराए थे।

### ट्रंप की धमकी: शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के मदद करेंगे

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर वो शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हिंसा करता है, तो अमेरिका उनकी मदद करेगा। ट्रंप के इस बयान से ईरान में गुस्सा भड़क गया, और अधिकारियों ने मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने की धमकी दी। ट्रंप ने शनिवार को ये भी कहा कि अमेरिकी फोर्सेस ने वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ लिया है, जो ईरान का पुराना दोस्त है। ये खबर ईरान के लिए झटका है, क्योंकि मादुरो तेहरान के साथ मिलकर काम करते रहे हैं।

ईरान ने हाल ही में कहा है कि वो देश में कहीं भी यूरेनियम एनरिचमेंट नहीं कर रहा, ताकि पश्चिमी देशों को बातचीत का संकेत दे सके और प्रतिबंध हटवाए। लेकिन ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेतावनी दी है कि वो अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम दोबारा शुरू न करे। अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है, और माहौल तनावपूर्ण है। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हैं, और सुरक्षा बलों को अब सुप्रीम लीडर से सख्ती बरतने का हरा सिग्नल मिल गया लगता है।

ये विरोध ईरान की सत्ता के लिए बड़ा इम्तिहान हैं, जहां अर्थव्यवस्था की दिक्कतों ने लोगों को एकजुट कर दिया है। कोम जैसी धार्मिक जगहों पर हिंसा फैलना चिंता की बात है, क्योंकि वहां मदरसे और धार्मिक नेता ज्यादा प्रभाव रखते हैं। हरसिन की घटना से बसिज फोर्स और सख्त हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रंप की बातों ने ईरान को और अलग-थलग कर दिया है, जबकि वो प्रतिबंध हटवाने की कोशिश में है। प्रदर्शन कितने दिन और चलेंगे, ये देखना बाकी है, लेकिन फिलहाल सड़कें गर्म हैं।

# Kotak Mahindra Bank का निवेशकों को जबरदस्त तोहफा: 1:5 में होगा स्टॉक स्प्लिट, रिकॉर्ड डेट फिक्स

**समाज जागरण**

इस स्प्लिट में 5 रुपये फेस वैल्यू वाला एक शेयर पांच हिस्सों में बांटा जाएगा। हर नए शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपये होगी कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने शेयर आम निवेशकों के लिए और आसान बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। बैंक ने स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है, जिससे शेयर सस्ते होंगे और छोटे निवेशक भी आसानी से खरीद-बेच सकेंगे। इससे ट्रेडिंग आसान होगी और बाजार में शेयरों की खरीद-फरोख्त बढ़ेगी।

इस स्प्लिट में 5 रुपये फेस वैल्यू वाला एक शेयर पांच हिस्सों में बांटा जाएगा। हर नए शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपये होगी। अच्छी बात ये है कि निवेशकों की कुल वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बस उनके पास शेयरों की संख्या पांच गुना हो



जाएगी। ये बदलाव नवंबर 2025 में बैंक की तरफ से दी गई सूचना के बाद हो रहा है।

बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई फाइलिंग में बताया है कि रिकॉर्ड डेट 14 जनवरी 2026, बुधवार को रखी गई है। इस तारीख तक जिन निवेशकों के नाम पर शेयर दर्ज होंगे, वही इस स्प्लिट का फायदा उठा सकेंगे। ये डेट तय करने के लिए रएइक के रेगुलेशन 42 का पालन किया गया है। अगर आप इस डेट से पहले शेयर खरीदते हैं, तो आपको नए शेयर मिलेंगे।

### फिजिकल शेयर रखने वालों के लिए जरूरी बातें

अगर आपके पास अभी भी पुराने पेपर वाले शेयर सर्टिफिकेट हैं, तो ध्यान दें। रएइक के नए नियमों के मुताबिक, स्प्लिट के बाद नए शेयर सिर्फ डीमैट फॉर्म में ही जारी होंगे। बैंक फिजिकल सर्टिफिकेट नहीं देगा। ऐसे में, अगर रिकॉर्ड डेट तक शेयर डीमैट में नहीं बदले गए, तो नए शेयर एक खास डीमैट सस्पेंस एस्क्रो पूल अकाउंट में रखे जाएंगे। पुराने फिजिकल सर्टिफिकेट अपने आप कैंसिल हो जाएंगे।

बैंक ने सलाह दी है कि फिजिकल शेयरधारक जल्द से जल्द अपना डीमैट अकाउंट खोलकर शेयर ट्रांसफर करवा लें। इससे स्प्लिट वाले नए शेयर सीधे उनके अकाउंट में क्रेडिट हो जाएंगे। साथ ही, सेबी के ताजा नियमों के तहत अपना पैन, संपर्क डिटेल्स, बैंक अकाउंट और सिग्नेचर अपडेट करवाना भी जरूरी है।

### शेयर मार्केट में बैंक का हाल

बीते शुक्रवार को कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर इरए पर 1.04 फीसदी की गिरावट के साथ 2195.10 रुपये पर बंद हुए थे। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में 2.46 फीसदी का उछाल देखा गया है। बीते एक साल में कंपनी का शेयर 19.56 फीसदी उछला है। अगर लंबे समय में शेयरों के प्रदर्शन की बात करें तो बीते दो साल, तीन साल और पांच साल में कंपनी के शेयरों ने क्रमशः 17.71 फीसदी, 20.22 फीसदी और 10.07 फीसदी का रिटर्न दिया है। कंपनी का 52 वीक हाई और 52 वीक लो 2,301.55 रुपये और 1,711.05 रुपये है।

# नगर परिषद की लापरवाही उजागर, नाला निर्माण में भारी अनियमितता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



नगर परिषद किशनगंज एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर परिषद क्षेत्र स्थित वार्ड नंबरझ्र2 स्थित कजलामुनी रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी एवं जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष नेहाल अख्तर ने नगर परिषद पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार जय नारायण यादव द्वारा खुलेआम वादाखिलाफी की जा रही है।शिकायतकर्ता के अनुसार नाला निर्माण के दौरान उनके गेट के सामने 122 फीट क्षेत्र में फिनिशिंग कार्य कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब ठेकेदार साफ तौर पर इससे मुकर गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि कार्य स्थल पर न तो सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही नगर परिषद के किसी इंजीनियर की मौजूदगी या गुणवत्ता जांच देखने को मिल रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य बिना किसी निगरानी के किया जा रहा है, जो नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की मिलीभगत के बिना ठेकेदार इतनी मनमानी नहीं कर सकता। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो घटिया निर्माण के कारण भविष्य में बड़ा हादसा भी हो सकता है। नेहाल अख्तर ने नगर परिषद के अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि नगर परिषद इस मामले में कार्रवाई करती है या फिर हमेशा की तरह जनता की शिकायतों को नजरअंदाज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है।

# 6 वर्षीय ज्येश बने बिहार के कनिष्ठतम फिडे रेटेड अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



शहर के ठाकुरबाड़ी रोड निवासी शेखर कुमार साहा एवं सप्तमिता घोष के छह वर्षीय पुत्र ज्येश शेखर साहा ने शतरंज के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बिहार के सबसे कम उम्र के अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज नियामक संस्था फिडे (FIDE) द्वारा उन्हें 1428 की फिडे रेटिंग प्रदान की गई है। ज्येश वर्तमान में कक्षा एक के विद्यार्थी हैं।

जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव सह अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रशिक्षक कमल कर्मकार ने बताया कि ज्येश ने हाल ही में गुवाहाटी में आयोजित नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अर्जित की। इसके अलावा गुवाहाटी में ही आयोजित डब्ल्यूएमए अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-7 वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया।

इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला शतरंज संघ विशाल राज ने ज्येश को अपने कार्यालय कक्ष में आमंत्रित कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे अभिभावकों का निरंतर सहयोग तथा प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर ज्येश के पिता शेखर कुमार साहा, दादा शंकर प्रसाद साहा, परिजन एवं चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रशिक्षक कमल कर्मकार व सौरभ कुमार उपस्थित थे।

ज्येश की इस उपलब्धि पर संघ के वरीय मुख्य संरक्षक डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, संरक्षक त्रिलोक चंद्र जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती आंची देवी जैन, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों सहित अनेक खेलप्रेमियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. शंभू प्रसाद साहा एवं डॉ. सिद्धार्थ कुमार ने भी इसे पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बताया।

# CMR गिराने में देरी से किसान परेशान, तुलसिया पैक्स अध्यक्ष ने मंत्री लेसी सिंह को सौंपा मांग-पत्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ठाकुरगंज में राइस मिल (CMR) गिराने में लगातार हो रही देरी से किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर तुलसिया पैक्स के प्रतिनिधियों ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह को एक मांग-पत्र सौंपा।

मांग-पत्र में बताया गया कि CMR समय पर जमा नहीं होने के कारण किसानों से धान का उठाव और खरीद प्रभावित हो रही है, जिससे तुलसिया पैक्स से जुड़े सैकड़ों किसानों को वित्तीय एवं अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। देरी के कारण गोदामों की क्षमता भी प्रभावित हो रही है और नए धान की खरीद में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा समय पर भुगतान न मिलने से किसानों में असंतोष बढ़ रहा है।

तुलसिया पैक्स अध्यक्ष ने मंत्री से सीएमआर गिराने की प्रक्रिया में तेजी लाने, संबंधित विभाग को स्पष्ट निर्देश देने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर मंत्री लेसी सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा और विभाग स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और हित को प्राथमिकता दी जाएगी। पैक्स प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि समय रहते उचित कार्रवाई होने से किसानों की मुश्किलें कम होंगी और धान की खरीद-प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहेगी।

# पुनपुन महोत्सव टंडवा का आयोजन 20 और 21 जनवरी को

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में पुनपुन महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर पुनपुन महोत्सव आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामजन्म सिंह ने की।बैठक में पुनपुन महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सरकार द्वारा पुनपुन महोत्सव आयोजन के लिए उपलब्ध कराई गई अल्प राशि पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने बताया कि पिछले वर्ष पुनपुन महोत्सव का आयोजन राजकीय स्तर पर किया गया था, जिसमें पुनपुन महोत्सव आयोजन समिति, जन सहयोग तथा समिति के पदाधिकारियों के व्यक्तिगत आर्थिक सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया था।पुनपुन महोत्सव 2026 का आयोजन 20 जनवरी 2026 एवं 21 जनवरी 2026 को किया जाना है।

बैठक में सीमित संसाधनों के बावजूद महोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से आयोजित करने का संकल्प लिया गया। सभी ने पुनपुन महोत्सव को सांस्कृतिक गरिमा और पारंपरिक स्वरूप के साथ आयोजित करने पर सहमति जताई गई।

# नवीनगर में रेल सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई, 460 लीटर अवैध शराब बरामद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर ( बिहार) नवीनगर प्रखंड के अंकोरहा रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल (रे.सु.बल) ने ऑपरेशन सतर्क अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अंकोरहा स्टेशन के समीप जूट के 18 बोरे में भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। बरामद शराब में 1440 अदद 'टनाका' ब्रांड की देशी शराब और 128 प्लास्टिक बोतल 'छबीली' ब्रांड की देशी शराब शामिल है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 70,560 है रेल सुरक्षा बल की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन सतर्क के तहत आगे भी इस तरह की सघन जांच और कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# किशनगंज में लूट की घटनाओं में ऐतिहासिक गिरावट, 5 वर्षों में 70-75% तक कमी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज ज़िले में पुलिस की प्रभावी रणनीति और सघन कार्रवाई के कारण लूट की घटनाओं में बीते पाँच वर्षों के दौरान उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच लूट की घटनाओं में लगभग 70 से 75 प्रतिशत तक की कमी आई है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2021 में 27, 2022 में 16, 2023 में 10, 2024 में 10 तथा 2025 में अब तक मात्र 7 लूट की घटनाएं दर्ज की गई हैं। वर्ष 2022 से लगातार अपराध के ग्राफ में गिरावट बनी हुई है, जबकि वर्ष 2025 में लूट की घटनाएं अब तक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

पुलिस प्रशासन के अनुसार यह सफलता प्रभावी पुलिसिंग और नियमित पेट्रोलिंग, अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, इंटेलिजेंस आधारित ऑपरेशन तथा जनता के साथ बेहतर समन्वय और विश्वास का परिणाम है।

किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार का कहना है कि भविष्य में भी इसी तरह सख्त निगरानी और जनसहयोग के माध्यम से अपराध पर और अधिक नियंत्रण किया जाएगा।

# ठाकुरगंजझ्रसिलीगुड़ी रेल दोहरीकरण पर समीक्षा बैठक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ठाकुरगंजझ्रसिलीगुड़ी रेल लाईन के दोहरीकरण तथा कुमेदपुरझ्र अलुवाबाड़ी तृतीय/चतुर्थ रेल लाईन परियोजना के फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS) को लेकर शनिवार को समाहरणालय में जिला पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में एन.एफ. रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर जितेन्द्र कुमार ने परियोजना की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशनगंज स्टेशन के समीप न्यू किशनगंज रेलवे स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव है, जहाँ रेल शेड निर्माण की भी योजना है। हालांकि, न्यू किशनगंज स्टेशन के आसपास किसी फ्लाईओवर के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

अधिकारियों के अनुसार रेल लाईन के दोहरीकरण से यात्री और माल परिवहन को बेहतर सुविधा मिलेगी। भविष्य में ठाकुरगंज को प्रमुख रेलवे जंक्शन के रूप में विकसित कर अररिया से जोड़ने की योजना भी है, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में भू-अर्जन एवं विभागीय समन्वय पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पथ व भवन निर्माण विभाग के अभियंता, अंचल अधिकारी तथा रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्णिया में जदयू कार्यकर्ता आभार समारोह और सदस्यता अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कला भवन, पूर्णिया में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकताओं के लिए आभार समारोह और सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमौर विधानसभा प्रभारी कमाल अंजुम सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का नेतृत्व मंत्री श्रीमती लेसी सिंह ने किया। उन्होंने कार्यकताओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी ही पार्टी की मजबूती का आधार है। इस अवसर पर कमाल अंजुम ने मंत्री का हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक कलाधर मंडल, पूर्व विधायक सबा जफर, बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार बादल, जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल, अभिनास कुमार, संगठन प्रभारी सुनील कुमार सभी विधानसभा प्रभारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, कार्यक्रम में कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और सदस्यता अभियान में योगदान को सराहा गया। नेताओं ने कहा कि पार्टी के विकास और जनहित कार्यों को सफल बनाने में कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं ने भी अपनी प्रतिबद्धता जताई कि वे भविष्य में पार्टी की नीतियों और जनहित के कार्यों को पूरी मेहनत से आगे बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और सहयोगात्मक रहा।

# पटना में अपराधियों ने किया गोली मारकर युवक की हत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। यह घटना नीम की भट्टी के पास हुई, जहां बाइक सवार अपराधियों ने युवक को निशाना बनाकर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से घायल युवक की पहचान दादर मंडी निवासी मोहम्मद ओवैस के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद




स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उसका लगातार इलाज कर रही है। गोली शरीर के किस हिस्से में लगी है और नुकसान कितना गंभीर है, इस पर चिकित्सक लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोहम्मद ओवैस नीम की भट्टी के पास मौजूद था। इसी दौरान बाइक पर सवार एक या अधिक अपराधी वहां पहुंचे और अचानक उस पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही ओवैस सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही अपराधी तेजी से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और लोग सहमे नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से अहम सुराग जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके। पुलिस की एक टीम अस्पताल भी पहुंची, जहां घायल युवक के परिजनों से पूछताछ की गई।आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद ओवैस का पूर्व में कुछ लोगों से विवाद रहा है। आशंका जताई जा रही है कि उसी विवाद का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि घटना की असली वजह सामने आ सके। थाना प्रभारी ने बताया कि गोली मारने वाले युवक की पहचान कर ली गई है, लेकिन फिलहाल जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने की तैयारी में है।

# नरारी कला खुर्द में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 55 लीटर अवैध शराब बरामद बाइक जप्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। थाना अंतर्गत सोन दियारा क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पुलिस ने 55 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्की कुमार, पिता सुनील सिंह, ग्राम खैरा, थाना नरारी कला खुर्द, जिला औरंगाबाद के रूप में की गई है।पुलिस ने आरोपी के पास से एक बाइक भी बरामद की है।इस संबंध में नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोन दियारा क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी मोटरसाइकिल से अवैध महुआ चुलाई शराब ले जा रहा था, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# किशनगंजः निमार्णाधीन पुलिस केंद्र का एसपी ने किया निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

03 जनवरी शनिवार को पुलिस अधीक्षक किशनगंज द्वारा जिले में निमार्णाधीन पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की गहन समीक्षा की।



पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने तथा निर्धारित समय के भीतर कार्य पूर्ण करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# न्यू फोर्टिस हॉस्पिटल पर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप, कार्रवाई की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

ठाकुरगंज शहर स्थित न्यू फोर्टिस हॉस्पिटल में गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि हाल ही में एक मरीज के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही के कारण सर्जरी के बाद मरीज के पेट में




कॉटन एवं अन्य चिकित्सकीय सामग्री छोड़ी गई, जिससे मरीज की जान जोखिम में पड़ गई।

इस मामले को लेकर सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) के संस्थापक हसीबुर रहमान ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल चिकित्सा नैतिकता के विरुद्ध है, बल्कि आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आती है और मानव जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उक्त अस्पताल में चिकित्सा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा मरीजों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। साथ ही यह भी आशंका जताई गई है कि उसी भवन में किसी अन्य नाम व नए संचालक के माध्यम से पुनः क्लिनिक या नर्सिंग होम संचालन का प्रयास किया जा रहा है।

फाउंडेशन ने मांग की है कि न्यू फोर्टिस हॉस्पिटल को तत्काल सील किया जाए, दोषी डॉक्टरों व प्रबंधन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो तथा पूरे मामले की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# नबीनगर में सड़क हादसे में मौत के बाद ग्रामीणों का हंगामा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी रौशन कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने त्रिवेणी कंपनी के खिलाफ सुरक्षा मानकों में लापरवाही







का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह और अंचलाधिकारी निकहत परवीन ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ अरुण सिंह ने ग्रामीणों से आवेदन मांगा और उच्चाधिकारी तक प्रतिवेदित करने की बात कही।ग्रामीणों का आरोप है कि त्रिवेणी कंपनी ने बिना सुरक्षा घेरा के पुल निर्माण कार्य करा रही है, जिससे यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो माह से करीब 30 फिट गढा खोद कर छोड़ दिया गया है, वहां ना कोई रोशनी की व्यवस्था है और ना ही कोई ठोस घेराबंदी कराया है।इस घटना की जानकारी होने पर कुटुंबा क्षेत्र के विधायक ललन भुईयां,पूर्व विधायक और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने मृतक के परिजन से मिलकर सांत्वना दिया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि बीते बुधवार की रात्रि को अपने गांव से नबीनगर स्थित आवास लौटने के क्रम मे बिना सुरक्षा मानक के त्रिवेणी कंपनी द्वारा पुल निर्माण कार्य के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में गिरने के कारण रौशन कुमार सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी।

# पटना में नशे की लत ने लूटा परिवार

## बड़े बेटे ने लगाई फांसी, लाश से लिपटकर मां की हार्ट अटैक से मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के दमरिया इलाके में शुक्रवार की देर रात नशे की लत से उपजे पारिवारिक तनाव ने एक ही घर से मां और बेटे की जिंदगी छीन ली। बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि उसे फंदे से झूलता देख उसकी मां ने वहीं रोते-बिलखते हार्ट अटैक से दम तोड़ दिया।स्थानीय लोगों के अनुसार दमरिया निवासी छोटू मियां पटना के एक होटल में कुक का काम करते हैं। उनका छोटा बेटा लंबे समय से नशे का आदी था और ड्रग्स, चरस समेत अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करता था। इसको लेकर घर में आए दिन तनाव और कलह का माहौल बना रहता था। परिवार का बड़ा बेटा मोहम्मद वाजिद छोटे भाई की इस आदत और घर की बिगड़ती स्थिति को लेकर गहरे तनाव में रहता था।

बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात इसी मानसिक दबाव में आकर मोहम्मद वाजिद ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उसकी मां ने बेटे को फंदे से झूलता देखा तो वह बदहवास हो गई। वह बेटे के शव से लिपटकर रोने लगी और उसी दौरान उसे तेज हार्ट अटैक आ गया। बेटे के पैरों के पास ही मां ने दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में कोहराम मच गया। अफरा-तफरी के माहौल में स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में मां और बेटे दोनों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जब छोटू मियां अस्पताल पहुंचे तो मां-बेटे की मौत की खबर सुनकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे दमरिया मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। लोग नशे की लत को इस दर्दनाक हादसे की बड़ी वजह बता रहे हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।